WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

# नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2| छत्तीसगढ़ 4| अभिव्यक्ति 8| छत्तीसगढ़ 11| देश विदेश

बिलासपुर, मंगलवार, 18 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 210 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

**ला**लटेन वाले बाबा लालू का परिवार बिखराव की कगार पर पहुंच गया है। जिस बेटी रोहिणी आचार्य ने लालू को अपनी किडनी दी थी उन्हें अपमानित कर दूध में पड़ी मक्खी की तरह निकाल बाहर कर दिया गया। इसके पहले उनकी बड़ी बहू एश्वर्या को भी बेइज्जत कर घर से निकाला गया था। फिर बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को भी बेदखल किया गया था। जो तेजस्वी यादव बिहार से पलायन रोकने का दम भर रहे थे वे अपने घर के सदस्यों को ही पलायन पर बाध्य कर रहे हैं। लगता है कि बुझी लालटेन अब टूटकर रहेगी।

# हड़ताली कर्मचारियों पर प्रशासन सख्त, प्रभारी प्रबंधक समेत 13 बर्खास्त

**रायपुर**/नवप्रदेश। सहकारी समिति के हड़ताली कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। धान खरीदी कार्य से मना करने वाले कर्मचारियों पर अति आवश्यक सेवा अनुरक्षण (एस्मा) कानून के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार प्रभारी प्रबंधक साहित 13 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, सिमगा समिति प्रबंधक मंजुला शर्मा, खोखली समिति प्रबंधक राकेश कुमार टंडन, धुर्रा बांधा समिति प्रबंधक मूलचंद वर्मा, रोहांसी समिति प्रबंधक धर्मेन्द्र साहू, समिति प्रबंधक तिल्दा रामकुमार साहू को बर्खास्त किया गया है। इसी तरह कसडोल विकासखंड

के गिरौद समिति के विक्रेता नन्द कुमार पटेल, हसुआ के विक्रेता गोकुल प्रसाद साहू, थरगांव के विक्रेता ललित साहू, कटगी के विक्रेता रामस्वरूप यादव, चिखली के विक्रेता खेलसिंग कैवत्र्य कोसमसरा के विक्रेता अमित साहू, सरखोर के विक्रेता भीम साहू, लवन के विक्रेता रविकमल को बर्खास्त किया गया है।

### 3 के खिलाफ एफआईआर की तैयारी

विकासखंड पलारी अंतर्गत समिति कोनारी के प्रभारी प्रबंधक राजेंद्र चंद्राकर, समिति रोहरा के कम्प्यूटर ऑपरेटर बीरेंद्र साहू और समिति रिसदा के विक्रेता टीका राम वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने शाखा प्रबंधक को पत्र जारी किया गया है।

## नीतीश सरकार ने की 17 वीं विस भंग करने की सिफारिश

**पटना (वार्ता)**। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से सोमवार को मुलाकात कर 17 वीं विधानसभा भंग करने की सिफारिश की। नीतीश कुमार की अध्यक्षता में पूर्वाह्न मंत्रिमंडल की हुई बैठक में 17 वीं विधानसभा को भंग करने की सिफारिश से संबंधित प्रस्ताव पारित किया गया। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को पांच साल के कार्यकाल में सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। बाद में नीतीश कुमार ने राज्यपाल से मिलकर बिहार विधानसभा भंग करने की मंत्रिमंडल से संबंधित पत्र उन्हें सौंपा। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के दो दिन बाद, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने रविवार को पटना में राजभवन में श्री खान को राज्य विधानसभा के 243 नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपी थी। इसकी अधिसूचना भी जारी हो गयी

## बिहार चुनाव परिणाम के खिलाफ कोर्ट जाएगा राजद !

**पटना (वार्ता)**। बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार और रोहिणी आचार्य के विरोध के बाद तेजस्वी यादव राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं के साथ बैठक की। तेजस्वी यादव को विधायकों ने सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुन लिया। बिहार विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त मिलने के बाद आज पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेताओं के साथ समीक्षा बैठक की। पटना के एक पोलो रोड स्थित तेजस्वी आवास पर या बैठक हुई है। करीब चार घंटे तक बैठक चली। राजद नेताओं के साथ तेजस्वी ने बिहार विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा की। इसके बाद तेजस्वी को विधायक दल का नेता चुन गया। राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि तेजस्वी को विधानमंडल दल का नेता चुना गया है। वह विधानसभा में पार्टी के नेता होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस चुनाव में इन मशीनों) का दुरुपयोग किया गया। जनता के साथ गलत किया गया। बैठक में विधायक आलोक मेहता ने कहा कि चुनाव में गड़बड़ी हुई है। इसीलिए ऐसा चौंकाने वाला परिणाम आया है। राजद के महज 25 प्रत्याशी ही विधानसभा चुनाव जीत पाए।

## सीएम ममता ने फिर लिखा पीएम मोदी को पत्र

**कोलकाता वार्ता)**। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने केंद्र सरकार से यह अनुरोध दोहराया कि दार्जिलिंग हिल्स के गोरखा समुदाय से जुड़े मुद्दों पर वार्ता के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को नियुक्त करने का आदेश वापस लिया जाए। अपने दो पन्नों के पत्र में बनर्जी ने कहा कि यह कदम संविधान के प्रावधानों और गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) अधिनियम , 2011 के तहत राज्य के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 18 अक्तूबर को अपना पहला पत्र लिखा। इसमें उन्होंने लिखा था कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने उनकी चिंताओं को स्वीकार किया था।

# बस-टैंकर की भीषण टक्कर, उमराह के लिए गए 45 भारतीयों की मौत

### ओवैसी ने की विदेश मंत्री से मारे गए लोगों के शवों को भारत लाने में मदद की अपील

**जेदहा(वार्ता)**। सऊदी अरब में हुए एक भीषण सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई है। मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी थे। यह हादसा उस समय हुआ, जब उमराह के लिए गए लोगों को लेकर जा रही बस एक तेल के टैंकर से टकरा गई। सऊदी अरब के मीडिया की रिपोट्र्स के अनुसार, हादसा मदीना के नजदीक हुआ और हादसे में मरने वाले भारतीय उमराह यात्री हैं। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त ने इसकी पुष्टि की है। पीएम मोदी, एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से हादसे में मारे गए लोगों के शवों को वापस भारत लाने में मदद की अपील की है।

### डीजल टैंकर से टकराई बस

गल्फ न्यूज की रिपोट्र्स के अनुसार, उमराह गए लोगों को लेकर बस मक्का से मदीना जा रही थी, जब वह रास्ते में डीजल टैंकर से टकरा गई। हादसा स्थानीय समय अनुसार, सुबह करीब 1.30 बजे मुहरास या मुफरिआत इलाके में हुआ, जो मदीना के करीब है। हादसे के समय कई यात्री सो रहे थे। टक्कर लगते ही बस आग की लपटों में घिर गई और लोगों को ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

### ट्रैवल एजेंसियों और दूतावास से मांगी जानकारी

हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी सऊदी अरब में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया। ओवैसी ने कहा कि उन्होंने हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क किया है और उनसे सऊदी अरब गए हैदराबाद के लोगों की जानकारी मांगी है। साथ ही रियाद दूतावास से भी संपर्क किया है। ओवैसी ने कहा कि उन्होंने रियाद में स्थित भारतीय दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन अबु मैथ्यू जॉर्ज से भी बातचीत की है, जिन्होंने बताया कि वे हादसे से जुड़ी जानकारी जुटा रहे हैं और जल्द ही उन्हें इस बारे में अपडेट करेंगे।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने किया ट्वीट

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मदीना में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया और सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि हमारा रियाद स्थित दूतावास और जेद्दाह में मौजूद महावाणिज्य दूतावास हादसे से प्रभावित लोगों की मदद कर रहा है। विदेश मंत्री ने हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी सऊदी अरब हादसे पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम दूतावास अधिकारियों के संपर्क में हैं और पीडितों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है और हरसंभव मदद की कोशिश की जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने पीडित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सऊदी अरब हादसे पर दुख जताया। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि 'मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुए हादसे से बेहद दुखी हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं हादसे में घायल लोगों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। रियाद स्थित हमारा दूतावास और जेद्दाह का महावाणिज्य दूतावास हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं। हमारे अधिकारी भी सऊदी अरब सरकार के अधिकारियों के संपर्क में हैं।

### स्टालिन ने भारतीयों की मौत पर जताया शोक

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को सऊदी अरब के मदीना के पास हुए बस हादसे पर दुख व्यक्त किया। इस हादसे में उमराह करने जा रहे 42 भारतीय तीर्थयात्रियों के मारे जाने की रिपोर्ट है।

# बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री को सुनाई मौत की सजा

**दिल्ली (वार्ता)** । बंगलादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सज़ा सुनायी है। आईसीटी-बीडी ने पिछले साल सरकार के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान घातक कार्रवाई के लिये हसीना को मौत की सजा सुनायी है। न्यायाधिकरण ने उनके अलावा पूर्व गृह मंत्री असदोज्जमां खान कमाल को भी मौत की सजा सुनायी है।इन दोनों को 'मानवता के विरुद्ध विभिन्न अपराधों 'के लिए दोषी ठहराया गया था। हसीना इस समय में भारत में हैं और उनकी ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

### पक्षपातपूर्ण और राजनीति से प्रेरित: शेख हसीना

**नई दिल्ली(वार्ता)**। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में दोषी करार देते हुए विशेष न्यायाधिकरण ने फांसी की सजा सुनाई है। अब इस मामले में शेख हसीना की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। शेख हसीना ने न्यायाधिकरण के फैसले को पक्षपाती और राजनीति से प्ररित बताया है। बता दें कि उन्हें सोमवार को ही दोषी पाया गया और मौत की सजा सुनाई गई है।

### सजा पर शेख हसीना की पहली प्रतिक्रिया

न्यायाधिकरण के फैसले को लेकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मेरे खिलाफ सुनाए गए फैसले एक धांधली वाले न्यायाधिकरण द्वारा दिए गए हैं, जिसकी स्थापना और अध्यक्षता एक अनिर्वाचित सरकार द्वारा की गई है, जिसके पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है। वे पक्षपातपूर्ण और राजनीति से प्रेरित हैं। शेख हसीना ने कहा कि आईसीटी में कुछ भी अंतरराष्ट्रीय नहीं है; ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

# लड़कियों ने मंदिर से चुराई दानपेटी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

**बिलासपुर/नवप्रदेश**। बिलासपुर के अशोक नगर स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में दानपेटी चोरी का मामला सामने आया है। मंदिर परिसर में रखी दानपेटी चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना सामने आने के बाद मंदिर प्रबंधन में हड़कंप मच गया और इसकी जानकारी तुरंत संबंधित लोगों को दी गई। सीसीटीवी फुटेज की जांच में पता चला कि अशोक नगर स्थित अटल आवास में रहने वाली तीन नाबालिग लड़कियां इस चोरी की घटना में शामिल थीं। फुटेज में देखा गया कि किस तरह तीनों लड़कियां दानपेटी के पास पहुंचीं और उसे उठाकर वहां से लेकर भाग गईं।

मंदिर समिति ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू की और पूरी जानकारी सरकंडा

थाने को दी। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि दानपेटी चोरी करने के बाद इन नाबालिगों ने उसे गणपति हॉस्पिटल के पीछे स्थित खेत में गड्ढा खोदकर छिपा दिया था।

बताया गया कि पुलिस और परिजनों की मौजूदगी में तीनों नाबालिगों से पूछताछ की गई। समाज व परिवार के सामने अपनी गलती महसूस करते हुए युवतियों के परिजनों ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। परिजनों ने भरोसा दिलाया ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

## बारिश के कारण अन्नाद्रमुक ने टाला विरोध प्रदर्शन

**चेन्नइ (वार्ता)**। तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार के रूख के विरोध में चेन्नई में प्रस्तावित प्रदर्शन को खराब मौसम के कारण आगामी 20 नवंबर तक के लिए टाल दिया है। चेन्नई, 17 नवंबर (वार्ता) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास (आईआईटी-एम) ने भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) के साथ साझेदारी में सोमवार को देश की पहली 'एकल-कोशिका ओमिक्स ट्रांसलेशनल ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

## प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन का मोदी करेंगे उद्घाटन

**चेन्नई (वार्ता)**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 नवंबर को कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन-2025 का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, सुरक्षित खाद्य उत्पादन सुनिश्चित करना तथा किसानों की आजीविका में सुधार लाना है। इस तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन का विषय है भविष्य के लिए खेती, परंपरा में निहित है जिसका आयोजन कपड़ा नगरी के विशाल कोडिशिया व्यापार मेला परिसर में होगा।

मोदी ने अपने संदेश में कहा कि हमारे भविष्य का समाधान अपनी जड़ों की ओर लौटने में निहित है। उन्होंने कहा कि प्रकृति दोहन करने वाला कोई संसाधन

नहीं, बल्कि सम्मान योग्य भागीदार है। सूत्रों के अनुसार दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का आयोजन स्थायी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने, सुरक्षित खाद्य उत्पादन सुनिश्चित करने, पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को पुनर्जीवित करने तथा किसानों की आजीविका में सुधार लाने के लिए किया जा रहा है।

भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति और परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) जैसी राष्ट्रीय पहलों से प्रेरित यह शिखर सम्मेलन एक मंच के अंतर्गत शोध, नीति, किसान अनुभव और उपभोक्ता आवश्यकताओं को समाहित करता है। इस शिखर सम्मेलन में 30,000 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने का अनुमान है, जिसमें किसान, कृषि उद्यमी, नीति निर्माता, प्राकृतिक कृषि समर्थक, स्टार्ट-अप, शिक्षाविद, उपभोक्ता समूह और युवा नेता शामिल होंगे। इसका उद्देश्य प्राकृतिक खेती एवं पारंपरिक खाद्य प्रणालियों को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना; किसान-उत्पादक संगठनों एवं ग्रामीण उद्यमियों के लिए बाजार संपर्क बनाना, जैविक आदानों, कृषि प्रसंस्करण, ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

## गरमा-गरम

भारत -साउथ अफ्रीका दूसरा वन डे | कैसे और कब से ले सकेंगे टिकट, स्टूडेंट्स को सिर्फ आठ सौ में मिलेंगे टिकट

# भारत-दक्षिण अफ्रीका के वनडे मैच 3 दिसंबर को, टिकटों की दर जारी

**रायपुर/नवप्रदेश**। प्रदेश के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे वन डे मैच को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने प्रेसवार्ता कर मुकाबले से संबंधित जानकारी दी। मुकाबला 3 दिसंबर को होगा इसके लिए टिकटों की बिक्री 22 नवंबर से ऑनलाइन शुरू होगी। इस बार छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने दर्शकों को राहत देते हुए टिकट दरों में कमी की है। स्टूडेंट्स के लिए टिकट की कीमत 800 रुपए रखी गई है जबकि पिछली बार स्टूडेंट के लिए टिकट 1000 रुपए रखी गई थी। इस बार स्टूडेंट अपनी आईडी दिखाकर एक टिकट खरीद सकता है। अन्य दर्शकों के

### टिकट की कीमत

स्टैंड्स की टिकट- 1500, 2500, 3000, 3500,
सिल्वर- 6000 रूपए
गोल्ड- 8000 रूपए
प्लैटिनम- 10000 रूपए
कॉर्पोरेट बॉक्स- 20000 रूपए
ऑनलाईन 22 और ऑफलाईन 24 नवंबर से मिलेगी टिकट

लिए लोवर और अपर सीट के टिकट 1500 से 3500 के बीच शुरू होंगे, जबकि पवेलियन और कॉर्पोरेट बॉक्स के टिकट 20 हजार रुपए तक जा सकते हैं।

22 नवंबर से **www.ticketgini.in** पर टिकट मिलना शुरू हो जायेगा। वहीं फिजिकल टिकट 24 नवंबर से रायपुर के इंडोर स्टेडियम में मिलेगी। केवल इंडोर स्टेडियम, बुद्धा पाड़ा में उपलब्ध। सीमित टिकट ही उपलब्ध हैं। प्रत्येक छात्र अपने वैध छात्र पहचान पत्र की एक फोटोकॉपी प्रस्तुत करके केवल एक टिकट प्राप्त कर सकता है। वहीं 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा दिव्यांग बच्चों को निः शुल्क मैच दिखाया जाएगा और उनके आने जाने के लिए बस की भी सुविधा दी जाएगी।

### यातायात और पार्किंग व्यवस्था

यातायात विभाग के समन्वय से, स्टेडियम के चारों ओर कई पार्किंग क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें पार्किंग ए, बी, सी, डी, ई, एफ, जी और एच नाम दिया गया है। सीएससीएस, पुलिस और यातायात विभाग के साथ निकट समन्वय में, मैचों में भाग लेने वाले सभी प्रशंसकों के लिए एक सुचारू और निर्बाध अनुभव सुनिश्चित करेगा।

### छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने आभार जताया

शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय नवा रायपुर को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को सौपें जाने के सरकार के निर्णय हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह तथा बलदेव सिंह भाटीया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री तथा खेल मंत्री अरुण साव, उपमुख्य विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सचिव यशवंत सिंह तथा संचालक तनुजा सलाम का विशेष रूप से आभार तथा धन्यवाद प्रकट किया। साथ ही विजय शाह ने इस संबंध में मीडिया के निरंतर सहयोग हेतु आभार प्रकट किया।

## कोरबा के पैरावट में भीषण आग, निजी मारुति वाशरी की टीम ने बुझाई आग

**कोरबा (वार्ता)**। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में हरदी बाजार थाना क्षेत्र के भाटापारा स्थित रेकी चौक में रविवार देर शाम करण अहीर के पैरावट में अचानक भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पैरावट मालिक को सूचना दी और करण अहीर ने तत्काल हरदी बाजार पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस द्वारा एसईसीएल दीपका और गेवरा दमकल विभाग को सूचना भेजी गई, लेकिन करीब एक घंटे के इंतजार के बाद भी अग्निशमन की कोई भी गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। क्षेत्रीय ग्रामीणों में नाराज़गी और अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। इस बीच पैरावट धू-धू कर जलता रहा और आसपास के मकानों में रहने वाले परिवार दहशत में घरों से बाहर निकल आए, क्योंकि आग कभी भी आवासीय क्षेत्र तक फैल सकती थी। स्थिति गंभीर होती देख आखिरकार बांधाखार ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

# देश का सबसे बड़ा शिवलिंग, हर साल बढ़ता है इसका आकार, 3 से बढ़कर हुआ 25 फीट




**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में घने जंगलों के बीच स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान शिवलिंग का आकार हर साल बढ़ जाता है. अचंभित करने वाले देश के सबसे बड़े शिवलिंग की महिमा से सभी हैरान है. मंदिर में स्थापित पूरी तरह से प्राकृतिक शिवलिंग का आकार हर साल बढ़ता है।

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में घने जंगलों के बीच स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान शिवलिंग का आकार हर साल बढ़ जाता है. अचंभित करने वाले देश के सबसे बड़े शिवलिंग की महिमा से सभी हैरान है. मंदिर में स्थापित पूरी तरह से प्राकृतिक शिवलिंग का आकार हर साल बढ़ता है।

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से 3 किलोमीटर दूर मरौदा गांव में स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान देश के सबसे बड़े शिवलिंग का आकार हर साल थोड़ा बढ़ जाता है. मौजूदा समय में शिवलिंग की लंबाई लगभग 25 फीट और चौड़ाई 20 फीट है, जो कभी 3 फीट हुई करती थी।

### प्राकृतिक चमत्कार का प्रतीक है गरियाबंद भूतेश्वर मंदिर

एक चट्टान पर गायों द्वारा दूध छोड़ने की खबर जैसे गांव के बुजुर्गों तक पहुंची और उस जगह पर खुदाई की गई. खुदाई के दौरान से एक विशाल शिवलिंग पाया गया. तब से इस स्थान को भूतेश्वर (भूतों के ईश्वर) के नाम से जाना जाने लगा है. घने जंगल और शांत पहाड़ियों के बीच स्थित भूतेश्वर मंदिर प्राकृतिक चमत्कार का भी प्रतीक है.

सावन, महाशिवरात्रि और सोमवती अमावस्या जैसे पावन अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गरियाबंद स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं. मान्यता है कि रात में भी यहां से घंटियों की आवाज और 'ऊं नमः शिवाय' के मंत्र सुनाई देते हैं।

### 3 फीट से बढ़कर लगभग 25 फीट का हो चुका है शिवलिंग

गौरतलब है भारत में देवाधिदेव महादेव के हजारों मंदिर हैं, जो आध्यात्मिक मान्यता और चमत्कारों के लिए विख्यात हैं, लेकिन भूतेश्वर मंदिर में स्थित शिवलिंग बहुत खास है, जो खुद प्रकट हुआ है और हर साल इसका आकार बढ़ रहा है. बताते हैं कि. जब यह शिवलिंग खोजा गया था, तब महज 3 फीट का था, लेकिन अब यह लगभग 25 फीट का हो चुका है।

### शिवलिंग के बढ़ते आकार के पीछे है रहस्यमयी कहानी

गौरतलब है गरियाबद के घने जंगल में स्थित भूतेश्वर मंदिर में स्थित विशाल शिवलिंग की खासियत सिर्फशिवलिंग के आकार में ही नहीं, बल्कि इसके पीछे की रहस्यमयी कहानियों में भी है. लोक कथाओं के अनुसार, गांव के कुछ चरवाहे जंगल में मवेशी चराने गए थे. उन्होंने देखा कि एक चट्टान पर गायें अपने आप दूध छोड़ देती हैं।

# 200 नग नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

**सूरजपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध नशीली दवाएं बरामद की हैं. प्रतापपुर थाना क्षेत्र के चंदेली गांव में एक घर से 200 नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए, जिनकी कीमत लगभग 1 लाख रुपये है।

सूरजपुर जिले में नशे के फैलते जाल पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है. इसी क्रम में सोमवार को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता, सरगुजा ने एक बड़ी सफ्लता हासिल की. टीम ने चंद्रेली निवासी रामबरत रवि को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन बरामद किए हैं।

उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि आरोपी अपने घर में अवैध तरीके से नशीला इंजेक्शन संग्रह कर उसकी बिक्री करता है. सूचना की

पुष्टि होने के बाद सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम तुरंत आरोपी के घर पहुंची. जैसे ही टीम घर के पास पहुंची, आरोपी एक झोला लेकर भागने की कोशिश करने लगा।

### तलाशी में मिले इंजेक्शन

टीम के सदस्यों ने तुरंत पीछा कर उसे पकड़ लिया उसके कब्जे से मिले झोले की तलाशी लेने पर उसमें 100 REXOGESIC Injection और 100 AVIL Injection पाए गए. दोनों ही इंजेक्शन नशीले पदार्थों की श्रेणी में आते हैं और इनका अवैध कारोबार एनडीपीएस कानून के दायरे में दंडनीय अपराध है।

आरोपी रामबरत रवि को मौके से गिरफ्तार कर लिया. इसके बाद उसे प्रतापपुर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने का आदेश दिया।

आबकारी अधिकारियों का कहना है कि नशे का कारोबार युवाओं को लगातार प्रभावित कर रहा था, जिसे रोकना बेहद जरूरी था. टीम लगातार विभिन्न इलाकों में निगरानी रख रही है और सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जा रही है. विभाग का उद्देश्य नशे की हर छोटी-बड़ी कड़ी को तोड़ना और इस अवैध व्यापार में शामिल लोगों को कानून के दायरे में लाना है।

### कई महीनों से कार्रवाई कर रहा विभाग

सरगुजा संभागीय आबकारी उड़नदस्ता पिछले कई महीनों से नशीले पदार्थों और इंजेक्शन के अवैध कारोबार पर लगातार बड़ी कार्रवाइयां कर रहा है. इस कार्रवाई इस अभियान की 26वीं बड़ी सफ्लता मानी जा रही है. लगातार हो रही छापेमार कार्रवाई से पूरे सरगुजा संभाग में नशे के सौदागरों में हड़कंप मचा हुआ है।

## शैक्षिक सिस्टम में भूचाल

# सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी के चलते चार संकुल समन्वयक तत्काल पदमुक्त

### कलेक्टर की कड़ी चेतावनी से प्रशासन में हड़कंप

**छुरा /नवप्रदेश।** जिले के शिक्षा विभाग में सोमवार का दिन भारी उथल-पुथल भरा साबित हुआ। प्रशासन ने अभूतपूर्व सख्ती दिखाते हुए एक साथ चार संकुल समन्वयकों को तत्काल प्रभाव से उनके पद से मुक्त कर दिया। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर की गई अनुचित टिप्पणियों की शिकायत के बाद हुई, जिसने पूरा विभाग हिलाकर रख दिया है।

सोशल मीडिया आज संवाद का सबसे बड़ा माध्यम है, लेकिन शासकीय कर्मचारियों के लिए यह दोधारी तलवार बन चुका है। गरियाबंद जिले में यह पहली बार है जब शिक्षा विभाग ने इतनी बड़ी संख्या में समन्वयकों को एक ही दिन में बाहर का रास्ता दिखा दिया हो।

### घटना की शुरुआत : शैक्षिक ग्रुप में प्रशासन विरोधी टिप्पणियाँ

सूत्रों के अनुसार, एक शैक्षिक व्हाट्सएप ग्रुप में इन चारों संकुल समन्वयकों ने प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफअमर्यादित, अनुचित और असंगत स्वर वाले कमेंट किए थे।

जैसे ही जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला के पास शिकायत पहुँची, उन्होंने तुरंत एक जांच टीम गठित कर मामले की तहकीकात शुरू करवाई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि–टिप्पणियाँ अनुशासनहीन,शासकीय सेवा आचरण नियमों के विरुद्ध, और प्रशासन की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाली थीं। इसके बाद किसी भी प्रकार की देरी किए बिना चारों संकुल समन्वयकों सहित ग्रुप एडमिन को भी पदमुक्त कर दिया गया। इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि शासकीय कर्मचारियों के लिए सोशल मीडिया पर किया गया हर शब्द आधिकारिक रिकॉर्ड जितना ही महत्वपूर्ण है।

### कलेक्टर की कड़ी चेतावनी : अनुशासनहीनता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं

जैसे ही इस पूरी घटना की जानकारी गरियाबंद कलेक्टर तक पहुँची, उन्होंने विभाग को एक बेहद कड़ा संदेश जारी किया।

कलेक्टर ने कहा – शासन एवं प्रशासन के खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत या भ्रामक टिप्पणी करने वाले किसी भी कर्मचारी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

सभी कर्मचारी अनुशासन में रहकर समय पर कार्य करें, यह अनिवार्य है।

कलेक्टर की यह टिप्पणी केवल चेतावनी नहीं, बल्कि एक सीधा प्रशासनिक आदेश माना जा रहा है।

जिले के विभिन्न विभागों में इस वक्त चर्चा का सिर्फ एक ही विषय है।

सोशल मीडिया पर सावधान रहें अब गलती की कोई गुंजाइश नहीं!

कलेक्टर का यह बयान पूरे शिक्षा तंत्र के लिए एक मजबूत संदेश है कि सरकारी कर्मचारियों की डिजिटल गतिविधियों पर अब बारीकी से निगरानी रहेगी।

# डांडेसरा में 65 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन

■ **विधायक संगीता सिन्हा रही मुख्य अतिथि**

**डांडेसरा/नवप्रदेश।** ग्राम पंचायत डांडेसरा में आज लगभग 65 लाख रुपये की लागत से किए जा रहे एवं पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का भव्य भूमि पूजन और लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ हुई।

समारोह की मुख्य अतिथि संजारीङ्कबालोद विधानसभा की लोकप्रिय विधायक श्रीमती संगीता

सिन्हा रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष श्री चंद्रेश हिरवानी ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित– तामेश्वर साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर, केदारनाथ देवांगन, पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद, दुर्गूराम सिन्हा, उपाध्यक्ष ब्लॉक कमेटी गुरूर, धनुषराम साहू, संयुक्त सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर, दीनाराम चेलक, अध्यक्ष एस.सी. सेल जिला बालोद, उमेश कुमार साहू, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर, विवेकानंद साहू, सेक्टर अध्यक्ष डांडेसरा, भोजेंद्र साहू, बूथ अध्यक्ष, बाबूलाल साहू रहे। ग्राम पंचायत डांडेसरा के सरपंच श्री टोमन साहू ने सभी आगंतुकों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।

मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा एवं अन्य अतिथियों द्वारा व्यावसायिक परिसर व टीना शेड सीमेंटीकरण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया।

# भारी मात्रा में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय शराब का जखीरा पकड़ाया

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** आबकारी विभाग ने जी.ई. रोड स्थित गुलमोहर कॉलोनी स्पर्श हॉस्पिटल के पास एक घर में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। कार्रवाई के दौरान घर से महाराष्ट्र निर्मित शराब के कई ब्रांड बरामद किए गए। विभाग ने मौके पर ही घर को सील कर दिया है। यह पूरी कार्रवाई आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में की गई। टीम में कुसुमलता झोले , अनिल कुमार सिंह (सब इंस्पेक्टर), दीपक गुप्ता (मुख्य आरक्षक), ओमप्रकाश सिंह (आरक्षक) और आर्यन ठाकुर (आरक्षक) शामिल थे। अधिकारियों के अनुसार, राजनांदगांव में पहली बार इतनी भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांड और अन्य राज्यों की शराब एक जगह से बरामद की गई है। आरोपी का नाम जितेंद्र साहू बताया जा रहा है।

# द बेल वुड होटल एवं रेस्टोरेंट बिना परमिशन के चल रहा : अधिकारी चुप

**टेड़ेसरा/नवप्रदेश।** राजनांदगांव जिले से लगभग 13 किलोमीटर दूरी पर स्थित बस स्टैंड के समीप ही जी. ई .रोड़ से लगे द बेल वुड होटल एवं रेस्टोरेंट पंचायत की बिना एनओसी के होटल संचालक के द्वारा बिना कोई रोक-टोक संचालित किया जा रहा है। जिससे गांव का माहौल भी खराब होते नजर आ रहा है। साथ ही साथ यह सब दिखावे के लिए तो होटल है। असल में यह एक लाज की तरह उसे किया जा रहा है। जहां बिना

कोई रोक-टोक के आसानी से बाहरी व्यक्तियों का आना-जाना एवं अनैतिक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। जिसमें स्थानीय जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा भी कोई रोक-टोक नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से होटल संचालक के हौसले बुलंद नजर दिखाई दे रहा है।

# पुरानी बात को लेकर दीनदयाल कॉलोनी के पास हुआ था वाद विवाद

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** पुरानी बात को लेकर हुए विवाद में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना 15 नवंबर को यह अपने दोस्तो के साथ दीनदयाल कॉलोनी शिवम मार्ट के सामने खडा था। तभी रात्रि करीबन 09:30 बजे तभी हर्ष मसीह देव ठाकुर, भविष्य मसीह और पुरानी बात को लेकर इसे मां बहन की अश्लील गाली गलौज कर जान से खतम करने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का तथा चाकूनुमा जैसे नुकिली धारदार वस्तु से चोट पहुँचाकर जान से मारने की धमकी देते हुए इसके मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सी.जी./08/बी.सी./2893 को क्षतिग्रस्त कर दिया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 544/25 धारा 296,115(2),118(1),351(2),324(4),3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा (भा0पु0से0) के मार्गदर्शन पर अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा0पु0से0) व पुष्पेंद्र नायक के दिशा निर्देश पर आरोपीगणो की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देश प्राप्त हुआ।

## भागवत कथा

# सांकरा जोंक में कृष्ण जन्म की कथा सुनकर लोगों का छलका उत्साह

**पिथोरा/नवप्रदेश।** श्रीमद् भागवत कथा के प्रताप से मनुष्य के ताप और संताप दोनों मिट जाते है। भागवत कथा समस्त वेद पुराणों और उपनिषदों का सार है। जिसका श्रवण कर हम अपना ईहलोक और परलोक दोनों सुधार सकते है। उपरोक्त बातें अयोध्या धाम से पधारी साध्वी राधिका किशोरी ने सांकरा (जोंक) में चौधरी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चतुर्थ दिवस की कथा में कही उन्होंने ध्रुव, प्रहलाद की कथा को विस्तार देते हुए कहा की - भक्त यदि भगवान को साध ले तो भगवान भक्त के अधीन हो जाते है। प्रहलाद और ध्रुव इसके सशक्त उदाहरण है उन्होंने गज और गाह की कथा का उदाहरण देते हुए कहा कि संगी साथी और रिश्तेदार तमाम तरह के भौतिक रिश्ते सुख

के साथी होते है। संकट के समय में व्यक्ति का सहारा केवल ईश्वर का साथ होता है। संकटग्रस्त गज जब अकेला पड़ गया तो उसने भगवान को पुकारा भगवान को तो गज ने पुकारा लेकिन उन्होंने गाह का उद्धार किया श्रीकृष्ण जन्म की कथा विस्तार से बताते हुए साध्वी ने कहा कि पृथ्वी पर जब आसुरी शक्तियां विस्फोटक स्वरूप धारण कर लेती है लोगों में त्राहि - त्राहि मच जाती है। धरती माता के लिए उनका भार असहनीय हो जाता है तब किसी न किसी रूप में भगवान का अवतार अवश्यम्भावी हो जाता है। भगवान के चरण जब ब्रम्हलोक में पड़े तो ब्रम्हा जी ने उनके चरण का पूजन किया तब उनके कमंडल से तीन धाराएं निकली जो आकाशगंगा, पातालगंगा और भागीरथीगंगा नाम से प्रसिद्ध हुई कृष्ण जन्म की कथा में भक्तों का सैलाब उमड़ा था। कथा पंडाल खचाखच भरा हुआ था

पंडाल के बाहर गाड़ियों का रेलमपेल था कथा स्थल मेला स्थल सा लग रहा था नन्द के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों पर जब साध्वी राधिका किशोरी ने तान छेड़ी तो भक्तों का विशाल समूह झूमने लगा कथा पंडाल में हजारों लोगों का उत्साह छलक रहा था कृष्ण जन्म के उत्साह में आकर्षक आतिशबाजी की गई और विहंगम झाकियों का प्रदर्शन किया गया कथा का आयोजन सांकरा जोंक के प्रतिष्ठित चौधरी परिवार की ओर से किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण कर रहे है। प्रतिदिन भोग- भंडारा का आयोजन भी किया जा रहा है। कथा का विराम 19 नवंबर को होना है।

# जीजीयू में छात्र की संदिग्ध मौत पर हंगामा, यूनिवर्सिटी गेट पर चढ़े प्रदर्शनकारी

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जोरदार धक्का-मुक्की और झड़प हुई

*बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सोमवार दोपहर एनएसयूआई कार्यकर्ता और कांग्रेस से जुड़े नेता छात्र अर्सलान अंसारी की संदिग्ध मौत और कैंपस में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ सड़क पर उतर आए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गेट पर रोक दिया, लेकिन स्टूडेंट्स गेट पर चढ़ गए। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जोरदार धक्का-मुक्की और झड़प हुई।*

छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए सुबह से ही जीजी के मुख्य द्वार पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर जवान तैनात कर दिए थे। धीरे-धीरे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और छात्रों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। एनएसयूआई नेता तनमीत छाबड़ा और अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में छात्रों और कार्यकर्ताओं की भीड़ बढ़ी और प्रदर्शन शुरू हो गया। छात्र नेता नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे। प्रदर्शनकारी लगातार 'न्याय दो, जवाब दो' के नारे लगाते रहे। छात्रों का आरोप है कि अर्सलान अंसारी की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन न तो स्पष्ट जानकारी दे रहा है और न ही पारदर्शी तरीके से जांच कराई जा रही है।

प्रदर्शन के दौरान हालात तब तनावपूर्ण हो गए, जब पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए गेट के बाहर रोक दिया। प्रदर्शनकारी छात्र और कार्यकर्ता यूनिवर्सिटी गेट पर चढ़कर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसके बाद पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच जोरदार धक्का-मुक्की शुरू हो गई और देखते ही देखते दोनों के बीच झड़प हो गई। छात्रों ने कैंपस में पानी की समस्या को भी प्रमुख मुद्दा बनाया। उनका आरोप है कि पीने के पानी की उचित व्यवस्था न होने की शिकायत करने पर दो छात्रों को बर्खास्त कर दिया गया, जिससे छात्रों में आक्रोश और बढ़ गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि छात्र अर्सलान अंसारी की मौत को एक महीना बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है। एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष तनमित छाबड़ा, प्रदेश महासचिव विकास सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष रंजित सिंह और कांग्रेस नेता सुधांशु मिश्रा ने प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। एनएसयूआई नेताओं का कहना है कि कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल विश्वविद्यालय को एक खास विचारधारा की ओर मोड़ रहे हैं और असहमत राय रखने वाले छात्रों को निशाना बनाया जा रहा है।

### विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी आरोपों को किया खारिज

दूसरी ओर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी आरोपों को खारिज किया है। मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि जिन छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उन्हें तीन बार चेतावनी दी गई थी। चौथी बार वही गलती दोहराए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। प्रदर्शन के बाद भी छात्र अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। वहीं प्रबंधन का कहना है कि नियम और अनुशासन से समझौता संभव नहीं। अब सबकी नजर इस बात पर है कि क्या विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की मांगों पर कोई ठोस कदम उठाएगा या एनएसयूआई अपने आंदोलन को और तेज करेगी। फिलहाल कैंपस में स्थिति पूरी तरह शांत नहीं कही जा सकती पर घटनाक्रम पर पुलिस और प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।

---

**न्यूज गैलरी**

### इंटरनेट ऑफ थिंग्स विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**सीपत/नवप्रदेश।** शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीपत में पीएम ऊषा की सॉफ्ट स्किल गतिविधियों के अंतर्गत इंटरनेट ऑफ थिंग्स विषय पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को हुआ। यह कार्यशाला 17 से 21 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर. एस. खेर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएम ऊषा के नोडल अधिकारी डॉ. आर. एन. पटेल ने की। प्राचार्य डॉ. आर. एस. खेर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का युग केवल डिजिटल नहीं, बल्कि सुपर-डिजिटल युग है। इंटरनेट ऑफ थिंग्स वह तकनीक है, जो आने वाले वर्षों में उद्योग, परिवहन, स्वास्थ्य, रक्षा, कृषि और शिक्षा हर क्षेत्र को पुनर्परिभाषित करेगी। हमारा दायित्व है कि विद्यार्थियों को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि तकनीक निर्माता और नवाचार के वाहक के रूप में तैयार करें। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के भविष्य को नई ऊंचाई देने वाला निर्णायक कदम है।

---

केंद्रों में सुविधाओं सहित पर्याप्त बारदाना उपलब्ध, किसानों के चेहरों में आई मुस्कान

# खरीदी का सिलसिला जारी, सेंदरी केंद्र में आज 151 क्विंटल धान की हुई खरीदी

*बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में 15 नवम्बर से धान खरीदी के शुभारंभ के साथ ही जिले में किसानों से धान खरीदी का सिलसिला जारी हो गया है। सेन्दरी सेवा सहकारी समिति में धान बेचने पहुंचे ग्राम कछार के किसान संतोष पटेल ने खरीदी व्यवस्था को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों से धान खरीदी के लिए समुचित इंतज़ाम किए गए हैं।*

उन्होंने बताया कि वे इस वर्ष 19 क्विंटल धान बेचने केंद्र पहुंचे हैं, उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्र में उन्हें किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। टोकन कटने से लेकर धान तौलने तक की पूरी प्रक्रिया सुचारू और व्यवस्थित रही। केंद्र में बारदाना भी उपलब्ध था, समिति में आवश्यक सभी सुविधाएँ पहले से सुनिश्चित थीं और सभी कर्मचारियों का व्यवहार सहयोगी था। संतोष पटेल ने बताया कि वे छोटे किसान है और 90 डिसीमिल में खेती करते है। इसके साथ ही दूसरों के खेत अधिया में लेकर भी खेती करते है। उन्होंने कहा कि सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों को बड़ा संबल मिल रहा है। धान का मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किए जाने से किसानों को वास्तव में लाभ मिल रहा है। इससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि हम जैसे किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि बड़ा सहारा है। इससे हम बीज, खाद, मजदूरी और समय-समय पर अन्य कृषि कार्यों के खर्चों को पूरा करते हे। किसानों के लिए उपलब्ध किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना के साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है। जिससे वे खुशहाल जीवन बिता रहे है। उल्लेखनीय है कि जिले में 140 धान उपार्जन केंद्र है जिनमें धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### प्रधानमंत्री मोदी व सीएम साय का जताया आभार

संतोष पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार द्वारा किसानों की समस्याओं को समझकर जो संवेदनशील निर्णय लिए गए हैं, उससे किसानों का जीवन आसान हुआ है। अब उन्हें पहले जैसे तकलीफों का सामना नहीं करना पड़ता।

---

## यूनिवर्सल ग्लोरी अवार्ड 2025 से डॉ. जय शंकर यादव सम्मानित

**■ शारीरिक शिक्षा, युवा सशक्तिकरण में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला सम्मान**

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** डॉ शंकर यादव को 14 नवंबर को यूनिवर्सल ग्लोरी अवार्ड्स 2025 में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खेल मार्गदर्शक पुरस्कार से सम्मानित किया गया जो शारीरिक शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और समग्र खेल विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान का सम्मान करता है। 25 से अधिक वर्षों के शैक्षणिक नेतृत्व और मार्गदर्शन के साथ, वे अनुशासन, ज्ञान और समर्पण के माध्यम से भविष्य के चैंपियनों को आकार देते रहे हैं। डॉ. यादव सीवी रमन विश्व विद्यालय शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा संकाय के संकाय अध्यक्ष तथा शारीरिक शिक्षा के संचालक के पद पर कार्यरत हैं। इनकी उपलब्धी पर विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ प्रदीप कुमार घोष, कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी, समकुलपति डॉ जयती मित्रा सहित विश्व विद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। विदित हो कि सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में अग्रणी संस्थाओं से भी शंकर यादव अपनी सहभागिता प्रदान करते हैं। वहीं हरिहर ऑक्सीजोन के सहसंयोजक के दायित्व निर्वाहन करते हुए। अब तक हरिहर संगठन के माध्यम से पर्यावरण क्षेत्र में कार्य कर विशिष्ट स्थान बना चुके हैं।

---

# यदुवंशियों ने शौर्य प्रदर्शन कर जीता दिल, सात नर्तक दलों ने दिखाई प्रतिभा

**■ यादव समाज का इतिहास गौरवशाली : धीवर**

*सीपत/नवप्रदेश।* ग्राम पंचायत सीपत के तत्वावधान में रविवार को तहसील परिसर में भव्य रावत नाच महोत्सव का आयोजन हुआ, जहाँ यादव समाज की गौरवशाली संस्कृति और शौर्य का रंगारंग प्रदर्शन देखने को मिला। कुल सात यदुवंशी नर्तक दलों ने बहुरंगी वेशभूषा धारण कर अपनी पारंपरिक कला, ताल और वीरता का ऐसा संगम प्रस्तुत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। नन्हे यदुवंशी बाल नर्तकों का ऊर्जावान प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यदुवंशियों ने अपने दोहों के माध्यम से दर्शकों का दिल जीत लिया। रावत नाच महोत्सव में प्रथम स्थान बहतराई दल 7100 रुपए मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर द्वारा प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय स्थान खमतराई दल को 5100 रुपए सीपत सरपंच श्रीमती मनीषा योगेश वंशकार , तृतीय स्थान पंधी दल को 3100 रूपये जनपद सदस्य मनोज खरे, चतुर्थ स्थान नवागांव (मचखंडा) दल को 2100 रुपए सहकारिता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप , पांचवां स्थान सीपत प्रेम दल को 1700 रुपए उपसरपंच श्यामा शशिकांत साहू, छठवां स्थान नवाडीह सीपत दल को 1500 रुपए पंच नागेश वर्मा , सांतवना पुरस्कार पोड़ी दल को 1100 रुपए सरपंच मनीषा योगेश वंशकार एवं सभी दलों को आकर्षक शील्ड भी प्रदान किया गया। जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि रावत नाच यादव समाज की वीरता, संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है।

### रावत नाच महोत्सव हमें जड़ों से जोड़ता है : खरे

जनपद सदस्य मनोज खरे ने संबोधित करते हुए कहा कि रावत नाच महोत्सव हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है। बच्चों से लेकर वरिष्ठों तक सभी दलों ने अनुशासित, ऊर्जावान और प्रेरणादायक प्रदर्शन दिया है। समाज की एकता और उत्साह आज मंच पर साफ दिखाई दिया। सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप ने कहा कि यदुवंशी समाज की मूल पहचान रावत नाच है। यह लोक संस्कृति और वीर परंपरा का अद्भुत संगम है। आज सभी दलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इस धरोहर को जीवंत रखा है। ऐसी परंपराएँ समाज को दिशा देती हैं। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव ने कहा कि आज के आयोजन ने सिद्ध किया कि युवाओं और समाज में संस्कृति के प्रति गहरा सम्मान है। सभी दलों का जोश और प्रस्तुति अद्वितीय रही। रावत नाच जैसी परंपराएँ समाज को गर्व से भर देती हैं।

---

### रावत नृत्य महोत्सव में सिलपहरी प्रथम

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** रावत नृत्य महोत्सव समिति एवं यादव समाज सिरगिट्टी द्वारा रावत नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन कल खेल मैदान, बन्नाक चौक सिरगिट्टी में किया गया। रावत नृत्य महोत्सव सिरगिट्टी द्वारा आयोजित इस रावत शौर्य नृत्य महोत्सव में प्रथम स्थान पर ग्राम सिलपहरी का रावत नर्तक दल रहा जिन्हें समिति की ओर से नगद इक्कीस हजार रुपए एवं सुपर कप प्रदान की गई वही द्वितीय स्थान ग्राम बसिया दल, तृतीय स्थान ग्राम भरनी दल, चतुर्थ स्थान ग्राम परसदा रावत दल एवं पंचम स्थान खमतराई रावत नर्तक दल को नगद राशि और सुपर कप प्रदान की गई। इसके साथ ही अन्य सभी रावत नृत्य दल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान की गई।

### युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 30 तक

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले के युवाओं एवं संगठनों से युवा रत्न सम्मान (पुरस्कार) के लिए 30 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। आवेदन पत्र सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण, स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई से 30 नवम्बर तक प्राप्त कर जमा कर सकते है।

---

# जागरूकता ही शक्ति है, जो विचारों को स्वच्छ और जीवन को सुहाना बनाती है: कविता दीदी

*बिलासपुर/नवप्रदेश। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) मुख्यालय, बिलासपुर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत ब्रहमाकुमारी कविता दीदी, मुंबई दवारा प्रस्तुत 'सुहाना सफ़र - एन एडवेंचर इनटू एवारनेस विषय पर प्रेरक उद्बोधन सत्र का आयोजन अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, (मानव संसाधन) बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, विभीन्न विभागाध्यक्षों, अधकारियों-कर्मचारियों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एसईसीएल मुख्यालय स्थित आडिटोरियम में 17 नवंबर को किया गया।*

यह सत्र संगठन में नैतिक कार्य-संस्कृति, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और आंतरिक सतर्कता को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मुंबई से पधारी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी, राजयोग मेडिटेशन शिक्षिका एवं आध्यात्मिक संचालिका उपस्थित रहीं, जिन्होंने पीपीटी के माध्यम से जीवन प्रबंधन, आत्म-जागरूकता तथा मानसिक संतुलन से जुड़े महत्वपूर्ण सूत्रों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि सतर्कता सप्ताह केवल सप्ताह या पखवाड़े भर का आयोजन नहीं है वरन यह वर्ष भर प्रत्येक कर्मी को अपने कार्य-संस्कृति, अपने कार्य स्थल या हर-हमेशा अपने जीवन में अपनाए रखना चाहिए ।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

" मैं उन सभी लोगों की सराहना करता हूँ जो हमारे समाज से नशे की बुराई को खत्म करने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। जीवन बचाने के लिए ऐसा हर प्रयास महत्वपूर्ण है। आखिरकार, नशा अपने साथ अंधकार, विनाश और बर्बादी लेकर आता है।"

–नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत
नशा मुक्त भारत अभियान

इस अभियान में बड़ी संख्या में शामिल होकर
इसे एक जन आंदोलन बनाएं और जीवन बचाने के लिए
नशा मुक्ति का नेक संदेश फैलाएं

नशा मुक्त भारत अभियान
का हिस्सा बनें
और आज ही QR कोड
स्कैन करके शपथ लें!

NASHA MUKT BHARAT ABHIYAAN

गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. वीरेन्द्र कुमार
माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री,
भारत सरकार

18 नवंबर 2025 | प्रातः 11:30 बजे
स्थान: गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर, पंजाब

CBC38101/13/0035/2526

हमें कॉल करें 14446 और प्रशिक्षित परामर्शदाताओं से सहायता प्राप्त करें(24X7)

अधिक जानने के लिए लॉग ऑन करें
https://socialjustice.gov.in/
और
https://nmba.dosje.gov.in/

सोशल मीडिया पर फ़ॉलो करें
सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग

## सुविचार

संसार जानवरों से भरे एक जंगल के रुप में तब्दील हो रहा है। इसमें जीना है तो लड़ना सीखो बचना नहीं। - अज्ञात

# बिहार की महिलाओं का अपमान क्यों

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार एनडीए की प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने में वहां की महिला मतदाताओं की अग्रणी भूमिका रही है। इस बार 71 प्रतिशत महिलाओं ने एनडीए के पक्ष में मतदान किया है। यही वजह है कि एनडीए इस बार दोहरा शतक लगाने में सफल हुई है। एनडीए के प्रति महिला मतदाताओं के इस विश्वास से महागठबंधन में शामिल राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को सांप सूंघ गया है। यही वजह है कि वे बिहार की महिला मतदाताओं पर निशाना साध रहे हैं। वीआईपी पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी जो उपमुख्यमंत्री का चेहरा बने थे उनकी पार्टी इस चुनाव में खाता भी नहीं खोल पाई है वे आरोप लगा रहे हैं कि बिहार में दस हजार रूपये में सरकार बनती है। इसी तरह का बयान जनसुराज पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर ने भी दिया है। उनकी पार्टी ने भी चुनाव में एक भी सीट नहीं जीती है। वे भी बिहार में जरूरतमंद महिलाओं को दस-दस हजार से दिये जाने को लेकर अपनी भडास निकाल रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने तो बिहार में एनडीए की जीत पर सवालिया निशान लगाते हुए यह विवादास्पद बयान दिया है कि भाजपा ने बिहार की महिलाओं को दस-दस हजार रूपये की रिश्वत देकर जीत हासिल की है जो जनतंत्र की लूट है। इसी तरह के बयान महागठबंधन के अन्य नेताओं ने भी दिये हैं और राबर्ट वाड्रा ने तो यहां तक कह दिया है कि बिहार में फिर से विधानसभा चुनाव कराये जाने चाहिए। दरअसल महागठबंधन के नेता अपनी हार को पचा नहीं पा रहे हैं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तो कह भी दिया है कि बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत उनसे पच नहीं रही है। उन्होंने भी बिहार की महिलाओं को एन चुनाव से पहले दस-दस हजार रूपये दिये जाने के फैसले पर आपत्ति उठाई है। दरअसल अपनी हार की खीज निकालने के लिए ये विपक्षी नेता बिहार की महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। यह बात ठीक है कि मुख्यमंत्री महिला स्वरोजगार योजना के तहत बिहार की लगभग 75 लाख महिलाओं को दस-दस रूपये की राशि दिये जाने का महिला मतदाताओं पर कुछ तो असर पड़ा है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि एनडीए ने बिहार की महिलाओं को दस-दस हजार रूपये देकर उनका वोट खरीदा है। ये विपक्षी नेता यह भूल रहे हैं कि बिहार में जब से नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री के रूप में बागडोर संभाली है तभी से उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कारगर कदम उठाये हैं। सबसे बड़ी बात तो बिहार में शराबबंदी लागू करना है जिससे बिहार की लाखों महिलाओं को न सिर्फ घरेलू हिंसा से मुक्ति मिली है बल्कि उनके यहां समृद्धि भी आई है। उसके बाद से ही बिहार की महिला मतदाता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मुरीद बन गई है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी नीतीश कुमार को ही महिला मतदाताओं का भरपूर समर्थन मिला था। इस बार तो बिहार की महिला मतदाताओं में महागठबंधन के प्रति उसी दिन नाराजगी बढ़ गई थी जब कांग्रेस और के राजद के चुनावी मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मां की गाली दी गई थी। रही सही कसर कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छठी मैया के बारे में विवादित बयान देकर पूरी कर दी थी। लेकिन महागठबंधन वाले अपनी भूल को स्वीकारने के लिए तैयार नहीं है और एनडीए की जीत में मात्र शक्ति की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगाकर वे अपने आगे का रास्ता भी बंद कर रहे हैं। महागठबंधन में महिलाओं का कितना सम्मान है यह उस समय उजागर हो गया जब चुनाव में हार मिलने के बाद लालू के परिवार में ही अंतरकलह गहरा गई और उनकी बेटी रोहिणी आचार्य जिन्होंने लालू यादव को अपनी किडनी दी थी उन्हें हार का जिम्मेदार ठहराते हुए बेइज्जत करके घर से निकाल दिया गया। ऐसी पार्टी जो अपने घर की बहू बेटी का सम्मान न करे। उससे यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि वह बिहार की महिलाओं का सम्मान करेगी। बेहतर होगा कि महागठबंधन के नेता अपनी करारी हार के कारणों की समीक्षा करें। बिहार के मतदाताओं और खासतौर पर महिला मतदाताओं का अपमान न करें। अन्यथा उन्हें भविष्य में भी इसी तरह शर्मनाक पराजय के रूप में इसका खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

# श्रम संहिता : भविष्य अनुकूल कार्यबल का निर्माण

*नियोक्ताओं, श्रमिकों, गिग इकोनॉमी प्रतिभागियों, महिला कर्मचारियों और बड़े पैमाने पर समाज को लाभ पहुंचाने के लिए एक सरलीकृत, समावेशी और प्रगतिशील ढांचा*

सुश्री ज्योति विज

*उच्च वेतन वाली नौकरी जैसे कि खान श्रमिक तथा भारी मशीनरी का संचालन आदि क्षेत्रों में काम करने का अवसर प्रदान करने के साथ ही महिलाओं को भेदभाव से भी बचाता है। ऐसे समय में जब देश में महिला श्रम बल की भागीदारी वैश्विक औसत से कम है, ऐसे सुधार महिलाओं को आर्थिक विकास में पूरी तरह से योगदान करने में सक्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। नियोक्ताओं और कर्मचारियों के अलावा, श्रम संहिता सरकारी एजेंसियों को पारदर्शी कार्यान्वयन के लिए एक आधुनिक ढांचा प्रदान करते हुए, अनुपालन को सरल बनाकर और विकास को सक्षम करके एमएसएमई और स्टार्ट-अप को भी लाभ पहुंचाती है। निवेशकों के लिए, एक पूर्वानुमानित और व्यापार के अनुकूल श्रम व्यवस्था देश की विकास गाथा में विश्वास बढ़ाती है।*

देश आर्थिक और श्रम परिदृश्य में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। 29 से अधिक केंद्रीय श्रम कानूनों को चार व्यापक श्रम संहिताओं में समेकित करना केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं है बल्कि यह श्रम इकोसिस्टम निर्माण की दिशा में एक कदम है जो आधुनिक, समावेशी और तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के प्रति उत्तरदायी है।

लंबे समय से उद्योग जगत द्वारा श्रम सुधार एक मुख्य मांग रही है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के एकीकरण, प्रौद्योगिकी द्वारा उद्योगों को बाधित करने और रोजगार के नए विकल्पों के उभरने के साथ, देश को एक ऐसे ढांचे की आवश्यकता है जो व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता का समर्थन कर सके और श्रमिकों के अधिकारों और गरिमा की रक्षा कर सके। चार श्रम संहिताएं- मजदूरी, औद्योगिक सम्बंध, सामाजिक सुरक्षा, और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और काम करने की स्थिति पर - एक एकीकृत और सरलीकृत प्रणाली प्रदान करके ठीक यही करना चाहती हैं जो अस्पष्टता को कम करती है और अधिक समानता सुनिश्चित करती है।

### नियोक्ताओं के लिए लाभ

उद्यमों के लिए, विशेष रूप से प्रतिस्पर्धी वैश्विक वातावरण में, श्रम संहिता बहुत आवश्यक सरलीकरण प्रदान करती है। कई अनुपालन और अतिव्यापी परिभाषाओं को एक स्पष्ट और एकीकृत प्रणाली में बदल दिया गया है। डिजिटल फाइलिंग, समान वेतन परिभाषाएं और सुव्यवस्थित लाइसेंसिंग प्रक्रियाएं अनुपालन बोझ को कम करती हैं और पारदर्शिता लाती हैं। ये सुधार देश के एमएसएमई और स्टार्ट-अप के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। अनुपालन जटिलता को कम करके और एकल-खिड़की मंजूरी को सक्षम करके, श्रम संहिताएं छोटे व्यवसायों को तेजी से बढ़ने और घरेलू और वैश्विक बाजारों में अधिक प्रभावी ढंग से भाग लेने के लिए सशक्त बनाती हैं। महत्वपूर्ण रूप से, निश्चित अवधि के रोजगार और आधुनिक विवाद समाधान

के प्रावधान व्यवसायों को प्रक्रियात्मक देरी से बाधित हुए बिना बढ़ने और अनुकूलन करने के लिए लचीलापन प्रदान करती हैं। समान रूप से महत्वपूर्ण छोटे अपराधों का गैर-अपराधीकरण है, जो विशिष्ट प्रक्रियात्मक उल्लंघनों के लिए आर्थिक दंड के साथ कारावास को प्रतिस्थापित करता है। यह अधिक विश्वास-आधारित अनुपालन वातावरण के लिए एक प्रगतिशील पहल का प्रतिनिधित्व करता है, अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करता है, और नियोक्ताओं और नियामकों के बीच स्व-नियमन और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

### श्रमिकों के लिए लाभ

श्रमिकों के लिए संहिता, निष्पक्षता के सिद्धांत को सुदृढ़ करती है। वेतन संहिता सार्वभौमिक न्यूनतम मजदूरी और वेतन का समय पर भुगतान सुनिश्चित करती है, इससे मनमाने या विलंबित भुगतान की संभावना समाप्त हो जाती है। व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता कार्यस्थल सुरक्षा को मजबूत करती है, कल्याणकारी सुविधाओं को अनिवार्य करती है, और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शुरू करती है। भविष्य निधि, ग्रेच्युटी, मातृत्व अवकाश और बीमा सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ श्रमिकों के व्यापक आधार तक बढ़ाए जाते हैं, इससे उन लाखों लोगों को वित्तीय सुरक्षा मिलती है जो पहले इस दायरे में नहीं आते थे। अक्सर नियामक ढांचे से बाहर रहने वाले अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिक, श्रम संहिताओं से मान्यता और सुरक्षा पाते हैं। ये प्रावधान नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच सामाजिक अनुबंध को मजबूत करते हैं, काम की गरिमा को बनाए रखते हैं।

### गिग और प्लेटफ़ॉर्म वर्कर्स के लिए लाभ

शायद सबसे दूरदर्शी प्रावधान गिग और प्लेटफ़ॉर्म श्रमिकों और एग्रीगेटर्स की औपचारिक मान्यता है। लगभग 8 मिलियन भारतीय गिग इकॉनमी (एक ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें पारंपरिक ÷नौकरी÷ के बजाय अस्थायी, फ्रीलांस और अंशकालिक काम पर जोर दिया जाता है) में लगे हुए हैं और आने वाले दशक में इस संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। श्रम संहिता समावेशी विकास के लिए एक आधार प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा संहिता उन योजनाओं के माध्यम से सुरक्षा प्रदान करती है जो स्वास्थ्य, मातृत्व, बीमा और वृद्धावस्था लाभों को कवर करती हैं। यह एक ऐतिहासिक कदम है जो काम के पारंपरिक और नए विकल्पों के बीच के अंतर को कम करता है। यह सुनिश्चित करता है कि जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी नौकरियों के भविष्य को नया आकार देती है, उभरते क्षेत्रों में श्रमिक पीछे न रहें।

### महिला कर्मचारियों के लिए लाभ

ये संहिताएं कार्यस्थल में लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने की दिशा में भी एक कदम आगे हैं। वे समान काम के लिए समान वेतन के सिद्धांत की पुष्टि करते हैं, मातृत्व लाभ को मजबूत करते हैं और क्रेच सुविधाओं के लिए प्रावधान लागू करते हैं। सुरक्षा और गरिमा के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों के साथ महिलाओं के काम के घंटों पर प्रतिबंधों को कम करके - श्रम संहिताएं महिलाओं के लिए उन क्षेत्रों और बदलावों में भाग लेने के अवसर पैदा करती हैं जो पारंपरिक रूप से कठिन थे।

# बिहार का जनादेश और भारतीय राजनीति का उभरता परिदृश्य

*- हरदीप सिंह पुरी*
*पेट्रोलियम मंत्री*

बिहार की जनता ने एक ऐसा जनादेश दिया है, जिसका महत्व सीटों के गणित से कहीं आगे जाता है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने विधानसभा की 243 सीटों में से 202 सीट पर जीत दर्ज की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने अकेले 89 सीटें हासिल की हैं, जो राज्य में पार्टी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दशकों तक विभिन्न गठबंधनों के तहत बिहार की राजनीति पर अपना दबदबा बनाए रखने के बाद, महागठबंधन अब सिर्फ़ 34 सीटों पर सिमट गया है। 7.4 करोड़ से ज़्यादा पंजीकृत मतदाताओं में से 67.13 प्रतिशत ने मतदान किया। यह चुनाव राज्य के हाल के इतिहास में सबसे कड़े मुक़ाबले वाले चुनावों में से एक सिद्ध हुआ है और चुनाव परिणामों ने वास्तविक लोकतांत्रिक गहराई को रेखांकित किया है। वर्षों तक, बिहार पर व्यक्त किये गए विचारों में राज्य को समय के प्रवाह में एक रुका हुआ राज्य मान लिया गया था। चुनावों को जातिगत अंकगणित की कवायद माना जाता था और सामाजिक जनसांख्यिकी को राजनीतिक नतीजों में तब्दील कर दिया जाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारतीय राजनीति का परिदृश्य निर्णायक रूप से विकास, समावेश और राज्य क्षमता के रूप में बदल गया है तथा बिहार के मतदाताओं ने इस बदलाव को लेकर पूरी स्पष्टता से जवाब दिया है। 2025 के परिणाम एक ऐसे मतदाता को इंगित करते हैं, जिसकी आकांक्षा बड़ी है और जिसने असुरक्षा व पक्षाघात वाले बिहार तथा बेहतर शासन वाले बिहार के बीच के अंतर को महसूस किया है। कई नागरिकों ने बातचीत में और मतदान के पैटर्न में व्यक्त किया है कि 2024 के आम चुनाव में अपेक्षा से कम समर्थन के बाद यह चुनाव जिम्मेदारी की भावना लेकर आया है। लोगों ने अपने निष्कर्ष निकाले हैं कि वे देश की व्यापक यात्रा में बिहार को कहाँ देखना चाहते हैं। बेहतर शासन ने इस परिवर्तन को आधार प्रदान किया है। पिछले एक दशक में, बिहार में 55,000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण या उन्नयन हुआ है, जो गांवों को बाजारों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़ती हैं। केंद्रीय योजनाओं और राज्य कार्यक्रमों के संयोजन के माध्यम से लाखों परिवारों को बिजली, पेयजल और सामाजिक सुरक्षा प्राप्त हुई है। सौभाग्य और उससे जुड़ी पहलों के तहत, बिहार में 35 लाख से ज़्यादा घरों का विद्युतीकरण किया गया, जिससे राज्य सार्वभौमिक घरेलू बिजली आपूर्ति के करीब पहुँच गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, बिहार के लिए 57 लाख से ज़्यादा पक्के घर स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से कई महिलाओं के नाम पर पंजीकृत हैं। ये आँकड़े उन ठोस बदलावों की ओर इशारा करते हैं, जिन्हें लोग देख और अनुभव कर सकते हैं: एक बारहमासी सड़क, एक जलती रहने वाली रोशनी, एक नियमित पेयजल आपूर्ति करने वाला नल तथा एक ऐसा घर, जो सम्मान प्रदान करता हो।

जैसे-जैसे इन सार्वजनिक कल्याण कार्यक्रमों का विस्तार हुआ, पुरानी शक्तियों की पकड़ ढीली होती गयी। बिहार का समाज विविधतापूर्ण और बहुस्तरीय है, फिर भी चुनावी लिहाज़ से यह बहुस्तरीय समाज अपने समुदायों तक सीमित नहीं रहा। विभिन्न समुदायों की महिलाएँ अब सुरक्षा, आवागमन और अवसर को लेकर एक जैसी अपेक्षाएँ रखती हैं। कभी सामाजिक पदानुक्रम के विपरीत छोर पर खड़े परिवारों के युवा अब खुद को एक ही कोचिंग क्लास और श्रम बाज़ार में पाते हैं। उनके रोज़मर्रा के अनुभव उन्हें आकांक्षाओं के एक साझा दायरे में ले आते हैं। उस दायरे में, वे राजनीति से रोज़गार, अवसंरचना, स्थिरता और निष्पक्षता जैसे सवाल पूछते हैं।

इस जनादेश ने वंशवाद-केंद्रित राजनीति पर भी एक स्पष्ट संदेश दिया है। पारिवारिक करिश्मे और विरासत में मिले नेटवर्क पर निर्भर रहने वाली पार्टियों का विधायी दायरा तेज़ी से सिकुड़ रहा है। बिहार ने कई दशकों से ऐसे गठबंधनों को करीब से देखा है और उनकी सीमाओं को समझा है। 2025 के नतीजे बताते हैं कि मतदाता इस बात पर गौर कर रहे हैं कि नेता सरकार में कैसा व्यवहार करते हैं, संकट के समय में उनकी प्रतिक्रिया कैसी होती है, संस्थाओं के साथ कैसे व्यवहार करते हैं और सार्वजनिक संसाधनों का किस रूप में उपयोग करते हैं। व्यापक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में पारिवारिक पृष्ठभूमि मौजूद है, लेकिन वहाँ भी कड़ी मेहनत, संगठनात्मक क्षमता और सेवा के रिकॉर्ड से जुड़ी माँगें उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं।

युवा मतदाताओं का व्यवहार इस बदलाव का मूल तत्व है। बिहार भारत की सबसे युवा जनसांख्यिकीय आबादी वाले राज्यों में से एक है और 2000 के बाद जन्म लिए लाखों नागरिकों ने इस चुनाव में मतदान किया है। वे ऐसे भारत में पले-बढ़े हैं जहाँ एक्सप्रेसवे, डिजिटल भुगतान, प्रतिस्पर्धी संघवाद और महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजनाएँ अपेक्षाओं को आकार देती हैं। वे राज्यों की तुलना करते हैं, घोषणाओं पर नज़र रखते हैं और नेताओं का मूल्यांकन इस आधार पर करते हैं कि वादे कितनी तेज़ी से कार्यान्वित होते हैं। उनके लिए, समय पर बनी सड़क और कभी फ़ाइल से बाहर न आने वाली सड़क के बीच का अंतर समझना कोई कठिन बात नहीं है। वे हर दिन उस अंतर का अनुभव करते हैं जब वे कॉलेजों, कोचिंग सेंटर या कार्यस्थलों पर आते-जाते हैं, या जब वे अपने परिवारों को परिवहन संपर्क-सुविधा और कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होते देखते हैं। यह पीढ़ी राष्ट्रीय एकजुटता के लिए भी एक तीव्र प्रवृत्ति रखती है। युवा मतदाता ऐसी बयानबाजी के प्रति सतर्क रहते हैं, जो संस्थानों को कमज़ोर करती हैं, अलगाववादी भावनाओं को भड़काती हैं या राष्ट्रीय सुरक्षा को कम महत्व देती हैं।

## सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ हम भी जानते है कि जिंदगी तो बेवफा है एक दिन ठुकराएगी मौत महबूबा है ❖ अपनी, सबाके गले लगाएगी।

❖ सावधान का अर्थ कभी भी डर नहीं होता, डरपोक आदमी कभी सावधान नहीं हो सकता।

❖ ज्ञान का अर्थ ही है समग्रता को जानना।

❖ कपट का कपाट कभी भी नंदलाल से मिलने नहीं देता। जीवन में ये बात क्लियर करो कि धोखा मिलता है? या खाया जाता है?

## आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1803 वेर्टेयर्स की लड़ाई: जीन-जैक्स डेसलीनों के नेतृत्व में हैती सेना नेपोलियन की सेना को हराया। 1833 हॉलैंड और बेल्जियम के बीच जोनहोवेन संधि पर हस्ताक्षर हुए। 186 अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन की कहानी 'द सेलिब्रेटिंग जंपिंग फ्रॉगो कैलावरस काउंटी', एक लेखक के रूप में उनकी पहली महान सफलता थी, जो प्रकाशित हुई। 1872 अमेरिकी प्रत्यय सुसान बी। एंथोनी को दो सप्ताह पहले रोचेस्टर, न्यूयॉर्क में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने के लिए गिरफ्तार किया गया था और . 100 का जुर्माना लगाया गया था। 1873 आयरिश होम रूल आंदोलन: होम गवर्नमेंट एसोसिएशन स्वयं को होम रूल लीग के रूप में पुनर्गठन किया। 1874 क्लीवलैंड में राष्ट्रीय महिला ईसाई टेंपरेंस यूनियन का आयोजन किया गया। 1918 लताविया ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की। 1928 पहली बार मिकी माउस अपनी फिल्म स्टीमबोट विली के साथ बड़े पर्दे पर दिखा। 1985 एल्मो को बच्चों के टीवी शो तिल स्ट्रीट के नाम से जाना जाता था। 1987 लंदन में, किंग्स क्रॉसस्ट पंचों में एक भूमिगत आग ने 31 लोगों की जान ले ली।

## पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### पल पल हँसाती..

पल पल हँसाती.. पल पल रुलाती अजनबी सी ...ये जिंदगी कभी मेरे आगे चलती.. कभी मुझसे पीछे मेरे साथ नहीं चलती.. ये जिंदगी पकड़ती हूँ बार बार...फिर भी नहीं हाथ थामती मेरा... ये जिंदगी हर लमहा मुझसे फिसल फिसल जाता लाख कोशिशें करने के बाद भी--- नहीं सँभाल पाती मैं.....ये जिंदगी तेरे सवालों के जवाब आखिर--- मैं.. .. क्यों नहीं दे पाती..... ए जिंदगी अजनबी सी ये

**- डॉ. अर्चना**

### खाली सफ़ेद पन्नों पर



खाली सफ़ेद पन्नों पर, ख्यालों की बारिश होती है। हर रंग, हर रेखा, आत्मा की कहानी कहती है। उसे छूती हूँ, वो मुझसे बातें करता है मेरे डर, मेरी हसरतों, मेरी खुशियों की गूँज सुनता है। बिना मेरे वह खामोश, बिना उसके मैं अधूरी हम एक-दूसरे में बसते हैं, कल्पना और वास्तविकता का संगम बनते हैं। और जब हम मिलते हैं, तो ख़ाली जगह भी जी उठती है।

**- सीमा नागर**

### कल उसे बेहिजाब देखा है मैंने

कल उसे बेहिजाब देखा है मैंने शायद यह ख्वाब देखा है जिसको सीने पे रख के सोता था वो ही चेहरा किताब देखा है उसको देखे से जी नहीं भरता गो उसे बेहिसाब देखा है अपने रस्ते में मैं ही हूँ शायद मैंने खुद पे नकाब देखा है अब तो लगता है सुधर जाऊँगा खुद को करके खराब देखा है। **- अनु मित्तल**

### भेदभाव ले भरे व्यवस्था के जे मन

भेदभाव ले भरे व्यवस्था के जे मन पोषक यें धरम नहीं असल म उन मानवता के शोषक यें छोड़व अइसन ग्रंथ-गुरु ल जे तुँहला अलगाथें आदिदेव के धर लौ रद्दा जे समता के द्योतक यें **- सुशील भोले**

### जुल्फ़ गिरते ही, आँखों पर नशा

जुल्फ़ गिरते ही, आँखों पर नशा सा छा गया। आँख मिलते ही, आँखों में उजाला आ गया। क्या लिखूं ? कुछ हद है मेरे कलम की सियाही में चूम लेता जो अधर कि माथे पर पसीना आ गया।... **- नीरज वर्मा नीर**

### सफलता तब तक अधूरी होती है,

सफलता तब तक अधूरी होती है, जब तक वह आपके भीतर के व्यक्ति को शांत न कर सके और शांति तब मिलती है, जब हम अपने भीतर के शोर को स्वीकार कर लेते हैं, उससे लड़ना नहीं, उसे समझना शुरू कर देते हैं.. हम है है

**- मीनाक्षी**

### जिस बिहार में किसी फिल्म के प्रीमियर

जिस बिहार में किसी फिल्म के प्रीमियर पर एक लाख लोग एकत्र हो जाते हैं, जिस बिहार में अग्निवीर के बारे में अफवाह फैला कर राहुल-तेजस्वी हफ्ते भर के लिए प्रदेश को आग में झोंकने का काम कर जाते हैं, वहां वहां गलत तौर पर 65 लाख नाम काट दिए जायेंगे और लोग शांत रहेंगे? ऐसा हो सकता है क्या?

**- पंकज कुमार झा**

## राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

**मेष :** आज का दिन आपके लिए वृद्धि कर हो सकता है। बीते दिन की तुलना में आज स्वभाव में जल्दबाजी नहीं रहेगी।

**वृषः** आज का दिन आपके लिए भाग्यवर्धक रहेगा लेकिन इसके लिए लापरवाही से बचना होगा।

**मिथुनः** आज का दिन भी आपके लिए प्रतिकूल फल देने वाला रहेगा घर एवं कार्यक्षेत्र दोनों जगह नापसंद कार्य होने से क्रोध आएगा।

**कर्कः** आज का दिन बीते कल की तरह ज्यादा सुख सुविधा प्रदान नहीं कर पाएगा फिर भी सामान्य से उत्तम रहेगा।

**सिंहः** व की मनमानी आज प्रत्येक क्षेत्र में आपको कुछ ना कुछ कमी रखेगी। कार्यक्षेत्र पर जब मन करेगा तब कार्य करेंगे अन्यथा खाली बैठना ही पसंद करेंगे।

**कन्याः** आज का दिन भी आपके लिए आनंददायक रहेगा आज आप स्वतंत्र विचार रहने के कारण किसी के दबाव में नहीं आएंगे।

**तुलाः** आज का दिन आप को शांति से बिताने की सलाह है। निरंतर मिल रही असफलताओं से क्षुब्ध होकर जल्दबाजी में कोई गलत फैसला ले सकते हैं।

**वृश्चिकः** आज का दिन आप को सार्वजनिक क्षेत्र से लाभ के साथ सम्मान की प्राप्ति कराएगा। स्वभाव में जल्दबाजी भी रहेगी।

**धनुः** आज का दिन आपके लिए कार्य सफलता वाला रहेगा दिन के पहले भाग में जो भी योजना बनाएंगे।

**मकरः** आज का दिन आपको मंगल कार्यो की तरफ खींचेगा। घर अथवा बाहर धार्मिक अथवा पारिवारिक कार्यक्रम में जाने के अवसर मिलेंगे।

**कुंभः** आज भी दिन के आरम्भ से ही स्वास्थ्य में कुछ ना कुछ विकार लगा रहेगा। लापरवाही से बचें अन्यथा कोई नई समस्या खड़ी हो सकती है।

**मीनः** आज का दिन आपके लिए विजय दिलाने वाला रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में स्वभाव में थोड़ी गर्मी रहेगी।

सूर्योदय : 06:52, सूर्यास्तः : 05:31, चन्द्रोदय : 28:53, चन्द्रास्त : 15:26, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (कालयुक्त), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्दशी (पूर्ण रात्रि), नक्षत्र : स्वाती, योग : आयुष्मान, प्रथम करण : गर (17:58 तक), द्वितीय करण : वणिज (पूर्ण रात्रि)।

**॥ गोचर ग्रहाः ॥**

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : तुला (15:34 से), मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

## QUIZ TIME

1) किस राज्य ने पूर्वोत्तर भारत की पहली ऑन्को-रोबोटिक सर्जरी सुविधा का उद्घाटन किया है?

2) क्वांटम सैटेलाइट क्या है?

3) छात्रों की कोचिंग सेंटर्स पर निर्भरता कम करने के लिए हाल ही में गठित पैनल के अध्यक्ष कौन हैं?

4) तरुणेर स्वप्न योजना किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है?

5) नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह किस देश की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) असम (2) एक सैटेलाइट जो संचार संकेतों को सुरक्षित करने के लिए क्वांटम यांत्रिकी का उपयोग करता है (3) विनीत जोशी (4) पश्चिम बंगाल (5) नामीबिया

## कार्टून

# हड़ताली समिति कर्मचारियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

**रायपुर/नवप्रदेश।** सहकारी समिति के हड़ताली कर्मचारियों के विरुद्ध प्रशासन के द्वारा सख्त कार्यवाही शुरू कर दी गई है। धान खरीदी कार्य से इंकार करने वाले कर्मचारियों पर अति आवश्यक सेवा अनुरक्षण क़ानून के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज प्रभारी प्रबंधक सहित 13 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है तथा 3 कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर प्रस्तावित है।

जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमगा समिति प्रबंधक मंजुला शर्मा, खोखली समिति प्रबंधक राकेश कुमार टंडन, धुर्रा बांधा समिति प्रबधक मूलचंद वर्मा,रोहांसी समिति प्रबंधक धर्मेन्द्र साहु, समिति प्रबंधक तिल्दा रामकुमार साहु को बर्खास्त किया गया है। इसीतरह कसडोल विकासखंड के समिति गिरौद के विक्रेता नन्द कुमार पटेल, हसुआ के विक्रेता गोकुल प्रसाद साहु,थरगांव के विक्रेता ललित साहू, कटगी के विक्रेता रामस्वरूप यादव,चिखली के विक्रेता खेलसिंग कैवर्त्य कोसमसरा के विक्रेता अमित साहू, सरखोर के विक्रेता भीम साहु, लवन के विक्रेता रविकमल को बर्खास्त किया गया है। विकासखंड पलारी अंतर्गत समिति कोनारी के प्रभारी प्रबंधक राजेंद्र चंद्राकर, समिति रोहरा के कम्प्यूटर ऑपरेटर बीरेंद्र साहु एवं समिति रिसदा के विक्रेता टीका राम वर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने शाखा प्रबंधक को पत्र जारी किया गया है।

# कोमपल्ली स्टापडेम के लिए 1.61 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा बीजापुर जिले के विकासखण्ड- भैरमगढ़ के कोमपल्ली स्टापडेम के निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 61 लाख 79 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर जल संवर्धन, निस्तारी, पेयजल एवं किसानों के द्वारा स्वयं के साधन से करीब 54 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। योजना के निर्माण कार्य हेतु मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# अब रायपुर में भी लागू होगा पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम

**रायपुर।** रायपुर में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम नए साल में लागू करने को लेकर एक बार फिर सुगबुगाहट तेज हो गई है. राजधानी में नए पुलिस कमिश्नर की नियुक्ति को लेकर सरकार और क्क्षात्तदोनों स्तरों पर मंथन जारी है. इस पद के लिए,ष्ठत्र या ढ्ढत्र रैंक के अधिकारी के विकल्पों पर गंभीरता से विचार हो रहा है. हालांकि, इसके पहले एक नवंबर से पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की तैयारी थी, लेकिन पुलिस कमिश्नर किस अधिकारी को बनाया जाएगा, इसके लेकर मामला अटक गया था. इसके साथ ही राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली एक जनवरी से लागू करने की प्रक्रिया तेज हो गई है.

**फुल प्रूफ व्यवस्था बनाने में जुटे अफसर**

अब एक बार फिर से रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है. इसके साथ ही गृह विभाग लगातार समीक्षा में जुटा है, ताकि नए सिस्टम में किसी तरह की कमी न रह जाए. विभागीय सूत्र के अनुसार, मौजूदा स्क्क्ष्स्क पैटर्न पर जिले का स्टाफ पहले से ही भारी दबाव में है. इसलिए नई व्यवस्था में बड़े रैंक के अधिकारियों की तैनाती बेहद आवश्यक मानी जा रही है.

# नशामुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ

**रायपुर/नवप्रदेश।** देशभर में 18 नवम्बर को नशामुक्त भारत अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर का मुख्य कार्यक्रम अमृतसर, पंजाब में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश वर्चुअल माध्यम से पूरे देश में प्रसारित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय आयोजन से राज्य के हर हिस्से को जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ में भी बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

छत्तीसगढ़ के सभी जिलों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, स्कूलों, विभागीय संस्थानों, स्वयं सहायता समूहों तथा आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से सामूहिक रूप से नशामुक्ति शपथ दिलाई जाएगी। राज्यभर में नशा छोड़ने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और युवाओं को नशे से दूर रखने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक तैयारी की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 70 स्थानों से वर्चुअल जुड़ाव की व्यवस्था की गई है, जिससे व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित होगी। जिला स्तर पर कलेक्टोरेट, जिला मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों से लगभग 26 हजार 190 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

# अभा वन खेल में छत्तीसगढ़ फिर बना चैम्पियन,150 मेडल जीत रचा इतिहास

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में एक बार फिर इतिहास रच दिया है. देहरादून में हुई 28वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल तालिका में पहला स्थान हासिल किया है. इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने 150 मेडल और 578 अंक के साथ लगातार दूसरे वर्ष चैम्पियनशिप अपने नाम की है.

### CM विष्णु देव साय ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों और टीमों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी है।

### 150 मेडल के साथ पहले स्थान पर छत्तीसगढ़

बता दें कि 28वीं ऑल इंडिया फ़ॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट 12 नवम्बर से 17 नवम्बर तक देहरादून में आयोजित हुई. इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने 74 गोल्ड, 34 रजत, 42 कांस्य लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया. छत्तीसगढ़ की ओर से इस प्रतियोगिता में भाग लेने 253 सदस्यों ने हिस्सा लिया।

### छत्तीसगढ़ ने जीता 74 गोल्ड मेडल

प्रतियोगिता में कई उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन भी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने किया. इनमें सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी निखिल ज़ाल्को ने तैराकी में 5 स्वर्ण, सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी संगीता राजगोपालन बैडमिंटन और टेनिस में 4 स्वर्ण, 1 रजत, सर्वश्रेष्ठ एथलीट महिला ओपन थोटा संकीर्तन ने 5 स्वर्ण पदक प्राप्त कर 'गोल्डन गर्ल' का खिताब पाया।इसी तरह सर्वश्रेष्ठ एथलीट (पुरुष वेटरन) सुखनंदन लाल धुर्व ने 5 स्वर्ण, सर्वश्रेष्ठ एथलीट (महिला वेटरन) चारुलता गजपाल 4 स्वर्ण ने पदक प्राप्त किया।

### देहरादून में किया गया अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता का आयोजन

छत्तीसगढ़ ने लगातार 13वीं बार ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की. इस खेल-कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह और उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने संयुक्त रूप से ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की. छत्तीसगढ़ की ओर से यह ट्रॉफी आईएफएस शालिनी रैना ने ग्रहण की।

### केरल दूसरे स्थान पर

अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिता में केरल ने 31 गोल्ड लेकर द्वितीय स्थान और कर्नाटक ने 25 गोल्ड मेडल लेकर तीसरा स्थान हासिल किए, जबकि मेजबान उत्तराखंड छठे स्थान पर रहा. इस प्रतियोगिता को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए एक विशेष पहल भी की गई. इसके तहत 'एक खेल-एक वन' की अवधारणा पर सभी मेडल जीतने वाले खिलाड़ी के नाम पर एक पेड़ लगाया गया, जिससे खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश भी मिला।

# नकली पुलिस बन छात्राओं को बंधक बनाया, मारपीट

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कमल विहार इलाके में बीती रात बड़ी वारदात सामने आई है। पढ़ाई करने आई दो बहनों और उनके भाई को हिस्ट्रीशीटर पूजा सचदेव और उसके भाई निखिल सचदेव सहित उसके साथियों ने बंधक बनाकर मारपीट की, छेड़छाड़ की, जान से मारने की धमकी दी। आरोपी पीड़ितों से 1.50 लाख रुपये से अधिक की लूट कर फरार हो गए। पूरी घटना पर मुजगहन थाना में गंभीर धाराओं के तहत स्नढ्डक्र दर्ज की गई है।

पीड़िता रोशिता तिर्की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 नवंबर की रात करीब 12 बजे वह अपनी बहन रिया तिर्की के साथ अपने बीमार भाई अटल कुमार भगत के लिए खाना देने कृष्णा हाइट्स, ब्लॉक-1, फ्लैट 102, कमल विहार पहुंची थी। खाना देकर वापस जाने लगी तो लिफ्ट के पास एक महिला और तीन युवक नशे की हालत में खड़े थे।इन आरोपियों ने खुद को पुलिस वाला बताकर दोनों बहनों से पूछताछ शुरू कर दीष फिर बलपूर्वक उन्हें उनके भाई के फ्लैट में धकेल दिया। कमरे में घुसकर बेरहमी से मारपीट की, गले पर चाकू लगाया, रोशिता से छेड़छाड़ की।

दर्ज शिकायत से मिली जानकारी अनुसार, जैसे ही दोनों बहनें कमरे में पहुंची, आरोपियों ने हाथ-मुक्का, बेल्ट से मारना शुरू कर दिया। विरोध करने पर युवकों ने चाकू निकालकर अटल भगत के गले पर टिकाया और धमकी दी कि आवाज निकाली तो जान से मार देंगे।

### पीड़िता के साथ की छेड़छाड़

गैंग के अन्य साथी भी कमरे में पहुंच गए और सभी ने छात्र-छात्राओं को रस्सी से बांधकर कमरे में बंद कर दिया। एफआईआर में दर्ज है कि पूजा सचदेव और निखिल सचदेव ने मारपीट के दौरान रोशिता के प्राइवेट पार्ट को गलत नियत से छुआ, जिसका उसने विरोध किया।

पीड़ितों ने थाने में दर्ज स्नढ्डक्र में बताया कि आरोपियों ने 2 लाख की मांग की,ञ्जरू से पैसे निकलवाए, मोबाइल बाइक लैपटॉप सब लूटकर ले गए। गैंग ने पीड़ितों से 2 लाख रुपये की मांग की। पैसे नहीं होने पर रिया तिर्की के पर्स से 7,000 रुपये और नवनीत कुजूर को धमकाकर,ञ्जरू से 9,000 रुपये निकलवाए।

इसके साथ ही आरोपियों ने पीड़ितों का आईफोन मोबाइल छीन लिया। अनुराग तिर्की की एक्टिवा लेकर भाग गए।रितिक लकड़ा का लैपटॉप भी ले गए। यहां तक की आरोपी कमरे में गैस सिलेंडर तक उठा ले गए। बदमाशों ने पीड़ितों से करीब 1.5 लाख रुपये का सामान लूट लिया।

### आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज

पूजा सचदेव अपने साथ चार लड़कों को लेकर आई थी। आरोपियों ने लगातार धमकाकर, मारपीट कर रातभर छात्रों को बंधक बनाकर रखा था। आरोपियों के जाने के बाद पीड़ितों ने रात में ही परिजनों को घटना की सूचना दी।इसके बाद उन्होंने सुबह थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# 19 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त

■ समर्थन मूल्य पर खरीदी से पहले प्रशासन का शिकंजा कसा

**रायपुर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले ही प्रदेश में अवैध धान परिवहन पर सख्त निगरानी के परिणाम दिखाई देने लगे हैं। मार्कफेड द्वारा एक नवंबर से अब तक जारी आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में राज्य के सीमावर्ती जिलों में कुल 19,320 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है।

अन्य राज्यों से धान की आवक रोकने के लिए चेकपोस्ट, कलेक्टर की अध्यक्षता में टास्क फोर्स और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है। जिला वार आंकड़ों के अनुसार महासमुंद में सर्वाधिक 4,266 क्विंटल धान पकड़ा गया। इसके बाद बलरामपुर में 4,139 क्विंटल, सूरजपुर 1,750 क्विंटल, रायगढ़ 1,201 क्विंटल, जशपुर 1,157 क्विंटल तथा गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 967 क्विंटल धान जप्त किया गया।

सीमावर्ती इलाकों में बढ़ी निगरानी और त्वरित अलर्ट-रिस्पॉन्स सिस्टम के चलते अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लग रही है। रविवार को हुई दो महत्वपूर्ण कार्रवाई भी विशेष उल्लेखनीय रही। मार्कफेड के कंट्रोल सेंटर से प्राप्त अलर्ट पर कोंडागांव जिले की टीम ने 600 बैग (231.5 क्विंटल) धान मौके पर पहुंचकर जब्त किया।

वहीं, ग्राम त्रिशूली (थाना सनवाल) में रात्रि गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों पर रखे कुल 222 कट्टा धान का पता चला। विवाद की आशंका को देखते हुए दिन में तहसीलदार, थाना प्रभारी और मंडी कर्मियों की उपस्थिति में विस्तृत जांच कर धान की विधिवत जप्ती की गई।

# दिव्यांगजन कल्याण एवं पुनर्वास नीति के ड्राफ्ट को सशक्त बनाने कार्यशाला आज

■ 'राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध विशेषज्ञ का होगा विमर्श'

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग और यूनिसेफ के विशेष सहयोग से रायपुर स्थित एक निजी होटल में ''छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांगजन कल्याण एवं पुनर्वास नीति 2025'' के ड्राफ्ट को और सशक्त बनाने महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन करेगा। यह कार्यशाला महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगी। कार्यशाला का उद्देश्य है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत प्रदेश के दिव्यांगजनों के लिए एक व्यापक और समावेशी नीति को अंतिम रूप देना हैदिव्यागजन अधिकार अधिनियम, 2016 एक ऐतिहासिक कानून है जो दिव्यांगता को दया के बजाय 'अधिकार' के विषय के रूप में स्थापित करता है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा ''छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांगजन कल्याण एवं पुनर्वास नीति 2025'' का एक व्यापक ड्राफ्ट तैयार किया गया है। ड्राफ्ट को और अधिक सशक्त एवं समावेशी बनाने के लिए यह कार्यशाला यूनिसेफ के विशेष सहयोग से आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला ''हमारे बिना, हमारे बारे में कुछ भी नहीं'' के मार्गदर्शी सिद्धांत पर आधारित होगी। इसका मुख्य उद्देश्य नीति को अंतिम रूप देने से पहले प्रमुख हितधारकों, विभिन्न संबंधित विभागों और राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों से अमूल्य सुझाव एवं व्यावहारिक फीडबैंक प्राप्त करना है। इस महत्वपूर्ण विमर्श को तकनीकी और विशेषज्ञ राय प्रदान करने के लिए देश के जाने-माने विशेषज्ञ शामिल होंगे। इनमें राजीव रतूड़ी (राजीव रतूड़ी बनाम भारत संघ के ऐतिहासिक मामले में मुख्य याचिकाकर्ता एवं डिसेबिलिटी राइट्स प्रमोशन इंटरनेशनल के एशिया पेसिफिक क्षेत्रीय अधिकारी), समीर घोष (समावेश सलाहकार, विश्व बैंक), अखिल पॉल (मुख्य संरक्षक, सेंस इंटरनेशनल इंडिया) और यूनिसेफ की विशेषज्ञ अलका मल्होत्रा प्रमुख हैं।

# महाराष्ट्र मंडल के केंद्रों रामरक्षा स्त्रोत, हनुमान चालीसा का पाठ

■ दिव्यांग बालिका विकास गृह में सत्यनारायण कथा- हवन के बाद राम नाम की गूंज

**रायपुर/नवप्रदेश।** महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ इस शनिवार भी उत्साह के साथ जारी रहा। महाराष्ट्र मंडल ने शनिवार को एकादशी तिथि पर पुनर्निमित दिव्यांग बालिका विकास गृह में भगवान सत्यनारायण की कथा और पूजन किया। इसके बाद सभी ने मिलकर राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके साथ मंडल के वल्लभ नगर, सरोना सहित विभिन्न केंद्रों में भी सामूहिक पाठ पूरे उल्लास के साथ किया गया।

आध्यात्मिक समिति की सृष्टि दंडवते ने बताया कि दिव्यांग बालिका विकास गृह में सत्यनारायण पूजा के पाठ सभी ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया। इस दौरान संध्या खंगन, दिव्या पात्रीकर, आकांक्षा गद्दे, साक्षी टोले, गीता दलाल, अंजलि काले, अक्षता पंडित, नमिता शेष, गीता दलाल, रेणुका पुराणिक, वंदना निमोणकर, अपर्णा कालेले, डा. शुचिता देशमुख सहित अनिल कालेले, अजय काले, चेतन दंडवते, अतुल गद्रे, दीपक पात्रीकर, अभय भगवतकर, परितोष डोनगांवकर, श्याम दलाल, प्रसन्न निमोणकर, विनोद राखुंडे, श्याम सुंदर खंगन, विक्रम हिशीकर, शचिन्द्र देशमुख, गुड्डू शर्मा सहित अनेक सभासदों सभासदों ने सामूहिक पाठ किया।

इधर वल्लभनगर केंद्र की महिलाओं ने संत ज्ञानेश्वर विद्यालय प्रांगण में एकत्रित होकर रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का मिलकर पाठ किया। इस दौरान मानसी विठालकर, शुभांगी आप्टे, अर्चना जतकर, कांचन पुसदकर, सुहानी पवार, हर्षा, प्रतिमा आगलावे, वैभवी चौधरी, शुभदा अगस्ती, वंदना पाटील. आदि उपस्थित रहे।

अमरजीत, लीना केलकर, शोभा पाटील, सुलु हर्डीकर, श्वेता, मंजूषा चिलमवार, रोहिणी चिमोटे, उषा काकडे, सुवर्णा कस्तुरे, नंदा अगस्ती, सीमा तिघा , सुरेखा मेघावाले, आशा बरेवार , प्राजक्ता पुसदकर, अनिता उमाडे, प्रीति केसकर, विजया चौधरी और शोभा ठाडा उपस्थित रहीं।

### दिवाली मिलन में ताश के खेलों का सभी ने लिया आनंद

**रायपुर/नवप्रदेश।** महाराष्ट्र मंडल के वल्लभ नगर केंद्र की महिलाओं ने संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में दिवाली मिलन उत्सव का आयोजन किया। एकादशी होने के कारण महिलाओं ने सर्वप्रथम रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ किया और ताश के पत्तों का मनोरंजक खेलों का भी आनंद लिया। कार्यकारी महिला प्रमुख अपर्णा देशमुख ने बताया कि दिवाली उत्सव हो और ताश के खेल न हो ऐसा हो ही नहीं सकता है। इसलिए इस बार केंद्र की महिलाओं ने ताश के विभिन्न खेलों का आनंद लिया। महिलाओं के लिए कई खेल बिल्कुल नए थे, लेकिन सभी ने इसका भरपूर आनंद उठाया। ताश के खेल में प्रथम आशा

# नवंबर महीने में जनवरी जैसी कड़ाके की सर्दी

■ आईएमडी ने जारी की शीतलहर की चेतावनी

**रायपुर।** प्रदेश में इस बार समय से पहेल ही कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। उत्तरी हवाओं के असर से शीतलहर चल रहे हैं, जिससे तापमान तेजी से गिरा है। सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। मौसम विभाग की ओर से अगले तीन दिनों में शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है, जिससे तापमान में और अधिक गिरावट दर्ज की जाएगी।

राजधानी में नवंबर की ठंड इस बार रिकॉर्ड तोड़ रही है। रविवार को शहर का तापमान 10 साल में सबसे कम पर पहुंच गया। रात का तापमान भी सामान्य से लगभग चार डिग्री नीचे रहा।

### बीते दशक का रिकॉर्ड टूटा

*-दस साल के आंकड़ों का अध्ययन बताता है कि नवंबर के मध्य में रायपुर का अधिकतम तापमान आमतौर पर 32-33 डिग्री के बीच रहता था, लेकिन इस बार तापमान सीधे 28 डिग्री तक पहुंच गया, जो पिछले दशक में इस अवधि का सबसे कम अधिकतम तापमान है। इसी तरह, पिछले वर्षों में न्यूनतम तापमान 14-16 डिग्री के बीच रहता था, पर इस बार यह 13.8-13.9 डिग्री दर्ज होकर रिकॉर्ड किया गया है।*

रायपुर माना में न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री, 10 साल के औसत से कम रही।रविवार को रायपुर शहर का अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री और न्यूनतम 13.9 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से क्रमशः 2.5 डिग्री और 3.9 डिग्री कम है। माना एयरपोर्ट केंद्र में भी अधिकतम 27.6 डिग्री और न्यूनतम 13.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

मौसम विभाग के अनुसार, यह तापमान बीते दस वर्षों के औसत से भी नीचे है, जिससे साफ है कि इस बार ठंड ने समय से पहले दस्तक दे दी है। सिर्फ2022 में छह नवंबर को 13 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

**उत्तरी हवाओं ने बढ़ाई सर्दी-** मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के बाद, तेज उत्तरी हवाएं छत्तीसगढ़ पहुंच रही हैं, जिससे दिन और रात दोनों तापमान सामान्य से काफी नीचे जाना शुरू हो गया है।

### अंबिकापुर संभाग में तापमान में गिरावट

*संभाग मुख्यालय अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान सामान्य से लगभग सात डिग्री नीचे चले जाने से भीषण शीतलहर की स्थिति बन गई है। रविवार को लगभग डेढ़ डिग्री की गिरावट के साथ शहर का न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री पहुंच गया। उत्तर भारत की सर्द हवा के प्रभाव से उत्तरी छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले आठ दिनों से न्यूनतम तापमान दस डिग्री से नीचे बना हुआ है। एक समान तापमान बने रहने से लोग ठंड से बेहाल हैं।*

# पार्षद पर बीएलओ को धमकाने का आरोप

■ कांगेस ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग

**रायपुर।** पुरानी बस्ती में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान भाजपा पार्षद अंबर अग्रवाल पर बीएलओ को धमकाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने एफआइआर दर्ज करने की मांग की। मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के बीच रायपुर की पुरानी बस्ती में रविवार को एक गंभीर और बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है। घर-घर मतदाता सत्यापन के दौरान एक शासकीय बीएलओ को भाजपा पार्षद अंबर अग्रवाल द्वारा धमकाए जाने का वीडियो प्रसारित हो गया है।

**बीएलओ को धमकाने का वीडियो वायरल-**प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बीएलओ अपने निर्धारित कार्य के तहत मतदाता सत्यापन कर रही थीं। इसी दौरान पार्षद अंबर अग्रवाल वहां पहुंचे और उन्होंने बीएलओ पर दबाव बनाया, कांग्रेस प्रतिनिधियों को साथ न रखने की चेतावनी दी, और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने जैसा आचरण किया। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि डरी-सहमी बीएलओ वहीं पर फफककर रो पड़ी।

### रो पड़ी बीएलओ

वीडियो में पार्षद का आक्रामक व्यवहार स्पष्ट दिख रहा है, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। कांग्रेस ने कहा, यह अमानवीय, अवैधानिक और लोकतंत्र पर हमला, घटना के बाद कांग्रेस के छाया पार्षद बंशी कन्नौजे ने कड़ा बयान जारी किया। उन्होंने कहा यह अत्यंत शर्मनाक है कि पुरानी बस्ती के भाजपा पार्षद ने एक महिला बीएलओ को इस कदर धमकाया कि वह डर के मारे रो पड़ी। यह सरकार संचालित कार्य में बाधा डालने और एक महिला कर्मचारी को मानसिक प्रताड़ना देने का गंभीर अपराध है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ समेत देश के 12 राज्यों में चुनाव आयोग की ओर से मददान सूची का विशेष गहन पुनरिक्षण कराया जा रहा है। इस प्रक्रिया में बूथ लेबल अधिकारी हर वोटर के घर जाकर उनका सत्यापन कर रहे हैं। इस दौरान सभी पार्टियों के प्रतिनिधि भी बीएलओ के साथ प्रक्रिया में साथ रह रहे हैं। रायपुर में इसी दौरान पार्षद पर बीएलओ को धमकाने का आरोप लगा है।

## न्यूज गैलरी

### जिले में धान खरीदी व्यवस्था को निर्बाध बनाने प्रबंधकों और कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नारायणपुर/ नवप्रदेश।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी की शुरुआत के साथ प्रशासन ने पूरे तंत्र को अलर्ट मोड में ला दिया है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज समिति प्रबंधकों, धान उपार्जन केंद्र प्रभारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों को व्यापक प्रशिक्षण दिया गया, ताकि 17 धान उपार्जन केंद्रों में होने वाली खरीदी प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

अपर कलेक्टर श्री बीरेन्द्र बहादूर पंचभाई ने प्रशिक्षण सत्र में स्पष्ट कहा कि धान खरीदी शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है, इसलिए इस पूरी प्रक्रिया को पर्व की तरह सफल बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संकेत दिया कि खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवरोध पैदा करने वाले तत्वों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी और कानून व्यवस्था पर प्रशासन हर स्थिति में नियंत्रण बनाए रखेगा।

### समिति प्रबंधकों द्वारा धान खरीदी कार्य में बाधा पहुंचाने पर एफआईआर दर्ज

**कोरिया / नवप्रदेश।** खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीदी जैसे अत्यावश्यक कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में सहकारिता विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की पहल की गई है। सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, कोरिया द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन प्रस्तुत कर आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकों के विरुद्ध आवश्यक सेवा अनुरक्षण कानून (एस्मा) के तहत एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा धान खरीदी कार्य को छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 के अंतर्गत अत्यावश्यक सेवा घोषित किया गया है। इसके बावजूद जिले के आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के समिति प्रबंधकों ने 15 नवम्बर 2025 से प्रारंभ धान खरीदी कार्य में जानबूझकर अनुपस्थित रहकर कार्य में बाधा उत्पन्न की है। आरोप है कि इन प्रबंधकों ने स्वयं ड्यूटी नहीं की और अन्य कर्मचारियों को भी ड्यूटी में उपस्थित होने से रोका। सहायक आयुक्त सहकारिता आयुष प्रताप सिंह द्वारा प्रस्तुत आवेदन में उल्लेख है कि इस तरह का व्यवहार शासन के आदेशों का गंभीर उल्लंघन है तथा धान खरीदी जैसी राज्यव्यापी महत्वपूर्ण प्रक्रिया को प्रभावित करता है। आवेदन में शासन के गृह विभाग के 14 नवम्बर 2025 के आदेश का भी हवाला दिया गया है। जिसमें धान खरीदी अवधि के दौरान सभी जिम्मेदार कर्मचारियों को हर स्थिति में कार्य पर उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है।

# धान खरीदी में भारी अव्यवस्था—नारायणपुर के किसानों के साथ सरकार की खुली लापरवाही

**नारायणपुर/ नवप्रदेश।** प्रदेश की भाजपा सरकार ने आज से प्रदेशभर में धान खरीदी शुरू होने की घोषणा कर किसानों को बड़ी आशा दिलाई थी, लेकिन वास्तविकता इससे बिल्कुल विपरीत सामने आई है। नारायणपुर जिले के 17 धान खरीदी केंद्रों में से सिर्फएक-दो को छोड़कर लगभग सभी केंद्रों पर आज ताले जड़े मिले। कई केंद्रों के ताले पर जंक तक लगा हुआ है, जो यह दर्शाता है कि प्रशासन ने किसानों की तैयारी और समस्याओं को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई।

आज का यह दृश्य बताता है कि प्रदेश की वर्तमान सरकार किसानों की कोई चिंता नहीं है और सरकार की उदासीन को दर्शाता है शासन प्रशासन की विफलता को उनकी नक्कामी को दर्शाता है धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण आयोजन को भी बिना तैयारी, बिना निगरानी और बिना जिम्मेदारी के सिर्फफोटो खिंचाने का काम किया जा रहा है

जब , कांग्रेस की भूपेश बघेल कि सरकार थी उस दौरान जिले के लगभग 3,000 किसानों को मास्हाती पट्टे वितरित किए गए थे, जिससे वे बिना किसी परेशानी के अपनी धान उपज बेच पाते थे। उस समय किसान केंद्रों पर सम्मान के साथ, समय पर और सुगमता से खरीदी की प्रक्रिया पूरी कर पाते थे। आज वही किसान अपनी फसल लेकर दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन न साय सरकार को इसकी चिंता है, न जिला प्रशासन को कोई फिक्र।

किसानों के साथ हो रहे इस अन्याय को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

**हमारी प्रमुख मांगें :**

*1. नारायणपुर जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों को तत्काल चालू किया जाए।*
*2. धान खरीदी की संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।*
*3. किसानों को राहत प्रदान करने के लिए विशेष टीम बनाकर केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए।*
*4. किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए खरीदी व्यवस्थाओं को पूर्ववर्ती सरकार जैसी प्रभावी और पारदर्शी बनाया जाए*

*प्रदेश की रीढ़ किसान हैं—और किसान परेशान हो, ताले बंद हों, जबकि सरकार चुप बैठी हो—यह किसी भी जिम्मेदार शासन की पहचान नहीं हो सकती।*
*हम किसानों के साथ खड़े हैं, और उनकी आवाज को मजबूती से उठाते रहेंगे।*

# जामगांव बाज़ार से खुड़खुड़ी खिलाने वाले 4 जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

■ **4730 रुपए सहित झंडामुंडा चार्ट को पुलिस ने किया बरामद**

मुर्गा बाजार में रोज लग रहा लाखों का दांव...
खुड़खुड़ी वाले भी बेखौफ होकर खिला रहे जुआ

**नवप्रदेश की खबर का असर**

**कांकेर / नवप्रदेश।** कांकेर जिला सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुर्गा बाज़ार की आड में लाखों का जुआ दांव एवं मुर्गा बाजार के इर्दगिर्द खुलेआम खुडखुड़ी के बाज़ार में पैसे की दांव की खबर को दैनिक नवप्रदेश ने 30 अक्टूबर 03 नवंबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद अंततः नरहरपुर के जामगांव में खुडखुड़ि पर कार्यवाही किया गया है। नरहरपुर ब्लॉक के ग्राम जामगांव में खुडखुडिया जुआ खिलाते चार आरोपियो को थाना नरहरपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपीयो में राकेश छाटा पिता स्व.शिवकरण छाटा उम्र 41 वर्ष निवासी जामगांव, आशीष पटेल पिता स्व. लोचन पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी जामगांवर रामधार साहु पिता छब्बीलाल साहू उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड 09 नरहरपुर (जामगांव) विजय साहू पिता चमरा राम साहू उम्र 31 वर्ष निवासी जामगांव थाना नरहरपुर शामिल है।

नरहरपुर पुलिस ने बताया कि 16 नवंबर 2025 को ग्राम जामगांव में कुछ लोग खुडखुडिया चार्ट बिछाकर गोटी घोल कर अधिक पैसे क ा लालच देकर रूपये पैस का दाव लगाकर खुडखुडिया नामक जुआ खिला रहे थे । उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.ऐलेसेला के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अविनाश ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल के नेतृत्व में मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना नरहरपुर से टीम गठित कर ग्राम जामगांव में मुखबीर के बताये स्थान पर जुआ रेड कार्यवाही किया गया मौके पर 04 जुआड़ी खुडखुडिया नामक जुआ खेलाते पाया गया। जुआड़ी राकेश छाटा के पास से 500 रूपये 02. आशीश पटेल के पास से 600 रूपये रामाधार साहू के पास से 530 रूपये एवं एक नग सफेद रंग के रेंगजीन फ्लेक्सी जिसमें इंट पान, चिड़ी, झण्डा, मुंडा, हुक्कुम खुड़खूड़िया चार्ट विजय साहू के पास से 800 रूपये एवं 06 नग प्लास्टिक गोटी जिसके फ्लक पर इंट पान, चिड़ी, झण्डा, मुंडा, हुक्कुम अंकित है एवं 01 नग काले रंग की रेगजीन लेदर एवं फण्ड से 2300 रूपये मिला कुल जुमला राशि 4730 रूपये जुआरियों के कब्जे से जप्त कर मौके पर आरोपी जुआड़ीयो के खिलाफ धारा 6(क) छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधि0 2022 का अपराध सबुत पाये जाने से अपराध पजीबंद्ध कायम कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल, सहा.उप निरी.पल्टुराम मण्डावी आर.नीलेश निषाद, आर.धर्मेन्द्र साहू,आर.निलेश साहु का महत्वपुर्ण योगदान रहा।

**मुर्गा बाजार में लाखो के जुआ पर पुलिस की कार्यवाही कब?**

बता दें कि शहर सहित ग्रामीण इलाकों में मुर्गा बाजार की आड में लाखों का हार जीत का दांव लगाने वालो पर कार्यवाही पुलिस कब करेंगी। इतना ही नहीं जितने मुर्गा बाजार संचालित हो रहे हैं उन सब में जिले के अधिकांश कर्मचारी भी ड्यूटी के दौरान मुर्गा बाजार में देखे जा सकते हैं। लेकिन पुलिस विभाग आज पर्यंत तक मुर्गा बाजार के आड में चल रहे लाखो का दांव वालो पर कार्यवाही करते नहीं दिख रही है। जिसके चलते बस्तर में शौक के इस खेल में शामिल होने वाले लोग जुआ में तब्दील होने से मुर्गा बाजार पर कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहे हैं!

# महाराष्ट्र के चंद्रपुर निवासी युवक की डूबकर मौत

**अंतागढ़ / नवप्रदेश।** अंतागढ़ ब्लाक के दार्शनिक स्थल चर्रेंङ्कमर्रे जलप्रपात में रविवार को एक युवक की डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान एक्सिस बैंक में कार्यरत श्याम सागर, उम्र 32 वर्ष, निवासी चंद्रपुर (महाराष्ट्र) के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक घटना शाम 5 बजे की आसपास की है जहां श्याम सुंदर अपने साथी कृष्ण कुमार सोनी को डूबने से बचाने के लिए अचानक पानी में उतर गया वही तेज बहाव व गहराई की वजह से डूब रहा साथी कृष्ण कुमार को स्टाफके ही चंदन सिंहा ने किसी तरह बचा लिया लेकिन श्याम सागर खुद पानी की तेज धारा में बह गया। बताया जा रहा है कि जिस युवक ने बचाने की कोशिश की, उसे तैरना नहीं आता था।डूब रहे युवक को गंभीर स्थिति में प्राथमिक उपचार दिया गया और उसकी जान बचा ली गई। वहीं श्याम सागर की तलाश के लिए वन विभाग, पुलिस टीम और गोताखोरों का दल मौके पर पहुंच गया। कल शाम तक रेस्क्यू टीम को कोई सफलता नहीं मिली। अंधेरा बढ़ने और पानी का बहाव तेज होने की वजह से अभियान रोकना पड़ा था। आज सोमवार सुबह से फिर से खोज अभियान शुरू किया गया है।

गोताखोरों का मानना है कि तेज बहाव के कारण युवक दूर तक बह गया हो सकता है, या फिर जलप्रपात के नीचे गहरे पानी में फंसा हो सकता है। समाचार लिखे जाने तक, शाम 7 बजे तक युवक का शव बरामद नहीं किया जा सका था। रेस्क्यू टीम लगातार तलाशी अभियान में जुटी है।चर्रेंङ्कमर्रे जलप्रपात में सुरक्षा की कमी को लेकर स्थानीय लोग कई बार सवाल उठाते रहे हैं। फिलहाल प्रशासन रेस्क्यू ऑपरेशन में लगा हुआ है।

# धोबे में पुलिस ने खोला जन सुविधा कैम्प

■ **नक्सल मुक्त अबूझमाड़ की दिशा में एक साल के भीतर 17वां कैम्प ग्राम धोबे में**

■ **नारायणपुर पुलिस सड़क और मोबाईल नेटवर्क के माध्यम से लोगों को जोड़ रही है वैश्विक सोसाइटी से**

**नारायणपुर / नवप्रदेश।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नारायणपुर पुलिस द्वारा नक्सल मुक्त सशक्त बस्तर की कल्पना को साकार रूप देने हेतु क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी ''माड़ बचाओ'' अभियान संचालित किया जा रहा है। साथ ही अबूझमाड़ में लगातार नवीन कैम्प स्थापित करते हुए सड़क पुल-पुलिया निर्माण सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को अंदरूनी गांव तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

इसी कड़ी में थाना ओरछा के ग्राम धोबे क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों एवं ओरछा -आदेर - लंका एक्सिस तक सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा प्रदान करने एवं विकास कार्यो में सहयोग पहुंचाने के उद्देश्य से आज दिनांक 15 -11-2025 को नारायणपुर पुलिस ने घोर नक्सल प्रभावित माड़ क्षेत्र माओवादियों के आश्रय स्थल ग्राम धोबे में नवीन कैम्प स्थापित किया गया है। ग्राम धोबे में नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। नवीन कैम्प तोके थाना ओरछा क्षेत्रान्तर्गत स्थित है तथा थाना ओरछा से 23किलोमीटर, आदेर से 20 किलोमीटर, कुड़मेल से 10किलोमीटर और और जाटलूर से 5किलोमीटेर किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। धोबे में नवीन कैम्प स्थापित होने से आसपास क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा।

अब क्षेत्र में सुरक्षा के निगरानी में सड़क निर्माण सहित अन्य सुविधाओं को आम जनता तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा। नारायणपुर पुलिस ने वर्ष 2025 में नक्सलियों के अघोषित राजधानी कुतुल सहित नक्सलियों के आश्रयस्थल कोडलियर, बेडमाकोटी, पदमकोट, कान्दुलपार, नेलांगूर, पांगूड, रायनार, एडजुम, ईदवाया, आदेर, कुड़मेल, कोंगे, सितरम, तोके, जाटलूर और धोबे में कैम्प खोली है। श्री पी. सुन्दराज पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर, श्री अमित कांबले (भा.पु.से.) पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर, श्री रोबिनसन गुरिया पुलिस अधीक्षक नारायणपुर, आईटीबीपी 44वी वाहिनी कमांडेंट श्री मुकेश कुमार दसमाना, श्री संदीप पटेल (सेनानी 16वी बटालियन सी.ए.एफ), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अक्षय सबद्रा, श्री अजय कुमार,श्री सुशील कुमार नायक, श्री संजय महादेवा, उप पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक केसरी, श्री मनोज मंडावी, श्री अविनाश कंवर, श्री कुलदीप बंजारे और श्री अजय कुमार सिंह के नेतृत्व एवं निर्देशन में नवीन कैम्प स्थापना में नारायणपुर डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं आईटीबीपी 27वी वाहिनी, 38वी वाहिनी, 40वी वाहिनी और 44वी वाहिनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# नपा के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने पांच सूत्रीय मांग को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**कांकेर / नवप्रदेश।** कांकेर नगर पालिका के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने सोमवार 17 नवंबर को मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मुलाकात कर कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक मांग पत्र सौंपा।उक्तशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन के कांकेर इकाई के अध्यक्ष राकेश बिछिया और महासचिव दिलीप साहू ने आज एक प्रेस बयान जारी कर दी।नेताओं ने कहा कि यूनियन के द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित पांच सूत्रीय मांगपत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा गया।सूत्रीय मांग पत्र में श्रम कानूनों के वेतन भुगतान अधिनियम का पालन करते हुए प्रत्येक माह के 10 तारीख तक वेतन भुगतान करने,वेतन भुगतान के पूर्व सभी कर्मचारियों को वेतन पर्ची वितरण करने,श्रम कानून के तहत सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों kanker news with photo file 1 के परिवार के सभी सदस्यों को मुफ्त इलाज हेतु ईएसआई का कार्ड देने,सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण चश्मा,दस्ताना,पादुका,मास्क वितरण करने,बिजली कर्मियों को रबर के दस्ताना,हेलमेट, बैल्ट प्रदान करने की मांगे शामिल है।मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने वेतन प्रत्येक माह के 10 तारीख को

भुगतान करने में असमर्थता व्यक्त करते हुए कहा कि शासन से वेतन की राशि निश्चित समय पर नहीं होता है।अन्य सभी चारों मांगों पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए उन मांगों को जल्दी पूरा करने का आश्वासन दिया।प्रतिनिधि मंडल में राज्य अध्यक्ष द्वारका कोसरिया,राज्य महासचिव भाव सिंह कश्यप,कांकेर इकाई के अध्यक्ष राकेश बिछिया,महासचिव दिलीप साहू,उपाध्यक्ष प्रशांत रजक,सहसचिव अशोक नेताम सहसचिव दीपेश्वर कुमार कोषाध्यक्ष राज रजक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

**बस-टैंकर की भीषण...**

बचने का भी समय नहीं मिला। हादसा इतना भयानक था कि मृतकों की पहचान करना भी मुश्किल है। हादसे में 45 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

हैदराबाद पुलिस आयुक्त ने की 45 मौतों की पुष्टि

हैदराबाद पुलिस आयुक्त ने बताया है कि सऊदी अरब में हुए बस हादसे में 45 लोगों की मौत हुई है और मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी हैं। मीडिया से बात करते हुए हैदराबाद पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार ने बताया कि 'बीती 9 नवंबर को हैदराबाद से 54 लोग उमराह के लिए जेद्दाह गए थे और इन लोगों को 23 नवंबर को वापस आना था। इन 54 में से चार लोग एक कार से मक्का से मदीना जा रहे थे और चार अन्य लोग मक्का में ही रुक गए थे। बाकी लोग हादसे का शिकार हुई बस में सफर कर रहे थे। हादसे के समय बस में 46 लोग सवार थे। हादसे में सिर्फएक व्यक्ति जीवित बचा है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।'

पुलिस आयुक्त ने कहा कि हमें जो सूचना मिली है, उसके मुताबिक 45 लोग मारे गए हैं और ये लोग 23 नवंबर को हैदराबाद लौटने वाले थे। एआईएमआईएम विधायक माजिद हुसैन ने भी बताया कि हमें जो शुरुआती रिपोर्ट मिल रही है, उसके तहत हादसे में 40 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। हम पीड़ित परिवारों से संपर्क कर रहे हैं। एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से हादसे में मारे गए लोगों के शवों को वापस भारत लाने में मदद की अपील की है।

तेलंगाना सरकार ने जारी किया बयान

तेलंगाना के मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफसे जारी एक बयान में सऊदी अरब में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया गया है और कहा कि सीएम ने तुरंत मुख्य सचिव और डीजीपी को हादसे से जुड़ी पूरी जानकारी जुटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ये भी जानकारी मांगी है कि हादसे में कथित तौर पर मरने वाले कितने लोग हैदराबाद के निवासी थे। मुख्यमंत्री ने सरकार के शीर्ष अधिकारियों को विदेश मंत्रालय से संपर्क करने और सऊदी अरब दूतावास से जानकारी लेने का सुझाव दिया है। मुख्य सचिव के निर्देश पर अधिकारी इस बात का पता लगा रहे हैं कि सऊदी अरब में हादसे का शिकार हुए कितने लोग तेलंगाना के थे और सचिवालय में एक कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि पीड़ित परिजनों को जानकारी दी जा सके।

महावाणिज्य दूतावास ने जारी किया टोल फ्री नंबर

जेद्दाह स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि सऊदी अरब के मदीना में हुए दर्दनाक हादसे में पीड़ित भारतीय उमराह यात्रियों के लिए 2437 चलने वाला एक कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका टोल फ्री नंबर है- 8002440003।

तेलंगाना भवन में किया नियंत्रण कक्ष स्थापित

राष्ट्रीय राजधानी में स्थित तेलंगाना भवन ने सऊदी अरब में हुए बस हादसे के संबंध में सूचना और सहायता के समन्वय के लिए एक समर्पित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

तेलंगाना भवन के वरिष्ठ अधिकारी रियाद स्थित भारतीय दूतावास के साथ लगातार संपर्क में हैं और घटना का पूरा विवरण जुटाने तथा यह सत्यापित करने का प्रयास जारी है कि प्रभावित तीर्थयात्रियों में कितने तेलंगाना के हैं। नियंत्रण कक्ष के संपर्क नंबर रेजिडेंट कमिश्नर की निजी सचिव वंदना- 91 98719 99044 , जनसंपर्क अधिकारी सीएच. चक्रवर्ती- 91 99583 22143 और संपर्क अधिकारी रक्षित नेल- 91 96437 23157 है।

**बंगलादेश की पूर्व...**

अनुपस्थिति में उनके खिलाफ मुकदमा चलाया गया।

**लड़कियों ने मंदिर से चुराई ...**

कि ऐसी गलती दोबारा नहीं दोहराई जाएगी। चूंकि तीनों लड़कियां नाबालिग हैं, इसलिए मामले को संवेदनशील मानते हुए उन्हें कड़ी कानूनी कार्रवाई से फिलहाल बचाया गया। तीनों को समझाइश देकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

**बारिश के कारण ...**

(एससीओटी) शोध प्रयोगशाला' का शुभारंभ किया। देहरादून 17 नवम्बर (वार्ता) उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने सोमवार को राजभवन में श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित 'हिन्द की चादरः एक सर्वोच्च बलिदान गाथा' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

**प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन...**

पर्यावरण-पैकेजिंग और स्वदेशी प्रौद्योगिकी में नवाचारों एवं उपकरणों का प्रदर्शन करना; प्रशिक्षण, इन्क्यूबेशन और उद्यम विकास के माध्यम से युवाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ जलवायु अनुकूल कृषि और मृदा स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत करना है। शिखर सम्मेलन में कृषि क्षेत्र की विभिन्न तकनीकों, प्रौद्योगिकियों एवं समाधानों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी भी शामिल होगी तथा आयोजन स्थल पर 300 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे।

**कोरबा के पैरावट में भीषण ...**

जीटीपी मारुति कंपनी की दमकल टीम मौके पर पहुंची और फायरमैन राजकुमार के नेतृत्व में पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया गया। यदि दमकल समय पर न पहुँचती, तो बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। पीड़ित करण अहीर ने बताया कि यादव समाज से होने के नाते उनके घर में गाय, बैल और बछड़े रहते हैं, जिनके चारे के लिए पैरावट इकट्ठा कर रखा गया था। लगभग साढ़े चार एकड़ में रखा पैरा, जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई जा रही है, जलकर राख हो गया। करण ने आरोप लगाया कि आसामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है, जिसकी सूचना थाना हरदी बाजार में दे दी गई है। निवासियों ने एसईसीएल दमकल विभाग की लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि महज पांच किलोमीटर की दूरी पर दमकल मौजूद होने के बावजूद टीम का न पहुंचना गंभीर चूक है। निजी कंपनी के दमकलकर्मी राजकुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और तत्काल आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई।

### किसानों का पंजीयन सहकारी समिति के जरिये जारी रखे

**नारायणपुर / नवप्रदेश।**आम आदमी पार्टी के बस्तर लोकसभा अध्यक्ष नरेन्द्र नाग ने कहा है कि सरकार की लापरवाही से प्रदेश में किसान परेशान है। नारायणपुर जिले में एग्रोस्टेक पोर्टल में खराबी के कारण हजारों किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है जिस कारण किसान धान ना बिकने की समस्या से चिंतित हैं। लाखों किसानों का गिरदावरी में पंजीयन हुआ है लेकिन कुछ गड़बड़ी के कारण किसान धान बेचने से वंचित रह जायेंगे।अब तक सरकार द्वारा जो गिरदावरी में आवेदन लिया गया है उसमें किसान की भूमि, खसराङ्खतौनी, फसल आदि का डेटा राजस्व अभिलेखों से मिलान नहीं हो रहा है,और कई जगह पुराना रिकॉर्ड है ।

## न्यूज गैलरी

### सामान्य सभा की बैठक 20 को

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 20 नवंबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में अपरान्ह 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में आदिवासी विकास विभाग, वन विभाग, पर्यावरण विभाग, खाद्य विभाग, उद्यानिकी विभाग के कार्यों तथा धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगणों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### नशा मुक्त भारत अभियान का शपथ समारोह 18 को

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के पाँच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी अभियान की सफलता सुनिश्चित करने 18 नवंबर को जिले में व्यापक स्तर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने विभाग के साथ-साथ अधीनस्थ कार्यालयों, आम जनता, जनप्रतिनिधियों, जिलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं (स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और कृषि शिक्षा), गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं, महिला समूहों, स्वयंसेवकों, आध्यात्मिक गुरुओं, व्यापारिक संघों, पंचायती राज संस्थाओं, यूएलबी, पीएसयू, एसएचजी, एनएसएस, एनसीसी, पुलिस जवानों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, श्रमिकों व अन्य सभी वर्गों को सम्मिलित करते हुए व्यापक स्तर पर नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ कराने कहा है।

### बारात से लौट रही स्कॉर्पियो पलटी, 9 घायल

**सूरजपुर/नवप्रदेश।** सूरजपुर में एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में स्कॉर्पियो में सवार सभी 9 लोग घायल हो गए। इनमें से सात गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर रेफर किया गया है। मामला विश्रामपुर थाना क्षेत्र का है। घटना 17 नवंबर की सुबह नेशनल हाईवे 43 पर विश्रामपुर के पास हुई। वाहन में सवार 9 लोग अंबिकापुर से बारात में शामिल होकर रामानुजनगर लौट रहे थे। तभी ड्राइवर ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया। शेष दो घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में चल रहा है। हादसे के दौरान सड़क किनारे खड़ी एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# निगम में एनर्जी ऑडिट अभियान : स्थायी रूप से काटा गया 8 अनुपयोगी मीटरों का कनेक्शन

**■ निगम कमिश्नर के सख्त निर्देश पर बघेरा जोन व सिटी जोन में विद्युत मीटर काटे गए**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में विद्युत खपत की वास्तविकता जानने और ऊर्जा प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से व्यापक ईएनर्जी ऑडिट कराया जा रहा है। आयुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि निगम क्षेत्र में लगे सभी विद्युत मीटरों की गहन जांच कर अनियमितता, दुरुपयोग या अनुपयोगी मीटर मिलने पर तुरंत मौके पर कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही की जाए। आयुक्त ने कहा कि निगम द्वारा लगाए गए किसी भी विद्युत मीटर का दुरुपयोग या अनियमित उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजस्व हानि रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्युत विभाग व निगम की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता सुरेश केवलानी, उपअभियंता मोहित मरकाम सहित अन्य स्टाफ मेंबर मौजूद रहे। एनर्जी ऑडिट के दौरान कई स्थानों पर अनुपयोगी/बंद मीटर, संदिग्ध खपत और रिकॉर्ड से मेल न खाने वाले मीटर पाए गए। ये मीटर वर्षों से उपयोग में नहीं थे, लेकिन रिकॉर्ड में सक्रिय बने हुए थे। आयुक्त ने इसे निगम के राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला बड़ा कारक बताया और तत्काल स्थायी विच्छेदन के निर्देश दिए। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर बघेरा जोन और सिटी जोन में विशेष ऑडिट और निरीक्षण चलाया गया।

निगम टीम ने कुल 8 अनुपयोगी मीटरों का स्थायी विच्छेदन किया। इनमें कस्तूरबा बाल मंदिर के अनुपयोगी मीटर, पोलसाय पारा में उपयोग बंद लेकिन रिकॉर्ड में सक्रिय, शहीद चौक के पास संदिग्ध खपत, लुचकी तालाब के पास काफी समय से निष्क्रिय मीटर पाए गए। बघेरा हाऊसिंग बोर्ड अनुपयोगी मीटर, पुलगांव में बंद मीटर का कनेक्शन भी बंद किया गया। आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों और निरीक्षण टीमों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि निगम द्वारा लगाए गए किसी भी मीटर में टेंपरिंग, अवैध कनेक्शन या दुरुपयोग पाए जाने पर तुरंत कनेक्शन काटा जाए। दोषियों पर जुर्माना, राजस्व वसूली व आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रत्येक जोन में प्रतिदिन निरीक्षण रिपोर्ट अनिवार्य रूप से होनी चाहिये। आने वाले दिनों में पूरे शहर में यह अभियान और अधिक तेज होगा। इस कार्रवाई से शहर में ऊर्जा उपभोग की वास्तविकता सामने आएगी और निगम को अनावश्यक राजस्व हानि से बचाया जा सकेगा। प्रत्येक मोहल्ले, वार्ड और जोन में लगातार निरीक्षण होगा और जहां भी अनियमितताएं मिलेंगी, वहाँ तुरंत कार्रवाई होगी।

### मोबाइल टॉवर संचालकों को थमाया नोटिस, 7 दिनों के भीतर कराएं नवीनीकरण

**नवीनीकरण के बिना चल रहे टॉवरों को निगम करेगा जप्त**

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने डाटा सेंटर दुर्ग में राजस्व विभाग, लायसेंस विभाग की समीक्षा करते हुए वसूली तेज करने के निर्देश दिये। बैठक में राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप न होने पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने नगर निगम की सीमा के अंतर्गत स्थापित मोबाइल टॉवरों की जानकारी ली। कई साल से टॉवरों का नवीनीकरण न होने पर आयुक्त ने सख्त निर्देश दिये। मोबाइल टॉवर संचालकों द्वारा अवैध रूप से बिना नवीनीकरण कराए संचालन किया जा रहा है। यह नियमों के विपरीत है। कुछ मोबाइल टॉवर अवैध रूप से बिना निगम से अनुमति प्राप्त किये संचालित किये जा रहे हैं। आयुक्त ने सभी प्रकार के मोबाइल टॉवर संचालकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि अवैध मोबाइल टॉवर को वैध कराने / नवीनीकरण कराने के लिये निगम के लायसेंस शाखा में संपूर्ण दस्तावेज 7 दिनों के भीतर जमा करें। अवैध टॉवरों को वैध कराने की कार्यवाही न कराने पर मोबाइल टॉवरों को चिन्हकित कर बिजली कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही की जाएगी। भूमि स्वामी / भवन स्वामी के विरूध्द भी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। कार्रवाई होने पर मोबाईल टावर संचालक स्वयं जिम्मेदार होंगे। आयुक्त ने सभी मोबाइल टॉवर संचालकों से अपील की है कि निर्धारित समय पर निगम से अनुमति प्राप्त करें। बैठक में राजस्व अधिकारी आरके बोरकर, सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव, उपनिरीक्षक निशांत यादव, संजय मिश्रा और सभी सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सुरक्षा अलर्ट : पुलिस ने शुरू किया वाहनों की जांच का अभियान

**मेन रोड में रखे 173 वाहन हटाए गए, दूसरे दिन 577 चालान कटे**

**भिलाई/नवप्रदेश।** यातायात पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा अलर्ट के मद्देनजर 15 नवंबर को दूसरे दिन भी जिले में सघन सुरक्षा और यातायात जांच अभियान चलाया। इस दौरान बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वाड की विशेष टीमें तैनात की गईं। पुलिस ने हाईवे से लेकर शहर के मुख्य मार्गों तक गाडियों की जांच की।

अभियान के तहत पूरे दिन कुल 577 चालानी प्रकरण दर्ज किए गए। मेन रोड पर बिना उपयोग, संदिग्ध या अवैध रूप से खड़े 18 भारी वाहनों और 155 छोटी गाडियों सहित कुल 173 वाहनों को हटाया गया। पुलिस टीमों ने अंजोरा से नेहरू नगर, नेहरू नगर से भिलाई-3 और कुम्हारी टोल प्लाजा तक लगातार गश्त कर जांच की। इन मार्गों पर वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग और असुरक्षित वाहनों की मौजूदगी एक बड़ी समस्या थी। कई स्थानों पर सर्विस लेन और मुख्य मार्ग पर खड़े वाहन सुरक्षा जोखिम पैदा कर रहे थे। पुलिस ने ऐसे वाहनों को हटाकर मार्ग को सुचारू किया, जिससे आम नागरिकों की यात्रा अधिक सुरक्षित हो सके।

हाई-अलर्ट अवधि में सुरक्षा के दृष्टिकोण से दृश्यता बढ़ाने पर भी पुलिस का विशेष जोर रहा। यातायात पुलिस ने संबंधित विभागों और नगर निगम की सहायता से सड़क किनारे उगी झाड़ियों और अवरुद्ध हिस्सों की सफाई का कार्य शुरू किया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की गई।

बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, ओवरलोड वाहन, बिना कागजात के वाहन चलाने वाले और नो-पार्किंग में गाडियां खड़ी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यह जानकारी दुर्ग पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने दी। दुर्ग यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वाहन, बैग या गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें।

### 200 नग नशीले इंजेक्शन के साथ युवक पकड़ाया

**सूरजपुर/नवप्रदेश।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने सूरजपुर जिले के ग्राम चंद्रेली में कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपये मूल्य के 200 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किए। आरोपी रामबरत रवि को पकड़कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम चंद्रेली निवासी रामबरत रवि घर पर ही नशीले इंजेक्शन की बिक्री करता है। इसके बाद 16 नवंबर को टीम ने उसके घर पर दबिश दी। टीम को देखकर आरोपी झोला लेकर भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। झोले की तलाशी में एक लाख रुपये मूल्य के 200 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। आबकारी टीम ने आरोपी के खिलाफ धारा 22 सी एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज कर प्रतापपुर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करा दिया गया है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के द्वारा नशीले इंजेक्शन के विक्रेताओं पर ताबड़तोड़ कार्रवाई से पूरे सरगुजा संभाग में नशे के सौदागरो में हड़कंप मचा हुआ है। आबकारी टीम के द्वारा सरगुजा संभाग में अब तक नशीले इंजेक्शन विक्रेताओं पर 26वीं बड़ी कार्रवाई है की गई है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता, उपनिरीक्षक तेजराम केहरी, आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, महिला सैनिक अंजू एक्का सक्रिय रहे।

### कच्चे मकान की दीवार ढहने से 2 की मौत

**दुर्ग।** जिले में एक कच्चे मकान की दीवार ढहने से 2 मजदूरों की मौत हो गई। 2 अन्य मजदूर घायल हुए है। घटना धमधा से 12 किलोमीटर दूर पेंड्रावन गांव में गुरुदेव नामक डॉक्टर के मकान में नींव खुदाई का काम चल रहा था। मिट्टी की खुदाई के दौरान साइड की कमजोर दीवार अचानक ढह गई। मलबे के नीचे दबने से दो की मौत हो गई।

## सेल इंटर-प्लांट क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 में बीएसपी ने जीता खिताब

**भिलाई/नवप्रदेश।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग, एससी एंड सीए द्वारा आयोजित सेल इंटर प्लांट क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 का समापन 15 नवम्बर को सेक्टर 1 स्थित बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड में रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ। सेल इकाइयों के बीच उच्च स्तरीय खेल-प्रतिस्पर्धा और उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए प्रसिद्ध चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले में भिलाई इस्पात संयंत्र बीएसपी और ईस्को इस्पात संयंत्र बर्नपुर की टीमें आमने-सामने थीं। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए बर्नपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 143 रन बना कर बीएसपी की टीम के लिए 144 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। भिलाई की टीम ने संयमित बल्लेबाजी और प्रभावी साझेदारियों के दम पर 18.4 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाकर 5 विकेट से जीत दर्ज करते हुए चैम्पियन का ताज अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण समारोह में महाप्रबंधक एचआर नॉन वर्क्स जे एन ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट खेल भावना की प्रशंसा की। व्यक्तिगत पुरस्कारों की श्रेणी में बीएसपी के वेंकटेश को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज़ घोषित किया गया।

उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 125 रन बनाए और 10 विकेट हासिल किए। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार कपिल नायडू को मिलाए, जिन्होंने पांच मैचों में कुल 208 रन जुटाए। बेस्ट बॉलर का खिताब राउरकेला इस्पात संयंत्र के सुवर्ण को दिया गया, जिन्होंने 10 विकेट चटकाए।

फाइनल मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मैन ऑफ द मैच का सम्मान बीएसपी के सुवेंदु कुमार को मिला, जिन्होंने 37 गेंदों में तेज़तर्रार 54 रनों की प्रभावशाली पारी खेली। फाइनल मुकाबले में अंपायरिंग राणा प्रताप सिंह और पीयूष साहू ने निभाई।

### 20 हजार सूखे कुएं, वन सचिव से मांगा शपथपत्र

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बलौदाबाजार जिले के बारनवापारा बन्य क्षेत्र में खेत में बने गहरे कुएं में हाथियों के गिरने की घटना पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने वन सचिव से शपथपत्र पर जवाब तलब किया है। डिवीजन बेंच ने पूछा है कि, इस तरह के खुले हुए सूखे कुओं को ढंकने शासन क्या कदम उठा रहा है। रायगढ़ में हाथी की मौत पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका के रूप में सुनवाई चल रही है। हाल ही में बलौदाबाजार जिले में भी गत सप्ताह करनवापारा बन्य क्षेत्र के ग्राम हरदी में खेत में बने गहरे कुएं में चार हाथी गिर गए। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने तत्काल 8 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के चाद सभी हाथियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सुबह खेतों की ओर जा रहे किसानों ने जब हाथियों की जोरदार चिंघाड़ सुनी, तो वे मौके पर पहुंचे और देखा कि चारों हाथी कुएं में फंसे हुए हैं। इसके बाद तुरंत वन विभाग को सूचना दी गई।

**कुएं कैसे बंद होंगे कुछ तय नहीं**

आज सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने हस्तक्षेपकर्ता ने बताया कि बलौदाबाजार जिले के बारनवापारा अभयारण्य के ग्राम हरदी में तीन हाथी और एक शावक खुले सूखे कुएं में गिर गए थे, जिन्हें जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। शासन के हलफनामे में बताया गया कि, प्रदेशभर में ऐसे करीब 20 हजार खुले सूखे कुएं मौजूद हैं, लेकिन इन्हें बंद करने या कवर करने के उपाय स्पष्ट नहीं बताए गए। इस पर हाईकोर्ट ने शासन से पूछा कि, इस प्रकार की घटनाएँ कैसे हो रहीं हैं। वन्यजीवों की सुरक्षा करना भी वन विभाग की जवाबदारी है। हाईकोर्ट ने वन सचिव से इस बारे में शपथपत्र पर विस्तृत जवाब देने को कहा है। इसमें बताना होगा कि, इस प्रकार के कुओं को ढंकने के लिए विभाग क्या क्या कदम उठा रहा है। 15 दिसम्बर की अगली सुनवाई से पहले अतिरिक्त जवाब पेश करना होगा।

### शिविर में निपटारा

**भिलाई।** भारत सरकार द्वारा 100 जिलों में दावा रहित जमा राशियों हेतु जिला स्तरीय मेगा शिविर आज आयोजित किये गए। छत्तीसगढ़ राज्य से दुर्ग जिले को चयनित किया गया था। जिले में कुल 172174 खातों में कुल राशि 65.59 करोड़ हैं। इनके लिए निगम भिलाई सभागार में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि भारतीय रिजर्व बैंक से रीनी अजीत (क्षेत्रीय निदेशक) उपस्थित रहे। राजीव कुमार पांडे आयुक्त नगर निगम भिलाई, भरत चावड़ा उप अंचल प्रबंधक, बैंक ऑफ बडौदा, मनोज सिंग सहायक महाप्रबंधक छ.ग. राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी भी उपस्थित रहे।

## जनपद पंचायत बिल्हा अन्तर्गत, सासंद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** सांसद खेल महोत्सव 2025 का आज दिनांक 17 नवम्बर 2025 को जनपद पंचायत बिल्हा के ग्राम पंचायत रहंगी से प्रारंभ हुआ, जिसकी अध्यक्षता श्री धरमलाल कौशिक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, विधायक बिल्हा विधानसभा के द्वारा कि गई जिसके मुख्य अतिथि श्री तोखन साहू, आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री जी रहें खेल में प्रथम कलस्टर में सम्मिलित 17 ग्राम पंचायतों के 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया सांसद खेल महोत्सव हेतु चयनित विभिन्न खेल जैसे- बोरा दौड़, नींबू दौड़ 400 मीटर दौड़, कबडडी रस्साकसी, फूटबाल, बालीबाल एवं तीरंदाजी खेल का आयोजन किया गया माननीय सांसद महोदय एवं विधायक महोदय द्वारा नीबू दौड़ एवं रस्साकसी में विजेताओं को मेडल से सम्मानित किया गया। इस प्रकार रस्साकसी (पुरुष वर्ग) में सेंवार प्रथम, हरदी द्वितीय, बोरा दौड़ (पुरुष वर्ग) अमर पोर्ते प्रथम, सोनल द्वितीय, कबडडी (पुरुष वर्ग) लिमतरी प्रथम, झलफा द्वितीय नीबू दौड़ (पुरुष वर्ग) अमन वर्मा प्रथम, आयुष कौशिक द्वितीय, नीबू दौड़ (महिला वर्ग) दिपिका प्रथम, अक्षरा दुबे द्वितीय स्थान, फुटबाल (पुरुष वर्ग) रहंगी प्रथम, बालीवाल (पुरुष वर्ग) सेंवार प्रथम, कडार द्वितीय, 400 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) भूमिका यादव सेजेस चकरभाठा कन्या, तमन्ना लोधी सेजेस चकरभाठा कन्या द्वितीय स्थान के विजेता रहे। सांसाद खेल महोत्सव कार्यक्रम में विशेष रुप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूयवंशी जी, एस डी एम बिल्हा आकांक्षा त्रिपाठी,जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. रामकुमार कौशिक जी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री विक्रम सिंह, जनपद सदस्य रजनी श्रीवास, महामंत्री श्री सोमेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष श्री इन्द्रजीत सिंह क्षत्री, मंडल अध्यक्ष श्री लव श्रीवास, श्रीमती लक्ष्मीन काठले सरपंच ग्राम पंचायत रहंगी एवं पंचायत, शिक्षा तथा खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहें।

**आज छत्तीसगढ़ कांग्रेस की उच्च-स्तरीय जांच समिति दुर्ग पहुंचेगी**

## जिला अस्पताल में हुई मौतों से आक्रोश : शोक में डूबे परिवारजनों से मिले वोरा

**दुर्ग/नवप्रदेश।** जिला अस्पताल में नसबंदी के ऑपरेशन के फौरन बाद दो महिलाओं पूजा यादव (27) और किरण यादव (30) की दर्दनाक मौत के बाद शहर में आक्रोश की स्थिति है। आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा शोक में डूबे दोनों परिवारों के घर पहुँचकर परिजनों से दुख की घड़ी में ढाढ़स बंधाया।

सिकोला भाटा पहुँचे वोरा ने किरण यादव के परिवार से मुलाकात की। परिजनों ने रो-रोकर बताया कि किरण बिल्कुल स्वस्थ थी।

अस्पताल की लापरवाही ने पूजा को हमसे छीन लिया। वोरा ने परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है।

*अरुण वोरा ने दोनों परिवारों को बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूरे मामले की गहन जांच के लिए छह-सदस्यीय उच्च-स्तरीय समिति गठित की है। पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को जांच समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके अलावा अरुण वोरा पूर्व विधायक, संगीता सिन्हा विधायक, बालोद, हर्षिता बघेल विधायक, डोंगरगढ़, छन्नी साहू पूर्व विधायक, नीता लोधी पूर्व महापौर 17 नवंबर को दुर्ग आएंगे और मृत महिलाओं के परिजनों से मुलाकात करने के बाद जिला अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद ऑपरेशन प्रक्रिया और दवाओं की जाँच के साथ ही लापरवाही के वास्तविक कारणों की पड़ताल करते हुए अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे।*

ऑपरेशन के दौरान स्वस्थ मां ने दम तोड़ दिया। यह सामान्य घटना नहीं हो सकती। इस मामले की गहन जाँच जरूरी है। ताकि, सच सामने आए।

इस मामले में दोषी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। वोरा बजरंग नगर पहुँचे और पूजा यादव के पति और परिजनों से मिले। पूजा दो बच्चों की माँ थी।

परिजन बार-बार यही कह रहे थे कि पूजा पूरी तरह नॉर्मल थी, लेकिन ऑपरेशन टेबल पर अचानक झटके आए और कुछ ही मिनटों में उसकी जान चली गई। वोरा ने कहा कि दुर्ग जिला अस्पताल में यह घटना सिस्टम की खतरनाक नाकामी है।

### जॉब फेयर 18 को

**दुर्ग।** आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जीई रोड पावर हाउस भिलाई में 18 नवम्बर को कंपनी/उद्योग द्वारा जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई से प्राप्त मार्कशीट, सर्टिफिकेट व रिज्यूम के साथ उपस्थित हो सकते हैं। आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई के प्राचार्य टी.के. सातपुते से मिली जानकारी के अनुसार जॉब फेयर में वास्लोह बीके कास्टिंग लिमिटेड भिलाई द्वारा मशीनिष्ट, विद्युतकार, फिटर, वेल्डर, फाउंड्रीमेन। पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड अहमदनगर द्वारा समस्त मैकेनिकल व्यवसाय, बैक्सी एलटीडी भिवाड़ी द्वारा फिटर, टर्नर, विद्युतकार, टर्नर व समस्त मैकेनिकल व्यवसाय सहित अन्य पर भर्ती की जाएगी।

## स्व. बिंदेश्वरी बघेल महाविद्यालय में नशामुक्ति पर कार्यक्रम

**कुम्हारी/नवप्रदेश।** स्व बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य सोनिता सत्संग सहित सभी कर्मचारी, छात्र-छात्राओं व सहायक अध्यापकों ने नशा मुक्त भारत अभियान के एनमबीए की पोर्टल पर जाकर शपथ ग्रहण किया और शपथ प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। क्विज प्रतियोगिता में धीरज साहू प्रथम, डाली यादव द्वितीय व श्रुति बंदे तृतीय को पुरस्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में योगेश्वरी सोनकर (बीएससी प्रथम वर्ष), लिसा साहू (बीएससी प्रथम वर्ष)और जया देवांगन (बीएससी तृतीय सेमेस्टर) क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी कर्मचारी, सहायक प्राध्यापक व छात्र-छात्राओं का सहयोग सराहनीय रहा। संपूर्ण कार्यक्रम यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी व एंटी ड्रग कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। डॉ एन जयश्री सहायक प्राध्यापक द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

### निधन : लोकेंद्र साहू

**दुर्ग।** केलाबाड़ी निवासी लोकेन्द्र साहू का रविवार की सुबह निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 नवंबर सोमवार को दोपहर 12:30 बजे उनके निवास स्थान से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डॉ. ज्ञानेश कुमार साहू के पिता थे।

## न्यूज गैलरी

### एफएलएन मेला शिक्षा को रोचक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है: महेश्वर सिंह जयसिंधु

**नगरी/नवप्रदेश।** राज्य शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 14 नवंबर 'बाल दिवस' को एफ एल एन मेला का आयोजन हुआ. शासकीय प्राथमिक शाला दलदली अ में आयोजित मेले में प्राथमिक शाला बिलभदर, दलदली ब एवं चचानवाही के विद्यार्थी, शिक्षकों के साथ पालक भी उपस्थित हुए. 'करके देखबो सीख के राहीबो' की भावना से प्रेरित मेले में खेल, गणितीय प्रयोग, भाषा आधारित गतिविधियां, स्टॉल के माध्यम से टी एल एम का प्रदर्शन हुआ. इस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता कौशल का विकास करना था. ताकि वह पढ़ने लिखने और बुनियादी गणितीय अवधारणाओं को सहजता से समझ सके. मेले में मुख्य रूप से सरपंच चित्ररेखा कुंजाम उपस्थित रहीं. संकुल केंद्र कर्राघाटी के संकुल प्रभारी महेश्वर सिंह जयसिंधु ने कहा कि यह मेला बच्चों में सीखने की जिज्ञासा बढ़ाने, आत्मविश्वास विकसित करने और शिक्षा को रोचक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के स्तर पर सीखने को आनंदमय बनाने के मुहिम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किसून राम ध्रुव, परस राम ध्रुव, कविता, सुर्यनारायण राव, राजकुमार शील, गणेश राम ध्रुव, सरस्वती कोसरे, स्मिता मरकाम, दीक्षा सुर्यवंशी, सरिता ध्रुव उपस्थित रहीं.

### महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री की पाती का वाचन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके वीरगाथा एवं जीवनी के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य करूणा दुबे ने किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य आदिकाल से ही जनजातियों का घर रहा है। यहां हल्बा, मुरिया, माड़िया, बिंझवार, गोंड जैसे कई जनजातीय समुदायों ने विभिन्न आंदोलनों के जरिए भारत के स्वतंत्रता संग्राम की नींव को मजबूत किया था। 1857 की महान क्रांति के नायक शहीद वीर नारायण सिंह, बस्तर भूमकाल विद्रोह के जननायक गुंडाधूर, जंगल सत्याग्रही शहीद रामाधीन गोंड एवं अन्य जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शौर्य एवं गौरव के बारे में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार मुख्यमंत्री की पाती का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन मनबोध चौहान व आभार प्रदर्शन अजय कुमार राजा ने किया। कार्यक्रम में डॉ मालती तिवारी, प्रदीप कन्हेर, डॉ जगदीश सत्यम, मनीषा प्रधान, परवीन करीम, डॉ कलम रेखा, अंकिता साहू, राकेश जांगड़े उपस्थित रहे।

### खेल का उद्देश्य केवल जितना नहीं, कुछ सीखना भी होना चाहिए : निखिलकांत

**महासमुंद / नवप्रदेश।** ग्राम केड़ियाडीह (सिरपुर) में जय ठाकुर देव कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने ठाकुर देव व ग्राम के देवी देवताओं की पूजा कर गांव की समृद्धि की प्रार्थना की। खिलाड़ियों के उत्साह व खेल कौशल को देख मुख्य अतिथि श्री साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों का उद्देश्य केवल जितना ही नहीं, कुछ सीखना भी होना चाहिए। हार जीत तो स्वाभाविक है, लेकिन परिणाम चाहे जो भी हो हर परिस्थिति में संयमित रहकर जो खेल कौशल में सुधार करता है, वही असली खिलाड़ी होता है। इसलिए स्पर्धा के दौरान ध्यान रखें कि कोई किसी का शत्रु नहीं केवल एक खिलाड़ी है। खेल भावना का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

इससे पूर्व आयोजन समिति के सदस्यों व ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि श्री साहू का भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से निहाल सोनकर, रत्नेश साहू, कुणाल चंद्राकर, गंगा प्रसाद ध्रुव, समिति अध्यक्ष बलिराम निषाद, सचिव खिलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष गजानंद निषाद, कोषाध्यक्ष सतवन ध्रुव, मंच संचालक शोभाराम निषाद, अजय शेखर नेताम, तोरण लाल निषाद आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना मुख्य उद्देश्य : मोना सेन

■ **छत्तीसगढ़ फिल्म निगम के अध्यक्ष एवं अभिनेत्री मोना सेन मैनपुर पहुंची नगर व क्षेत्र के लोगों ने जोरदार स्वागत किया**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** गरियाबंद जिले के वनांचल मैनपुर क्षेत्र की प्राकृतिक सौन्दर्य पूरे प्रदेश और देश के लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और यहां भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित फिल्म माटी पुत्र बिरसा बलिदानी फिल्म का इन दिनों शूटिंग चल रहा है जिसमें पूरे क्षेत्र के लोग अपना सहयोग प्रदान कर रहे है। निश्चित रूप से यहां के लोग फिल्म कलाकारों को प्रोत्साहित कर रहे है वह अपने आप में एक मिशाल है। उक्त बातें मैनपुर पहुंचे छत्तीसगढ़ फिल्म निगम के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध अभिनेत्री मोना सेन भगवान बिरसा मुंडा जी के 150वीं जयंती पर मैनपुर में बिरसा बलिदानी के पोस्टर विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम, एसडीओपी पुलिस ओपी खुजुर, विकास पाटले, जनपद सदस्य श्रीमति कुमारी पटेल, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, सरोज सेन, भाजपा नेता रूपेश साहू एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को आगे संबोधित करते हुए मोना सेन ने कहा छत्तीसगढ़ फिल्म निगम के माध्यम से छत्तीसगढ़ के फिल्म निर्माण के क्षेत्र में नई दिशा दिलाना है जिससे पर्यटन, रोजगार और संस्कृति तीनो को नई मजबुती मिलेगी साथ ही स्थानीय युवाओ को रोजगार के साथ -साथ प्रशिक्षण तथा तकनीकी दक्षता के अवसर मिलेंगे। उन्होने छत्तीसगढ़ फिल्म उद्योग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा यह समय है जब प्रदेश के कलाकारो और तकनिशियनो को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के एक मजबुत प्लेटफार्म मिले। मोना सेन ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा उन्होने उन्हे फिल्म निगम का अध्यक्ष बनाया है साथ ही यह उम्मीद जताई है कि यह दायित्व का वह पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगी। छत्तीसगढ़ फिल्म को आगे ले जाने के लिए पूरा भरसक प्रयास किया जायेगा। प्रदेश में पहली बार फिल्म निगम बना है और मेरा उद्देश्य है कि छालीवुड का भला होना चाहिए हमेशा मै इस क्षेत्र के लिए समर्पित रहुंगी। आपसी भाईचारा प्रेम जीवन में बहुत जरूरी है कोई काम छोटा बड़ा नही है हम सबको एक परिवार की तरह रहना है उन्होंने क्षेत्रवासियो से कहा कोई भी कार्य हो मेरे से संपर्क करे कोई एंपाईमेंट लेने की जरूरत नही है। उन्होने बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के साथ ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई के संबंध में भी लोगों से चर्चा किया साथ ही छत्तीसगढ़ फिल्म निगम के निर्माण से एक नई पहचान मिलने की बात कही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम ने कहा बड़ी खुशी की बात है कि मैनपुर क्षेत्र में पिछले एक माह से फिल्म का शूटिंग हो रहा है और आज हमारे बीच बोर्ड के अध्यक्ष मोना सेन स्वयं पहुंची है।

# अनुभवी कर्मचारियों को हटाने से उपार्जन व्यवस्था अस्थिर

**उतई / नवप्रदेश।** राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष के अति-संवेदनशील दौर में धान खरीदी व्यवस्था में किए गए व्यापक प्रशासनिक फेरबदल, जिसके तहत अनुभवी कर्मचारियों को हटाकर गैर-कृषि पृष्ठभूमि वाले अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, जिससे किसानों के बीच गंभीर वित्तीय संकट की आशंका पैदा कर दी है।

किसान संगठनो ने चेतावनी दी है कि अनुभवहीनता के कारण धान उपार्जन प्रणाली में होने वाली त्रुटियाँ सीधे किसानों की आर्थिक रीढ़ KCC (किसान क्रेडिट कार्ड) लोन भुगतान को प्रभावित करेंगी, जिससे हजारों किसानों के खातों पर NPA का खतरा मंडरा रहा है।

छत्तीसगढ़ में इसवर्ष 150-160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी किये जाने का अनुमान है, और यह प्रक्रिया तकनीकी सटीकता और समयबद्धता की मांग करती है।

#### दोहरी संकट -तकनीकी त्रुटियाँ और वित्तीय जोखिम

किसान संगठनों का कहना है कि अनुभवी कर्मचारियों के हटने से

दोहरे खतरे उत्पन्न हो गए हैं:

#### 1. खरीदी केंद्र पर तकनीकी और परिचालन त्रुटियाँ

गुणवत्ता जांच में चूक: अनुभवहीन कर्मियों के कारण नमी, टूटे दाने या अशुद्धियों का गलत आकलन होगा, जिससे किसानों के धान में अनावश्यक और मनमानी कटौती की जाएगी।

तुलाई और पोर्टल एंट्री की गलती: इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों और उपार्जन पोर्टल के संचालन में अनुभव की कमी से गलत वजन, गलत ऑनलाइन एंट्री, या त्रुटिपूर्ण रसीदें जारी होने की आशंका है। एक भी गलत एंट्री होने पर किसान का भुगतान फंस सकता है।

भीड़ और अराजकता: जमीनी व्यवस्था का ज्ञान न होने से खरीदी केंद्रों पर भीड़, अव्यवस्था, और तुलाई में भारी देरी होगी।

#### 2. KCC लोन भुगतान पर सीधा खतरा

धान खरीदी के बाद किसानों को मिलने वाले भुगतान से ही लाखों [illegible] खातों का समायोजन किया जाता है। यह कार्य अत्यंत जटिल और तकनीकी होता है।

**देरी से भुगतान:** खरीदी केंद्र पर अव्यवस्था या पोर्टल में गलत एंट्री के कारण किसान के बैंक खाते में भुगतान देरी से पहुँचेगा।

NPA का खतरा: यदि भुगतान KCC की नियत तारीख तक नहीं पहुँचता है, तो किसान ब्याज सब्सिडी (3% की छूट) से वंचित हो जाएंगे, और उनका खाता NPA घोषित हो सकता है।

गलत समायोजन: अनुभवहीन अधिकारियों द्वारा किए गए गलत एडजस्टमेंट के कारण KCC की बकाया राशि गलत तरीके से अधिक दिख सकती है, जिससे किसान अगले वर्ष नया लोन या सरकारी लाभ लेने से वंचित हो सकते हैं।

**किसान नेता ढालेश साहू का सशक्त बयान**

धान खरीदी कोई प्रशासनिक प्रयोग का मैदान नहीं है। यह लाखों किसानों की वित्तीय स्थिरता और [illegible] बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ा मामला है। एक गलत एंट्री या एक दिन की भुगतान देरी से किसान पर [illegible] का ठप्पा लग सकता है, जिससे उसकी पूरी कृषि अर्थव्यवस्था चौपट हो जाएगी।

हम सरकार से मांग करते हैं कि धान खरीदी के संवेदनशील कार्य में अनुभवी कर्मचारियों की तत्काल पुनर्वापसी सुनिश्चित की जाए। यदि सरकार ने जानबूझकर उत्पन्न की गई इस अव्यवस्था पर तुरंत कार्रवाई नहीं की, और यदि एक भी किसान का [illegible] खाता गलत समायोजन या देरी के कारण [illegible] होता है, तो किसान व्यापक और उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### जिनियस पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर जायके का सफर' कार्यक्रम का भव्य आयोजन

■ **बच्चों ने बनाए लजीज व्यंजन, झूला मनोरंजन का उठाया भरपूर आनंद लेते हुए**

**नगरी/ नवप्रदेश।** नगर के प्रतिष्ठित जिनियस पब्लिक स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर 'जायके का सफर' कार्यक्रम बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तरह तरह के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए और उन्हें अतिथियों व अभिभावकों को परोसा। बच्चों की रचनात्मकता और पाक-कला को देखकर उपस्थित सभी लोगों ने उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। जिसमे कार्यक्रम स्थल पर बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, फिसलपट्टी व विभिन्न खेल सामग्री की आकर्षक व्यवस्था की गई थी, जिसमें नन्हे-मुन्नों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। बड़ी संख्या में पहुंचे अभिभावक भी इन यादगार पलों के साक्षी बने। जिनियस पब्लिक स्कूल अपने शैक्षणिक स्तर के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के लिए भी जाना जाता है। हर वर्ष स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस, ईलेवन फंक्शन सहित अनेक विभिन्न कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किए जाते हैं, जिससे बच्चों में नेतृत्व, सहभागिता और आत्मविश्वास का विकास होता है। जिसके साथ छोटे छोटे बच्चे भी विभिन्न गतिविधियों में अपना प्रदर्शन करते दिखाई देते हैं

विद्यालय के संचालक मोहन सोनी ने कहा कि स्कूल संचालित करने का उद्देश्य केवल आर्थिक लाभ अर्जित करना नहीं है, बल्कि इस आदिवासी अंचल के बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना है।

### स्कूल चैंपियनशिप में वेडनर मेमोरियल ने आत्मानंद इंग्लिश स्कूल को किया परास्त

**महासमुंद / नवप्रदेश।** टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित टर्मिनेटर स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी-1 के 15 नवंबर के प्रथम मैच में स्वामी आत्मानंद स्कूल ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। वेडनर मेमोरियल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 154 रन बनाए। वेडनर स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए आवेश अली ने सर्वाधिक 78 रन एवं जितिन कश्यप ने 20 रनों का योगदान दिया। स्वामी आत्मानंद स्कूल की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सैयम यादव ने 1 विकेट लिए। जवाब में 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आत्मानंद स्कूल की टीम ने 140 रन बनाए।

# सी सी रोड के भूमिपूजन में उपस्थित रहे वार्डवासी

**भाटापारा / नवप्रदेश।** नगर के वार्ड क्रमांक 19 में बब्बू होटल से छाबड़ा फ्लोर मिल तक 6.28 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान काफी तादाद में वार्ड वासी उपस्थित थे।

सी.सी. रोड निर्माण का यह कार्य वार्ड में बेहतर आवागमन, स्वच्छता और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सड़क निर्माण पूर्ण होने पर नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात का लाभ प्राप्त होगा।पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से क्षेत्र की महत्वपूर्ण आवश्यकता थी और इसके पूर्ण होने पर वार्डवासियों को अत्यंत लाभ

मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं को व्यापक रूप से बेहतर बनाने के लिए नगर में कई कार्य नियोजित हैं, और जनता के सहयोग से ये सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि वार्डवासियों की सुविधा और सहज आवागमन को ध्यान में रखते हुए इस सड़क निर्माण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि विकास के हर कदम के पीछे क्षेत्रवासियों का विश्वास, सहयोग और सहभागिता ही सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि भाटापारा के सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।नगर क्षेत्र में आवश्यकतानुसार बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए अन्य कार्य भी चरणबद्ध रूप से किए जा रहे हैं, जिससे भाटापारा शहर को और अधिक विकसित तथा सुविधायुक्त बनाया जा सके।

इस अवसर पर सभापति गोविन्द पटेल पार्षद उमाशंकर वर्मा, पार्षद भुवन ठाकुर, बब्बू मंधान दशरथ साहू कीर्तन जायसवाल मनीष पंजवानी, राकेश तिवारी, मनिंदर सिंह गुम्बर महाबल बघेल टिक्कू नायडू ,आयशा खान, श्रीमती अंजनी जायसवाल भागसिंह सलूजा, धनुष छाबड़ा मनमीत सलूजा संजय चौहान रवि वर्मा शुभम राजपूत हारून, मनोज कामरी, रोशन बंजारे बंशीलाल नेताम लालू मानिकपुरी हरमिंदर सलूजा सहित नगर के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे !!

# राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप हैदराबाद के लिए 3 खिलाड़ी चयनित

**महासमुंद।** 25वीं राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी महिला एवं पुरुष चैंपियनशिप का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में आयोजित किया गया। पुरुष वर्ग में जिले के खिलाड़ी कमलेश साहू ने इंडियन राउंड में सबसे ज्यादा 630 अंक बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका इंडियन राउंड में चांदनी साहू ने 628 अंक बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, बालिका कंपाउंड राउंड में नवलीन कौर ने 321 अंक बनाकर चौथा स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयनित हुए हैं। राष्ट्रीय तीरंदाजी

चैंपियनशिप का आयोजन हैदराबाद तेलंगाना में दिनांक 10 से 19 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया है, जिसमें जिले के 3 खिलाड़ी शामिल होंगे। इससे पहले भी नवलीन कौर, चांदनी साहू ने सीनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में भागीदारी किया है। एक बार फिर से अच्छे प्रदर्शन कर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के चयन होने पर खिलाड़ियों में हर्ष है।

राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी कर अच्छे प्रदर्शन करने के लिए भारतीय तीरंदाजी संघ उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन सचिव आयुष मुरारका, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज कुमार घृतलहरे, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पूर्णेन्द्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ बागबाहरा के अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, सोमनाथ साहू, प्राचार्य सेजेस बागबाहरा हीरा सिंह नायक, व्यायाम शिक्षक ऋषि कपूर साहू, हिरेन्द्र देवांगन, बसंत मांझी, डॉ. सुनील कुमार भोई, पिरीत साहू, संजय पैकरा, रिंकल बग्गा, रंजीत कौर, सोमनाथ साहू, संजय सोनवानी, बॉल आश्रम बिहाझर के खिलाड़ी नरेश साहू, जया साहू, सत्यभामा, पद्मा साहू एवं खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग के समस्त खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर लोकसभा यूनिटी मार्च की तैयारियां तेज

■ **नगरी रेस्ट हाउस में प्रभारी अधिकारियों की बैठक सम्पन्न**

**नगरी।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली लोकसभा युनिटी मार्च पदयात्रा को सफल बनाने हेतु आज नगरी रेस्ट हाउस में कार्यक्रम प्रभारीयों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमे यह पदयात्रा 18 नवंबर, मंगलवार को महामाई फरसिया से प्रारंभ होकर गोरेगांव, अमाली, संबलपुर, छिपली होते हुए नगरी के बजरंग चौक में संपन्न होगी।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, सुरक्षा और सहभागी वर्गों के समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमे जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल डागा, पार्षद राजा पवार, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, जनपद सदस्य शुभम यदू, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा, मंडल महामंत्री सुलोचना साहू, रूपेंद्र साहू, महामंत्री दीपक साहू, मीडिया प्रभारी मोहन पूजारी, मौर्यध्वज सेन, आमाली बूथ अध्यक्ष दीनदयाल सेन एवं युगल साहू एवं सभी पदाधिकारियों ने पदयात्रा को ऐतिहासिक और सफल बनाने हेतु संयुक्त रूप से तैयारी किया जा रहा है।

## भारतीय स्टेट बैंक की अव्यवस्था से व्यापारी और ग्राहक दोनों परेशान

# मुंगेली जिले में चिल्हर की संकट, एसबीआई की बैंकिंग सेवाएं बदहाल

**मुंगेली/नवप्रदेश।** जिले मे इन दिनों चिल्हर की समस्या विकराल होते जा रही है, पूर्व में पर्याप्त मात्रा में चिल्हर और करंसी उपलब्ध रहते थे, जिला बनने के पश्चात् जहां बैंको में उन्नति होनी थी, वहीं अवनति होने लगी है, वर्षो पुराने संचालित भारतीय स्टेट बैंक मे चेस्ट की व्यवस्था थी, जिला बनने के बाद चेस्ट वापस चला गया हैं, जिसके चलते ही चिल्हर की समस्या हो रही है बैंको में भी स्टॉफ की कमी एवं असुविधाओं के चलते ग्राहकों का मोह भंग हो रहा है। मुंगेली प्रारंभ से ही व्यापार का केंन्द्र माना गया है, व्यापार में बैंको की आम भुमिका होती है 1961 के पूर्व में नगर व्यापारियों को सुविधा दिलाने के उद्देश्य से यूनियन बैंक संचालित हो रही थी 1962 में देश के प्रमुख बैंको में से एक बैंक स्टेट बैंक की स्थापना की गई पूराना बस स्टैण्ड थाना के पास पूराने न्यायलय एवं पूराने जनपद के पास स्थित भवन में स्टैट बैंक संचालित हो रहा था आवश्यकताएं बढने पर इसे बडा बाजार रोड रामगोपाल तिवारी वार्ड में किराये के मकान में संचालित किया जा रहा है। जिला बनने के बाद 17 अन्य बैंक खुल जाने पर लीड स्टैट बैंक में ग्राहको की सुविधा नहीं होने, उचित रख रखाव के अभाव में असुरक्षित जगह पर संचालित हो रहे इस शाखा से अप्रत्याशित रूप से खाते दारों में कमी आई साथ ही कर्मचारियों के बेरूखी व्यवहार के चलते बडे व्यापारियों ने इस बैंक से अपना नाता तोड लिया। 1968 से इस बैंक में लगे चेस्ट पर भी इसका प्रभाव पडा और 2024 में इस शाखा से चेस्ट को हटा लिया गया। जिला बनने के बाद उन्नति होने के बजाए अवनति के ओर चला गया, बडे उद्योग विहीन इस जिला को व्यापार के बदौलत चलना पडता है। व्यापारियों को बैंक की सहोलियत नही मिलने के कारण असुविधाओं का सामना करना पडता है। ऑनलाईन सुविधा बढने के कारण सारे लेन-देन डिजिटल होने लगे है, जिससे स्टाफकी भी कमी होने लगी।

**बैंक की व्यवस्था-** करोडों का व्यवसाय करने वाले इस बैंक में व्यवस्था की कमी है, ग्राहकों को बैठने लाईन लगने एवं प्रसाधन एवं पार्किंग के लिए भटकना पडता है। ग्राहकों की सुविधा के लिए कोई भी व्यवस्था नजर नही आती है।

**स्टाफकी कमी-** वर्षो पूराने इस बैंक में स्टाफकी कमी हमेंशा नजर आती है, स्टाफ के बेरूखी पूर्ण व्यवहार एवं काउंटर कम होने का खामियाजा ग्राहको को भुगतना पडता है। उचित एवं संयमित व्यवहार नहीं होने के कारण ग्राहको को भारी असुविधा होती है।

**असुरक्षित जगह पर-** जिला बनने के पूर्व नगर के प्रमुख बैंको मे से एक भारतीय स्टेट बैंक करोडों का व्यवसाय करती थी, किंतु व्यापारियों को यह जगह रास नहीं आने के कारण बहुत से व्यापारियों ने अपने खाते दुसरे बैंको मे हस्तांतरित कर लिए। ज्ञात हो की पूर्व में इस बैंक मे लुट सहीत अन्य घटनाएं घटित हो चुकी है। जिसके चलते ग्राहक इस जगह पर असुरक्षित महसूस करते है, यह कारण है की बहुत से व्यापारियों ने अपने खाते दुसरे बैंक में हस्तांतरित करा लिए।

**बैंक से चेस्ट का चला जाना-** 1962 से संचालित इस बैंक में ग्राहको की सुविधा के लिए लॉकर्स के साथ-साथ बैंक में रोकड रखने के लिए चेस्ट की व्यवस्था की गई थी, चेस्ट में एक निश्चित रकम बैंक में रखे जाते थे, बैंको के निश्चित रकम के आधार पर नए नोट, सिक्के आदी मिलते थे, 2024 में चेस्ट के हटने के बाद बैंको में राशि नहीं रखी जाती, बिलासपूर से प्रतिदिन रकम लाना और ले जाना होता है। चेस्ट के हटने के बाद से व्यापारियों को नए नोट एवं चिल्लहरों के लिए परेशान होना पडता हैं चेस्ट के हट जाने से अन्य परेशानियां भी बढी है।

### ग्राहको को सुविधा नही

राज्य सरकार के प्रमुख बैंको मे से एक भारतीय स्टेट बैंक अपने ग्राहको को सुविधा प्रदान करने में फिसड्डी साबित हो रही है, ग्राहकों के वाहन रखने, ग्राहको के बैठने एवं पीने के पानी व्यवस्था भी समुचित नहीं है जिसके कारण ग्राहकों को परेशानियों से दो-चार होना पडता हैं। एक काम के लिए ग्राहकों को घंटो इंतेजार करना पडता है। बिना परेशानी मोल लिए यहां के ग्राहको का काम नही हो पाता।

### अन्य बैंको से सुविधा कम

भारतीय स्टेट बैंक जिले का सबसे पूराना बैंक है और जिला बनने के बाद 17 अन्य बैंक खुल जाने पर भी लीड बैंक में ग्राहको को सुविधा उचित ढंग से नहीं मिल पा रही है, पार्किंग न होने, उचित रख रखाव के अभाव में, एवं ग्राहकों के प्रति उचित व्यवहार न होने के कारण ग्राहकों अन्य बैंको में जाना पडता है।

## न्यूज गैलरी

### डीएफओ मनीष कश्यप Ne&us of Good अवॉर्ड से सम्मानित

**मनेन्द्रगढ़/एमसीबी।** जिले के डीएफओ मनीष कश्यप को एशिया के सबसे बड़े एवं 29 करोड़ वर्ष पुराने गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क को विकसित कर राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए दिल्ली में ÒNe&us of Good Foundation Awards 2025' से सम्मानित किया गया।

यह अवॉर्ड देशभर के सेवारत व सेवानिवृत्त IAS-IPS अधिकारियों द्वारा दिए जाते हैं। इस वर्ष आए 150 नवाचारों में से 26 को चुना गया, जिनमें मनीष कश्यप का कार्य विशेष रूप से सराहा गया।
यह लगातार दूसरा वर्ष है जब डीएफओ कश्यप को राष्ट्रीय स्तर का सम्मान मिला है। इससे पूर्व 2024 में उनके 'महुआ बचाओ अभियान' को भी राष्ट्रीय प्रशंसा मिल चुकी है।गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क में जीवाश्मों के साथ ग्रेनाइट चट्टानों पर 35 प्राचीन जीवों की मूर्तियां, कैक्टस गार्डन, आधुनिक इंटरप्रिटेशन सेंटर और हसदेव नदी में बोटिंग सुविधा विकसित की गई है। अप्रैल 2025 में उद्घाटन के बाद से यहां 13 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे हैं। यह स्थल अब सरगुजा संभाग का तेजी से उभरता नया पर्यटन केंद्र बन गया है और मनेंद्रगढ़ को राष्ट्रीय मानचित्र पर नई पहचान दिला रहा है।

## अनुपस्थित नोडल अधिकारियों पर कलेक्टर का एक्शनः एस्मा नोटिस और वेतन कटौती के निर्देश

# धान खरीदी की तैयारियों पर कलेक्टर सख्त, व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की

**मुंगेली/नवप्रदेश।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों के उद्देश्य से कलेक्टर कलेक्टर कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की बैठक जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में धान खरीदी से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं, बारदाना उपलब्धता, तौल-कांटा व्यवस्था, परिवहन सुविधा, गोदाम क्षमता, सुरक्षा प्रबंधन, आईटी-सुविधाएं, किसानों हेतु पेयजल एवं प्रतीक्षालय आदि व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने बैठक में अनुपस्थित 06 नोडल अधिकारियों को एस्मा के अंतर्गत नोटिस देने तथा एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। इनमें एसडीओ वन विभाग दशांश, रेंजर अमर सिंह ठाकुर, डिप्टी रेंजर प्रदीप कश्यप, क्षेत्र सहायक उमाशंकर यादव, सहायक संचालक रेशम घनश्याम धुर्वे, पर्यवेक्षक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भरतलाल कौशिक शामिल हैं। कलेक्टर कुमार ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। धान खरीदी कार्य के दौरान अनुपस्थिती या किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अनुपस्थिति पर संबंधित के खिलाफएस्मा के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विगत दिवस धान खरीदी पर आयोजित प्रशिक्षण में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की अनुपस्थिति पर गहरी नाराजगी जाहिर की और कृषि विभाग के उपसंचालक को एस्मा के अंतर्गत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रभारी सचिव के निरीक्षण के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने तथा सभी समितियों में धान खरीदी प्रक्रिया सुचारू एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर जीएल यादव, एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज, एसडीएम लोरमी अजीत पुजारी, एसडीएम पथरिया रेखा चंद्रा, खाद्य अधिकारी एचके डड़सेना, डीएमओ मनोज कुमार यादव, डीएमनान संदीप शर्मा सहित सभी समितियों के नोडल अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी-

### सहकारी कर्मचारियों पर लागू हुआ एस्मा

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू कर दिया गया है। धान खरीदी में व्यवधान एवं लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब कि शासन ने धान खरीदी में लगे सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल पर सख्त एक्शन लेते हुए एस्मा लागू कर दिया है। एस्मा के तहत बिना वारंट गिरफ्तार करने का प्रावधान है। शासन द्वारा इस संदर्भ में चेतावनी भी जारी की गई है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की पूरे धान खरीदने तक खरीदी कार्य में लगे सभी कर्मचारियों पर छत्तीसगढ़ आवश्यक सेवा संरक्षण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 लागू किया गया है।

## बढ़ती ठंड से मुंगेली में जनजीवन प्रभावित, गर्म कपड़ों और चाय-होटल में बढ़ी भीड़

**मुंगेली/नवप्रदेश।** शहर व क्षेत्र में मौसम के करवट बदलते ही लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ गया है जिसके चलते जन समान्य पर मौसम का व्यापक असर पड़ा है। लोग अब ठंड के कारण सुबह देरी से जाग रहे हैं वहीं लोगों की दिनचर्या पर भी इसका असर पड़ा है। एक ओर जहां बढ़ती ठंड के बाद शहर में विभिन्न कपड़ा बाजार तथा गर्म कपड़ों के बाजार में ग्राहकी का अंबार लगना शुरू हो गया है वहीं होटल चाय कैंटिन व ढाबों में भी लोग भारी तादात में गरम चाय, कॉफी, दुध लेने पहुंच रहे हैं। शहर के गर्म कपड़ों के बाजार में लुधियाना, पंजाब के गरम कपड़े धड़ल्ले से बिक रहे हैं खासकर जेंट्स स्वेटर, लेडिस स्वेटर, लेडिस जैकेट, जैट्स जैकेट, बच्चों का जैकेट तथा हुडी बड़ी तादात में लोग खरीद रहे हैं वहीं बाजार में शॉल, पार्टी वियर, हेयर वुलन स्वेटर, टोपा, मोजा, कंबल, चादर, मफलर, कंटोप सहित अन्य आयटमों की बंपर बिक्री होने से कपड़ा बाजार एक बार फिर दीपावली के बाद ठंड के कारण गरम हो गया है व लोग दूर-दूर से गरम कपड़ा खरीदने मार्केट पहुंच रहे हैं। गांव के लोग भी भारी तादाद में पहुंचे जिसके कारण बढ़ती ठंड के बीच ग्राहकी का बाजार गरम रहा। बाजार में दुकानदारों के पास टोपा मोजा की भी भारी बिक्री हुई। अच्छी ग्राहकी के चलते गरम कपड़ों के आयटम में 500 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक के महगें आयटम भी धड़ल्ले से बिकें।

# जनजाति गौरव दिवस धूमधाम से संपन्न मांदर की थाप पर झूमे मंत्री व जनप्रतिनिधि

**एमसीबी/मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश।** जनजाति गौरव दिवस पर मनेंद्रगढ़ के गोंडवाना भवन मैदान में भव्य आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय एकत्र हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बिरसा मुंडा व छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। मंत्री ने कहा कि जनजातीय परंपरा हमारी आत्मा और शक्ति है, इसे नई पीढ़ियों तक पहुंचाना होगा। उन्होंने घोषणा की कि मनेंद्रगढ़ में भगवान बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी और गोंडवाना भवन तिराहा का नाम बिरसा मुंडा चौक होगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात से वर्चुअल जुड़कर जिले के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल व आदिवासी छात्रावासों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के खिलाड़ियों, कलाकारों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। मांदर व पारंपरिक नृत्यों ने पूरे समारोह को संस्कृति और गर्व के रंग में रंग दिया। यह आयोजन जनजातीय अस्मिता, गौरव और विकास का सशक्त संदेश बनकर सामने आया।

## यातायात जागरूकता रथ का संचालन, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

**चिरमिरी/एमसीबी/नवप्रदेश।** थाना चिरमिरी के द्वारा 17 नवम्बर को यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके यातायात रथ को शहर के 40 वार्डों में भ्रमण कराया गया। रथ के माध्यम से नागरिकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, गति नियंत्रण व सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान नियम तोड़ने वालों पर भी कार्रवाई की गई। ओवरलोड पाए गए दो ट्रकों पर 46,000 रुपये का चालान किया गया। थाना प्रभारी विजय सिंह ने आम नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि सुरक्षित यातायात सभी की जिम्मेदारी है।

## पदमपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**मुंगेली/नवप्रदेश।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर लोगों को मधुमेह से बचने के लिए गुर बताकर उन्हें जागरूक किया गया। शिविर में 54 लोगों के स्वास्थ्य व मधुमेह की जांच की गई। 8 मरीज मधुमेह से पीड़ित पाये गये। जिनमें से एक मरीज उच्च रक्त शुगर 440 मिलीग्राम परडेसी लीटर पाया गया। जिन्हें ईलाज के लिए जिला अस्पताल मुंगेली रिफर किया गया। शेष 7 लोगो को निःशुल्क दवाईयां देकर मधुमेह से बचने के उपाय बताये गये। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बंजारा, सीमा पहारी, सुनीता मिरी, जलेश्वरी मिरी, मोनिका जांगड़े, सुधा त्रिवेणी, किशोर, रितेश मसीह, संतोष उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों ने किया खड़गवां थाना का शैक्षणिक भ्रमण

***गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध व ट्रैफिक नियमों की दी गई जानकारी**

**खड़गवां/एमसीबी/नवप्रदेश।** मिडिल एवं प्राइमरी स्कूल खड़गवां के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को थाना खड़गवां का शैक्षणिक भ्रमण किया। थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली, शिकायत दर्ज प्रक्रिया, कंट्रोल रूम संचालन और अपराध रोकथाम के उपायों के बारे में समझाया। इस दौरान बच्चों को गुड टच और बैड टच की विशेष जानकारी दी गई। अधिकारियों ने समझाया कि असहज महसूस होने पर तुरंत 'ना' कहें और माता-पिता, शिक्षक या पुलिस को बताएं।बच्चों को साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस ने ऑनलाइन गेम, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, फोटो दुरुपयोग और साइबर बुलिंग से बचने के तरीके बताए।साथ ही यातायात नियमों पर भी चर्चा हुई—सड़क पार करने की सावधानियां, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग, सड़क पर मोबाइल न चलाने जैसे महत्वपूर्ण नियम समझाए गए। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चे उत्साह से प्रश्न पूछते रहे। यह पहल बच्चों में सुरक्षा, कानून और जागरूकता की समझ विकसित करने की दिशा में सराहनीय प्रयास रहा।

## मुंगेली में पतंजलि योग समिति का प्रमाण पत्र वितरण समारोह, स्वामी परमार्थ देव हुए मुख्य अतिथि

**मुंगेली/नवप्रदेश।** स्वामी परमार्थ देव मुख्य केंद्रीय प्रभारी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार मुंगेली में पतंजलि योग समिति की कार्यकर्ता बैठक एवं सह योग शिक्षक प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

30 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रभारी स्वामी नरेंद्र देव के अतिरिक्त स्थानीय योग प्रशिक्षक विवेक केशरवानी एवं सुरेश खुसरो द्वारा ऑफ्लाइन प्रशिक्षण सूर्य नमस्कार, दंड बैठक, योगिंग जोगिंग, आसान, प्राणायाम, मेडिटेशन का प्रशिक्षण दिया गया। ऑनलाइन प्रशिक्षण सायंकालीन सत्र में रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर से विभिन्न मुख्य योग शिक्षकों द्वारा किया गया था। जिसमें श्रीराम शर्मा, निधि शर्मा, हेमलता द्वारा पंचकर्म, षट्कर्म, वेदों, आयुर्वेद, यज्ञ थेरेपी शामिल था। उक्त तीस दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के प्रमाण पत्र का वितरण हॉटल पुनीत के सभागार में किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रारंभ श्रीमती रीना सिंह के द्वारा स्वागत गीत के साथ किया गया। उसके पश्चात कुमारी राशि केशरवानी के द्वारा कथक नृत्य का बहुत ही शानदार प्रस्तुतीकरण किया गया। जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति विवेक केशरवानी के द्वारा केंद्रीय प्रभारी परमार्थ देव को वहां पर उपस्थित गणमान्य नागरिक योग साधक एवं सह योग शिक्षकों एवं मुंगेली पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के फाउंडर मेंबरों से स्वामी का परिचय कराया गया। साथ ही उनका फूल-माला के साथ अभिनंदन किया गया। स्वामी के साथ अतिथि के रूप में आए हुए छत्तीसगढ़ राज्य प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति जया मिश्रा एवं सह राज्य प्रभारी श्रीराम शर्मा, निधि शर्मा के उद्बोधन पश्चात स्वामी परमार्थ देव महाराज ने संकल्प कराया गया कि मुंगेली जिले में अधिक से अधिक संख्या में योग की कक्षा संचालित हो और योग को घर-घर तक पहुंचने के लिए आप सभी संकल्पित हो, स्वामी के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को तीन दिवस योग शिविर का संकल्प दिलाया गया और तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## कार्यक्रम

### 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्नी का फीता काटकर लोकार्पण किया

# पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कुन्नी में 47 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**लखनपुर/नवप्रदेश।** सरगुजा जिले के लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के सूदूर वनांचल ग्राम कुन्नी के लिए ऐतिहासिक रहा। क्षेत्रवासियों को लंबे समय से प्रतीक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित लगभग 47 करोड़ रुपये की लागत वाले सड़क, पुल तथा अन्य निर्माण कार्यों की बड़ी सौगात मिली।

कुन्नी स्कूल मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पारंपरिक स्वागत से हुई, जहां क्षेत्र की महिलाओं ने शैला, करमा और सुआ नृत्य प्रस्तुत कर मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया। इसके बाद मंत्री राजेश अग्रवाल ने विधायक प्रबोध मिंज की उपस्थिति में उन्नयन किए गए 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्नी का फीता काटकर लोकार्पण किया। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से अब आसपास के 17 से अधिक गांवों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विभिन्न निर्माण कार्यों की औपचारिक शुरुआत की। प्रमुख स्वीकृत कार्यों में – लिपिंगी-मुड़ापारा मार्ग पर रेड नदी में उच्च स्तरीय पुल, लागत 868.86 लाख अमगसी-कुन्नी मार्ग (13 किमी) का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण, लागत 2663.78 लाख महतारी सदन निर्माण (कुन्नी), लागत 30 लाख हाट-बाजार निर्माण (कुन्नी), लागत 56.65 लाख पोड़ी-जगन्नाथपुर मार्ग पर रेड नदी में उच्च स्तरीय पुल, लागत 1042.70 लाख सभा को संबोधित करते हुए मंत्री राजेश अग्रवाल और विधायक प्रबोध मिंज ने केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को गिनाया तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को इनका लाभ उठाने प्रेरित किया। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्री राजेश अग्रवाल और विधायक प्रबोध मिंज के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद अध्यक्ष शशिकला विक्रम सिंह, भाजपा पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## विज्ञान मेला में बेलबहरा विद्यालय की शानदार सफलता

**एमसीबी/बेलबहरा/नवप्रदेश।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के छात्रों ने राज्य स्तरीय विज्ञान मेला 2025-26 में लगातार तीसरी बार द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। यह प्रतियोगिता स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जशपुर में विकसित और आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित हुई। विद्यालय की टीम ने वैज्ञानिक मॉडल, प्रभावी प्रस्तुति और आकर्षक विज्ञान नाटिका से निर्णायकों को प्रभावित किया। विजयी टीम में राखी, मोहम्मद आतिफ, नंदिनी, एलिमा तिर्की, तनुज, सृष्टि रवि, रचित रजक व ललित राजवाड़े शामिल रहे। लौटने पर विद्यार्थियों व मार्गदर्शक शिक्षिकाओं सुनीता मिश्रा व सुनीता यादव का विद्यालय में स्वागत एवं सम्मान किया गया।

# मांगों को लेकर केवीके कर्मचारियों का पूरे प्रदेश में एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल

## इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन को दी निर्णायक चेतावनी, हड़ताल में वैज्ञानिक हुए शामिल

*बिलासपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत कार्यरत समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 17 नवम्बर 2 को छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र सर्व कर्मचारी कल्याण संघ तथा राष्ट्रीय संगठन 'फोरम ऑफ केवीके एंड एआईसीआरपी' के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर 'एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल' आयोजित की गई। यह निर्णय संघ द्वारा जारी विस्तृत घोषणा पत्र एवं वर्षों से लंबित वैधानिक सेवा-लाभों पर विश्वविद्यालय प्रशासन की पूर्ण उदासीनता के कारण लिया गया। संघ ने इसे 'कर्मचारियों के अस्तित्व, समानता और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का संघर्ष' बताया।*

संघ ने कहा कि बीते एक वर्ष में विश्वविद्यालय प्रशासन से बार-बार अनुरोध, ज्ञापन और विमर्श के बाद भी निम्न विषयों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। जीपीएफ/एनपीएस लाभों की बहाली रोकना, पूर्णकालिक नियुक्त कर्मचारियों को पूर्व में दिए जाने वाले जीपीएफ/एनपीएस लाभों को बिना किसी आदेश या प्रक्रिया के अचानक समाप्त कर दिया गया। यह सामाजिक सुरक्षा, सेवा नियम और संवैधानिक संरक्षणों का स्पष्ट उल्लंघन है। मेडिकल व अन्य वैधानिक भत्तों का बंद किया जाना, बिना सूचना–मेडिकल अलाउंस एवं आवश्यक भत्ते रोक दिए गए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को अत्यधिक कठिनाइयाँ हो रही हैं। ष्टस् एवं उच्च वेतनमान का बंद होना पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी तरह बाधित है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। द्वैध नीति– जिम्मेदारियाँ विश्वविद्यालय जैसी, लेकिन सेवा-सुविधाओं में कर्मचारियों को बाहर करना भेदभावपूर्ण एवं असंवैधानिक है। सेवा निवृत्ति आयु 60 वर्ष करना, आईजीकेवी विनियम तकनीकी स्टाफ के लिए 65 वर्ष, गैर-तकनीकी के लिए 62 वर्ष तय करते हैं, लेकिन केवीके कर्मचारियों के लिए मनमाने ढंग से 60 वर्ष कर दी गई। सेवानिवृत्ति उपरांत लाभों से वंचित करना, पेंशन, ग्रेच्युटी, पारिवारिक पेंशन–सभी रोक दिए गए, जो न्यायिक आदेशों तक का उल्लंघन है। उच्च शिक्षा के अवसरों को रोकना, पूर्व में उपलब्ध उच्च शिक्षा अनुमति को रोक दिया गया जो कर्मचारी अधिकार का हनन है। फोरम ऑफ केवीके एंड एआईसीआरपी द्वारा 11 नवम्बर 2025 को आईसीएआर को पत्र (एफके/2025/1575) भेजकर स्पष्ट घोषणा की गई की 17 नवम्बर को देशभर में एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल और 30 नवम्बर तक समाधान न मिलने पर 01 दिसम्बर से सभी नॉन-मेनटेंडेड एक्टिविटीज का राष्ट्रव्यापी बहिष्कार के साथ चरणबद्ध उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### हड़ताल का उद्देश्य वैधानिक सेवा अधिकारों की रक्षा करना: संघ

संघ ने स्पष्ट किया की हड़ताल पूर्णतः अनुशासित और मर्यादित रूप में आयोजित की गई है जिसका उद्देश्य केवल वैधानिक सेवा अधिकारों की रक्षा करना है। यदि कृषि विस्तार कार्यों में बाधा आती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासनिक उदासीनता की होगी। संघ की स्पष्ट चेतावनी दी है की 10 दिनों में पूर्ण वेतन प्रदाय, एनपीएस योगदान, सीएएस, मेडिकल भत्ता, सेवा नियमों के अनुरूप लाभ पर स्पष्ट निर्णय नहीं तो 28 नवम्बर 2025 को विश्वविद्यालय मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसके बाद नॉन-मेनटेडेड एक्टिविटीज का बहिष्कार और चरणबद्ध उग्र आंदोलन किया जाएगा। संघ ने कुलपति से अपेक्षा की तत्काल हस्तक्षेप कर विश्वविद्यालय प्रशासन को संवैधानिक, न्यायोचित एवं कर्मचारी हितैषी निर्णय लेने हेतु निर्देशित करें। यह केवल कर्मचारियों का मुद्दा नहीं किन्तु विश्वविद्यालय की विश्वसनीयता, कृषि विस्तार तंत्र की मजबूती और किसानों तक तकनीक पहुंचाने की निरंतरता का प्रश्न है।

---

■ न्यूज गैलरी

### हाइवा की टक्कर से स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** शहर में नो एंट्री में रेत से भरा हाईवा चालक ने बुजुर्ग को एक्सीडेंट कर दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हाईवा चालक ने गैर इरादत हत्या की नीयत से एक व्यक्ति को एक्सीडेंट कर दिया। गैर इरादत हत्या, नो एंट्री में भारी वाहन चलाना, बिना रायल्टी के रेत परिवहन के आरोपी चालक को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार 16 नवंबर के संध्या 6.45 बजे सूचना मिली कि पावर हाउस चौक तोरवा के पास एक हाईवा वाहन चालक के द्वारा तेज गति से हाईवा को चलाते हुये एक्सीडेंट कर दिया हैं। त्वरित मौके पर पर पेट्रोंलिग स्टाफ पहुंचा, पुराना पावर हाउस के पास मुख्य मार्ग पर दुर्घटना कारित हाईवा क्रमांक सीजी 10 बीपी 9348 खड़ा हुआ था हाईवा के चक्के के नीचे एक व्यक्ति स्कूटी सहित गिरा पड़ा था एक्सीडेंट से मौके पर ही मृत्यु हो गई थी स्कूटी पूरी तरह छतिग्रस्त हो गई हैं। रेत भरा हाईवा वाहन एवं चालक को थाना लाया गया। इस प्रकार आरोपी हाईवा वाहन चालक द्वारा यह जानते हुये नो एंट्री में भारी वाहन प्रवेश निषेध होना, हाईवा वाहन को गैर इरादतन हत्या के नीयत से हाईवा वाहन को नो एंट्री में चलाते हुए एक व्यक्ति को एक्सीडेंट कर मृत्युकारित कर दिया।

---

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिदबिदा में 38.20 लाख के विकास निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

# साय सरकार के नेतृत्व में हो रहा गांव-गांव का विकास: कौशिक

*बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा बिल्हा के ग्राम पंचायत बिदबिदा जिला मुंगेली मे 38.20 लाख रु से अधिक के विकास निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत 18.30 लाख रु में पंचायत भवन, 5 लाख रु की लागत से सामुदायिक भवन, 5.85 लाख रु की लागत से सी. सी रोड़ दो यूनिट, 4.05 लाख रु की लागत से पक्की नाली निर्माण, 5 लाख रु की लागत से शेड निर्माण कार्य शामिल है।*

इस मौके पर कौशिक ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसानों के साथ ही प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। साय सरकार का का संकल्प विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है। जिसके लिए प्रत्येक क्षेत्र में गांव-गांव का विकास आवश्यक है। देश हो या प्रदेश या गांव हो जहाँ भाजपा रहेगी विकास की गंगा बहते रहेगी। विधानसभा बिल्हा के प्रत्येक क्षेत्र में विकास का कार्य निरंतर चलता रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र शर्मा, जिला मुंगेली भाजपा महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर, सरपंच अनिल कुमार राजपूत, सरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष परमानन्द साहू, पथरिया जनपद उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, जिला पंचायत सदस्य अंबालिका साहू, जनपद सदस्य मनीष साहू, रिजवान हक़, सरगांव मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, सरगांव मंडल महामंत्री पंकज वर्मा व आसपास के कई ग्रामों के सरपंच एवं बहुत संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

### गरीब परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता

श्री कौशिक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में क्षेत्र के विकास के लिए राशि की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा जन-जन तक लाभ पहुंचाया जा रहा है और गरीब परिवारों को योजनाओं का लाभ देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। कहा कि भाजपा सरकार का संकल्प गांव-गरीब-किसान का विकास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास कार्य तेजी से जारी हैं। बिल्हा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में विकास की रफ्तार जारी रहेगी और डबल इंजन की सरकार में धन की कमी नहीं होगी।

---

## भारतीय संस्कृति की जड़ में समाज, संस्कार और राष्ट्रीय चेतना की शक्ति: मंत्री तोखन

■ **समाज और सद्भाव की ऊर्जा से परिपूर्ण गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए तोखन साहू**

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने हसौद (तहसील कार्यालय के पीछे) स्थित 251 कुण्डी महायज्ञ हेतु यज्ञशाला के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'भारत की संस्कृति में यज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज निर्माण, सामूहिक चेतना और लोककल्याण की सदियों पुरानी परंपरा है।' मंत्री श्री साहू ने बिलासपुर के नेहरू चौक से सूर्यवंशी समाज की विशाल पदयात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने पदयात्रा में सहभागिता कर समाज के पदाधिकारियों एवं नागरिकों से मुलाकात की। श्री साहू ने कहा कि सूर्यवंशी समाज राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक एकता, अनुशासन और जनसेवा में सदैव अग्रणी रहा है। उन्होंने पदयात्रा के माध्यम से संस्कृति और चेतना को मजबूत करने हेतु समाज के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से आवाहन किया कि सब मिलकर 'समृद्ध समाज और विकसित भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाएँ। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठजन तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

---

# सिम्स में कैंसर, जोड़ व नसों से जुड़े दर्द का आधुनिक तकनीक से उपचार

■ **सिम्स में आधुनिक दर्द निवारण पेन क्लीनिक शुरु**

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* सिम्स बिलासपुर के निश्चेतना विभाग में मरीजों की सुविधा के लिए आधुनिक 'दर्द निवारण पेन क्लीनिक की नियमित सेवाओं की शुरुआत कर दी गई है। पिछले वर्ष 16 अक्टूबर को विश्व निश्चेतना दिवस के अवसर पर इस क्लीनिक को प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया था। इस वर्ष से यह क्लीनिक नियमित रूप से मरीजों को राहत प्रदान कर रहा है। नए पेन क्लीनिक में कैंसर दर्द, जोड़ दर्द, नसों का दर्द, कमर एवं गर्दन दर्द, दुर्घटनाओं के बाद होने वाला तीव्र दर्द तथा पुराने स्थायी दर्द का वैज्ञानिक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उपचार आधुनिक तकनीक जैसे न्यूरोमोडूलेशन, गेंगलिन ब्लाक, उन्नत स्थानीय इंजेक्शन तकनीक, फ्लोरोस्कोपी एवं अल्ट्रासाउंड आधारित प्रक्रियाओं से किया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 32 मरीज नियमित रूप से इस क्लीनिक से लाभान्वित हो रहे हैं। निश्चेतना विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति ने बताया कि, 'यह क्लीनिक सिम्स में दर्द प्रबंधन सेवाओं को नई दिशा देगा। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा 'आधुनिक पेन क्लीनिक की शुरुआत संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे गंभीर और लंबे समय से दर्द से पीड़ित मरीजों को जिनका उपचार सामान्य दवाइयां से संभव नहीं होता आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ टीम की मदद से आप ऐसे दर्द का सटीक निदान और प्रभावी उपचार संभव है राहत मिलेगी।

### क्लीनिक में उपलब्ध सुविधाएं

फ्लोरोस्कोपी, डिफिब्रिलेटर, नर्व स्टिमुलेटर एवं इन्फ्यूजन पंप, अल्ट्रासाउंड आधारित दर्द निवारण तकनीक, फिजियोथेरेपी एवं साइकोसोमैटिक मूल्यांकन, जटिल दर्द प्रबंधन हेतु विशेषीकृत चिकित्सा टीम डॉ भावना रायजादा, डॉ श्वेता कुजूर, डॉ. मिल्टन, डॉ सुरभि बंजारे, डॉ यश तिवारी डॉक्टर प्रशांत पैकरा दो अर्पण मिश्रा का सहयोग उल्लेखनीय है। डॉक्टरों ने पौष्टिक भोजन, नियमित योग–व्यायाम, सही पोस्चर बनाए रखने और तनाव से दूर रहने की सलाह दी। गलत पोस्चर को कमर दर्द का प्रमुख कारण बताया गया।

---

### प्रतियोगियों को मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग, आवेदन 28 तक

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिले के एसटी, एससी एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, व्यापम तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। प्रतियोगियों को यह कोचिंग राजीव युवा उत्थान योजना के अंतर्गत प्रदान की जाएगी। इसके लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाए गए है। आवेदन की अंतिम तिथि 28 नवम्बर तक है। अभ्यर्थी अपना आवेदन पंजीकृत डाक से भेज सकते हैं या स्वयं उपस्थित होकर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में जमा कर सकते है।

---

## कोटा विधानसभा में 45 लोगों ने ली आजाद युवा संगठन की सदस्यता

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** आज़ाद युवा संगठन द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत कोटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत उमरिया (कुरदर) में पुनः अभियान चलाते हुए 21 लोंगो को संगठन की सदस्यता ग्रहण करवाई गई। संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी द्वारा बताया गया की विगत 10 अक्टूबर को सदस्यता अभियान चलाते हुए 24 लोंगो को संगठन की सदस्यता दिलवाई गई थी और आज दिनांक को पुनः अभियान चलाते हुए 21 लोंगो को सदस्यता ग्रहण करवाई गई इस प्रकार ग्राम पंचायत उमरिया में अब तक 45 लोंगो ने संगठन के जनहित विचारधारा से प्रभावित हो कर आज़ाद युवा संगठन का दामन थामा है श्री कुरैशी ने कहा की उमरिया पंचायत में सदस्यो की संख्या 100 से अधिक लोंगो की होने की सम्भावना है। इस अभियान में मुख्य रूप से संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी के अलावा चंद्रभान बैगा उपाध्यक्ष कोटा ब्लाक रामभरोस बैगा, अंजोर सिंह बैगा, भाऊ राम बैगा, धनसिंह बैगा, सुधार सिंह बैगा, छत्रपाल सिंह बैगा, तिरिथ राम बैगा, संत कुमार बैगा, जगदीश सिंह बैगा, कुमारी बाई बैगा, कुंवारी बाई बैगा, कुंती बाई बैगा, रामकुमारी बैगा, उर्मिला बाई बैगा, बुधवारा बाई बैगा, बुधवारिया बाई बैगा, राधा बाई बैगा, चेती बाई बैगा, मुरीत कुंवर बाई बैगा, तीज कुंवर बाई बैगा, फगनी बाई बैगा, तीजमती बाई बैगा आदि लोंगो ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

---

## सड़क पर सावधानी, संयम और संवेदनशीलता किसी भी दुर्घटना को टाल सकते हैं: स्वाति

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन, में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु 'विश्व यादगार दिवस' का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों के लिए विश्व यादगार दिवस प्रत्येक वर्ष नवंबर के तीसरे रविवार को मनाया जाता है। यह दिन उन सभी लोगों की स्मृति को समर्पित है जिन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाई या गंभीर रूप से घायल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मौन धारण और शांति-पाठ से हुई, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने दुर्घटनाओं में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बीके स्वाति दीदी ने कहा कि 'मात्र कुछ क्षणों के असावधान व्यवहार से एक पूरा परिवार जीवनभर के दुखों में डूब सकता है। सड़क पर सावधानी, संयम और संवेदनशीलता – ये तीन गुण किसी भी दुर्घटना को टाल सकते हैं।' उन्होंने आगे बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में हर वर्ष लगभग 1.3 मिलियन लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान खो देते हैं और कई गुना अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। भारत जैसे विशाल और गतिशील देश में सड़क सुरक्षा का महत्व और भी अधिक है। हर परिवार, हर संस्था और हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह यातायात नियमों का पालन कर अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

### सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

---

## छत्तीसगढ़ ने वन खेलों में लगातार 13वीं बार चैंपियन बनकर रचा इतिहास

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** देहरादून में हुई 28वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने 150 मेडल जीतकर लगातार 13वीं बार ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। टीम ने 74 स्वर्ण, 34 रजत और 42 कांस्य पदक हासिल किए। निखिल झाल्को व संगीता राजगोपालन सहित कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने ट्रॉफी प्रदान की।

---

**चुनाव** | पंचिंग हटाने सहित प्रमुख मांगों पर इसी महीने बड़ा फैसला, नई टीम ने दिया भरोसा, कर्मचारियों ने गुलाल, बाजे-गाजे और पटाखों के साथ मनाया जश्न

# एनटीपीसी सीपत में बीएमएस की प्रचंड जीत, त्याग-तपस्या की पहचान के साथ कर्मचारी हित का लहराया परचम

*सीपत/नवप्रदेश। एनटीपीसी में प्रतिनिधि यूनियन चुनाव में बीएमएस की धमाकेदार जीत एनटीपीसी सीपत में शनिवार को प्रतिनिधि यूनियन का बहुप्रतीक्षित चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। कुल 399 मतदानों में से 179 वोट हासिल कर बीएमएस ने निर्णायक बढ़त बनाई, जबकि इंटक को 160 और सीटू को 60 वोट मिले। इस तरह बीएमएस ने इंटक को 19 मतों से मात देकर परचम फहरा दिया।*

जीत की घोषणा होते ही एनटीपीसी प्लांट के बाहर बाजे-गाजे, गुलाल, पटाखों और नारों के बीच जबरदस्त उल्लास का माहौल छा गया। कार्यकर्ताओं ने 'बीएमएस की क्या पहचान त्याग, तपस्या और बलिदान' तथा 'देशहित में करेंगे काम' जैसे गगनभेदी नारे लगाकर जीत का जश्न मनाया। कार्यकारिणी अध्यक्ष अंकुरधर दीवान ने कहा कि यह जीत बीएमएस की नहीं, कर्मचारियों की जीत है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और कर्मचारियों के भरोसे ने यह परिणाम दिया है। हम इस भरोसे को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। जीत के बाद बीएमएस के मुख्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी जश्न में शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे जिसमें अध्यक्ष देवप्रताप टंडन, महामंत्री सुशील सूर्यवंशी, कार्यकारिणी अध्यक्ष अंकुरधर दीवान, प्रीतम सिंह राजपूत, संदीप शर्मा, चेलेंजर राठौर, सतीश गिरी, उमेश साहू उपस्थित थे।

### हमारा विजन साफ, सिर्फ कर्मचारियों का हित: टण्डन

बीएमएस अध्यक्ष देवप्रताप टंडन ने कहा कि कर्मचारियों ने हमारे प्रति जो विश्वास जताया है, वह ऐतिहासिक है। हमारा एक ही विज़न है—सिर्फ कर्मचारियों का हित। पिछली यूनियन कर्मचारियों की समस्याओं को हल करने में विफल रही, इसलिए साथियों ने इस बार हमें पूर्ण बहुमत से विजय दिलाई। इस विश्वास को हम काम से साबित करेंगे। महामंत्री सुशील सूर्यवंशी ने कहा कि कर्मचारियों के मान , सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा लड़ाई जारी रहेगी। 12 बिंदुओं की घोषणाओं को हम जल्दी पूरा करेंगे। दो-चार अहम मुद्दे इसी महीने निपटा दिए जाएंगे। सबसे पहले 'पंचिंग' जैसी विकराल समस्या को तत्काल हटवाने की दिशा में काम होगा। कर्मचारियों के एचआरए से जुड़े मुद्दों पर भी तेजी से कार्रवाई होगी।

## तेजस्वी यादव चुने गये विधायक दल के नेता, हार पर हुई चर्चा

**पटना (आईएएनएस)।** बिहार चुनाव में मिली करारी हार के बाद महागठबंधन में शामिल मुख्य घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की सोमवार को समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में चुनाव में मिली हार की समीक्षा की गई और यह माना गया कि पार्टी लोगों तक अपनी बातों को सही ढंग से पहुंचाने में असफल रही। बैठक के बाद राजद नेता संजीव कुमार ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि इस मीटिंग में तेजस्वी यादव को विधानमंडल दल का नेता चुना गया और सभी विधायकों ने इसका समर्थन किया। संजीव कुमार ने कहा कि यह परिणाम नहीं होना था। बिना किसी गड़बड़ी के ऐसा परिणाम नहीं आ सकता है। उन्होंने कहा कि कोर्ट जाने को लेकर भी योजना बनाई जा रही है। बैठक में फिर से संगठन के लिए जुटने का और संगठन को फिर से मजबूत करने का दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि यह चौंकाने वाला परिणाम है। इधर, राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि चुनाव परिणाम में गड़बड़ी हुई है। बैठक में इसे लेकर समीक्षा की गई। लोकतंत्र व्यापार नहीं हो सकता है। किसी को ऐसा अंदाजा नहीं था कि पार्टी की ऐसी हालत होगी। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को फिर से विधायक दल का नेता चुना गया। इस बैठक में राजद के नेता तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे।

### आत्मघाती हमलावर के साथ मिलकर इस आतंकी वारदात को अंजाम देने की साजिश रची

# आतंकी उमर के साथी आमिर को 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हुए एक बड़े आतंकी धमाके के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी उमर के साथी आमिर को पटियाला हाउस कोर्ट ने 10 दिनों की राष्ट्रीय जांच एजेंसी की कस्टडी में भेज दिया है। यह फैसला एनआईए द्वारा अदालत में पेश की गई दलीलों और मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। कड़ी सुरक्षा के बीच आमिर को कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई बंद कमरे में की गई। साथ ही सुनवाई के दौरान मीडिया को भी जाने की अनुमति नहीं दी गई। आरोपी को जिला जज अंजू बजाज चांदना की अदालत में पेश किया गया था।

एनआईए ने आतंकी उमर के दोस्त आमिर को किया था गिरफ्तार

दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए कार बम धमाके की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उस कश्मीरी निवासी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने आत्मघाती हमलावर के साथ मिलकर इस आतंकी वारदात को अंजाम देने की साजिश रची थी। इस हमले में 13 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी, जबकि करीब 32 अन्य घायल हुए थे।

#### नहीं हुआ बिलाल अहमद का पोस्टमार्टम

लाल किला के पास हुए धमाके में मारे गए बिलाल अहमद संगू का रविवार को भी पोस्टमार्टम नहीं हो सका। जम्मू एवं कश्मीर के गांदरबल के रहने वाले बिलाल के परिजनों ने एसएसपी के जरिए दिल्ली पुलिस से संपर्क कर रविवार को दिल्ली पहुंचने की बात की थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि परिवार दिल्ली नहीं आया। इस वजह से बिलाल के शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ। बता दें कि सामान छोड़कर लाल किला लौट रहे जुगाड़ू ई-रिक्शा बिलाल की इलाज के दौरान बृहस्पतिवार को मौत हो गई थी।

लाल किला के पास खुद को कार से उड़ाने वाले फिदायन आतंकी डॉ. उमर नबी के शव के कई टुकड़े मोर्चरी में रखे हैं।

#### इसी के नाम थी i20 कार

एनआईए के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अमीर रशीद अली उस कार का पंजीकृत मालिक है, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमलावर द्वारा धमाके में किया गया था। प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि आरोपी ने हमलावर के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार की थी। एजेंसी ने दिल्ली पुलिस से केस अपने हाथ में लेने के बाद आरोपी की तलाश के लिए व्यापक अभियान शुरू किया था। कई राज्यों में खोज अभियान चलाने के बाद आखिरकार अमीर रशीद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

## सीएम योगी 18 को अयोध्या में करेंगे समीक्षा बैठक

**अयोध्या (आईएएनएस)।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह के शिखर पर ध्वजारोहण का भव्य कार्यक्रम 25 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की पूरी संभावना है। कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मंगलवार को अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर परिसर का दौरा करेंगे और उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। वहीं पीएम के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण भी करेंगे। शिखर पर ध्वज फहराने के बाद मंदिर का मुख्य निर्माण कार्य पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगा।

## रूस से देश लाया गया भारतीय छात्र अजीत का शव

**जयपुर।** रूस में लापता हुए राजस्थान के अलवर जिले के 22 वर्षीय मेडिकल छात्र अजीत चौधरी का शव सोमवार सुबह उनके पैतृक गांव लाया गया। उनके गांव कफनवाड़ा में मातम पसरा रहा, जहां परिवार और ग्रामीण युवा छात्र को अंतिम विदाई देने के लिए जुटे। अजीत चौधरी रूस के उफा शहर के बश्किर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे थे। वे 19 अक्तूबर से लापता थे। करीब दो हफ्ते बाद, 6 नवंबर को उनका शव व्हाइट रिवर के पास एक बांध में मिला। छात्र के मौत की खबर मिलते ही परिवार पर मानो आसमान टूट पड़ा। परिजन भंवर सिंह ने बताया कि रूस में एक बार पोस्टमॉर्टम किया गया था। भारत पहुंचने के बाद सोमवार को अलवर के जिला अस्पताल में दोबारा पोस्टमॉर्टम किया गया। इसके बाद शव को गांव ले जाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया। परिवार ने बताया कि अजीत डॉक्टर बनकर घर की आर्थिक स्थिति सुधारना चाहता था। उसकी पढ़ाई के लिए परिवार ने अपनी कुछ खेती की जमीन तक बेच दी थी। गांव में लोग उसकी लगन और शांत स्वभाव की काफी तारीफ करते दिखे। भंवर सिंह ने कहा, 'उसकी मौत कैसे हुई यह अभी तक साफ नहीं है। कई बातें समझ में नहीं आ रही हैं। इसलिए मामले की गहराई से जांच जरूरी है।' अजीत की असमय मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। परिवार अब सरकार से इस घटना की विस्तृत जांच और न्याय की मांग कर रहा है।

### अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा ने इसे उत्पीड़न का मामला बताया

# रोहिणी आचार्य मामले में महिला आयोग की एंट्री

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। परिवार से उठकर यह विवाद अब राजनीतिक रूप लेता जा रहा है। विभिन्न दलों के नेताओं ने इसे अनुचित बताया है। इस बहाने लालू परिवार पर हमला बोला है।

इस बीच अब पारिवारिक विवाद पर राज्य महिला आयोग की नजर भी है। अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा ने इसे उत्पीड़न का मामला बताया है। उन्होंने कहा है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

#### रोहिणी का हुआ उत्पीड़न

मीडिया से बातचीत में अध्यक्ष ने कहा कि कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें रोहिणी आचार्य ने अन्याय की बात कही है। ऐसे में यह पारिवारिक विवाद के साथ उत्पीड़न का मामला है। रोहिणी कह रही हैं कि उनका मायका छूट गया, सच में किसी महिला का मायका छूटना बेहद दर्दनाक होता है। रोहिणी के चेहरे पर दर्द साफझलक रहा है। उनके पोस्ट, वीडियो सब जगह उनका दर्द दिख रहा है, लेकिन उनके परिवार को यह दर्द नहीं दिख रहा है।

#### बिहार की बेटी की आंखों में नहीं हों आंसू

आयोग की अध्यक्ष ने यह भी कहा कि इन हालात में उनके परिवार से किसी का वक्तव्य जरूर सामने आना चाहिए था, स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि यदि आने वाले समय में रोहिणी आचार्य कोई आवेदन करती हैं तो उसपर कार्रवाई की जाएगी। बिहार की बेटी की आंखों में आंसू नहीं होना चाहिए। फिलहाल स्वतः संज्ञान लेने की जरूरत नहीं है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

#### रोहिणी के साथ बदसलूकी पर भड़के तेज प्रताप

लालू यादव के अलग हुए बेटे तेज प्रताप यादव ने अपनी बहन रोहिणी आचार्य द्वारा परिवार पर लगाए गए सनसनीखेज आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। बिहार में हुए विधानसभा चुनावों में राजद की करारी हार के लिए जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद, आचार्य ने परिवार से नाता तोड़ लिया था। उन्होंने अपनी पोस्ट में बताया कि उनको मारने के लिए चप्पल भी उठाई गई। तेज प्रताप ने एक ऑनलाइन पोस्ट में अपने पिता लालू यादव द्वारा परिवार और पार्टी से निकाले जाने को याद करते हुए कहा कि मेरे साथ जो हुआ, मैंने उसे सहन कर लिया। लेकिन मेरी बहन का अपमान किसी भी परिस्थिति में असहनीय है।

## एनएमडीसी @68: भारत के अग्रणी लौह अयस्क उत्पादक के रूप में साढ़े छह दशकों से अधिक की उत्कृष्टता का उत्सव मनाया

**हैदराबाद।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने 15 नवंबर को अपने संचालन के 68 साल में प्रवेश करते हुए अपना स्थापना दिवस बड़े गर्व के साथ मनाया । इस अवसर पर सम्पूर्ण कंपनी में उत्कृष्ट योगदान करने के लिए संगठन के सर्वोच्च सम्मानजनक अवॉर्ड, सीएमडी उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए । इस आयोजन में एनएमडीसी की 1958 में स्थापित एकल-इकाई संचालन से लेकर भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक और खनन क्षेत्र में वैश्विक- स्तर की पहचान बनाने की उल्लेखनीय यात्रा को याद किया गया । कार्यक्रम में एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी के साथ वरिष्ठ नेतृत्व विश्वनाथ सुरेश, निदेशक (वाणिज्य), विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), जयदीप दासगुप्ता, निदेशक (उत्पादन), प्रियदर्शिनी, निदेशक (कार्मिक), स्वतंत्र निदेशकगण और पूर्व निदेशकगण तथा वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण और उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। सीएमडी उत्कृष्टता पुरस्कार अनेक श्रेणियों में प्रदान किए गए, जिनमें खनिज रत्न (व्यक्तिगत और समूह), एनएमडीसी रत्न (व्यक्तिगत और समूह), सर्वश्रेष्ठ विभाग-उत्पादन एवं बिक्री के लिए सीएमडी शील्ड, सर्वश्रेष्ठ विभाग-सपोर्ट के लिए सीएमडी शील्ड और सर्वश्रेष्ठ परियोजना और सर्वश्रेष्ठ परियोजना (वर्क्स) शामिल हैं। 2023 में स्थापित ये पुरस्कार पूरे संगठन में एनएमडीसी कर्मचारियों के असाधारण प्रयासों और उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करते हुए उनकी सराहना करत हें । एनएमडीसी परिवार को बधाई देते हुए, अमिताभ मुखर्जी ने कहाः एनएमडीसी एक ऐसी कंपनी है, जिसका इतिहास हमसे बहुत पुराना है तथा भविष्य हमसे कहीं अधिक लंबा है ।

#### 'कश्मीर का गुस्सा लाल किले पर दिखा'

**नई दिल्ली।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती द्वारा एक नया राजनीतिक विवाद छिड़ गया।भाजपा ने महबूबा मुफ्ती के इस बयान की आलोचना की है। मुफ्ती ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**
**सामान्य वन मंडल धरमजयगढ़**
**निविदा**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मण्डल धरमजयगढ़ के काष्ठागार धरमजयगढ़ में राजसात वाहन / शासकीय वाहन जहाँ है जिस स्थिति में है का दर्शित तिथि समय में अधोहस्ताक्षर कर्ता द्वारा निविदा किया जावेगाः
7. निविदा स्थान- काष्ठागार धरमजयगढ़
8. निविदा दिनांक- 16.12.2025
छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

अंतिम रूप से राजसात वाहन

| क्र. | स्थल का नाम जहाँ वाहन रखी गई है। | संख्या | वाहन के प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | वन परिक्षेत्र छाल | 02 | 04 चक्का |
| 2 | वन परिक्षेत्र छाल | 01 | 02 चक्का बैलगाडी |
| 3 | वन परिक्षेत्र छाल | 03 | 02 चक्का |
| 4 | निस्तार डिपो छाल | 02 | 04 चक्का |
| 5 | निस्तार डिपो धरमजयगढ़ | 01 | 02 चक्का बैलगाडी |
| 6 | वन परिक्षेत्र धरमजयगढ़ | 01 | 02 चक्का |
| 7 | काष्ठागार डिपो धरमजयगढ़ | 03 | 04 चक्का |
| 8 | वन परिक्षेत्र लैलूंगा | 10 | 04 चक्का |
| 9 | वन परिक्षेत्र बाकारूमा | 03 | 04 चक्का |
| 10 | वन परिक्षेत्र लैलूंगा | 01 | 10 चक्का ट्रक |
| 11 | वन परिक्षेत्र लैलूंगा | 04 | 2 चक्का |
| | योग : - | 31 | |

टीप:-
07. निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय से 15.12.2025 तक कार्यालयीन समय में रूपये 200/- नगद जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर वनमण्डल धरमजयगढ़ से विस्तृत फार्म प्राप्त कर सकते है। निविदा खोलने की तिथि अवकाश हो या अधोहस्ताक्षर कर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जावेगी।
08. प्रथम निविदा असफल होने पर द्वितीय निविदा तिथि 05.01.2026 समय दोपहर 03.00 बजे तक निर्धारित किया जाता है।

वनमण्डलाधिकारी
धरमजयगढ़ वनमण्डल
जी-252604816/1


### खेल-कारोबार

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की हार के बाद ऐसी है डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका

**नईदिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ कोलकाता में खेले गए टेस्ट को 30 रन से जीता। मैच के तीसरे दिन ही दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 93 रन पर ऑलआउट कर मैच अपने नाम कर लिया।

इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने 2 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। ऐसे में आइए कोलकात टेस्ट के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका पर एक नजर डालते हैं।दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उनकी पहली पारी 159 रन पर समाप्त हुई। जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट चटकाए। जवाब में भारत की पहली पारी 189 रन पर खत्म हुई। उसे 30 रन की बढ़त मिली। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में तेम्बा बावुमा ने 55 रन की पारी खेली। हालांकि, पूरी टीम 153 रन ही बना सकी। 124 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 93 का स्कोर ही बना पाई।भारतीय टीम ने इस चक्र में अब तक कुल 8 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 4 में जीत दर्ज की है और 3 में हार झेली है। इसके अलावा 1 टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारतीय टीम फिलहाल 54.17 प्रतिशत अंको के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। अंक तालिका में शीर्ष की टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम (100.00) है। उसने इस चक्र में 3 टेस्ट मैच खेले हैं और उसे सभी मुकाबलों में जीत मिली है। दक्षिण अफ्रीका ने इस चक्र में अब तक कुल 3 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 2 में जीत दर्ज की है और 1 में हार झेली है। टीम फिलहाल 66.67 प्रतिशत अंको के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

## साइबर अटैक से टाटा की इस कंपनी में घमासान

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की पैसेंजर व्हीकल कंपनी के निवेशकों के लिए सोमवार का दिन बेहद खराब साबित हुआ। कंपनी के शेयरों में 7 फीसदी से ज्यादा की ज़बरदस्त गिरावट देखने को मिली, जिससे निवेशकों में घबराहट फैल गई। खास बात यह है कि डिमर्जर के बाद टाटा ग्रुप की इस व्हीकल कंपनी में यह अब तक की सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट है। इस भारी बिकवाली के चलते कंपनी की वैल्यूएशन (बाजार पूंजी) को 10,476 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हुआ है। जानकारों के मुताबिक, कंपनी की लग्जरी कार विंग जगुआर लैंड रोवर पर हुए साइबर हमले की वजह से यह गिरावट आई है। साइबर हमले से एबिट मार्जिन घटाहाल ही में टीएमपीवी की ओर से अपने तिमाही नतीजे जारी किए गए थे।, जिसमें यह जानकारी दी गई कि कंपनी की लग्जरी कार कंपनी जगुआर लैंड रोवर पर हुए साइबर हमले से परफॉर्मेंस पर काफी असर पड़ा है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
ग्राम कांकेर तहसील कांकेर

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार शुक्ला पिता हर प्रसाद शुक्ला जाति ब्राम्हण निवासी मांझापारा कांकेर तहसील कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कांकेर तहसील कांकेर स्थित उनके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 16/32 रकबा 0.0450 हे. या 11 डिसमिल भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 28.11.2025 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)


## ग्लोब एंटरप्राइजिस लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के मजबूत परिणाम घोषित किए

**नई दिल्ली।** देश में कपड़ा, डेनिम और होम टेक्सटाइल के प्रमुख निर्माता ग्लोब एंटरप्राइजिस (इंडिया) लिमिटेड ने सितंबर-2025 में समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने इस अवधि में मजबूत परिचालन प्रदर्शन और निरंतर कारोबारी गति दर्ज की है। -वित्तीय हाइलाइट्स : (वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए) **आय** :कंपनी ने दूसरी तिमाही (सितंबर-2025) में 15,856.26 लाख की आय दर्ज की है, जो पिछली तिमाही (जून 2025) की ?14,844.87 लाख की तुलना में 6.81त्न की वृद्धि दर्शाती है।

**कर के बाद लाभ (PAT):** दूसरी तिमाही (सितंबर-2025) में PAT 446.38 लाख रहा, जो पिछली तिमाही (जून 2025) के 139.52 लाख की तुलना में 219.94% की मजबूत बढ़ोतरी दिखाता है। यह सुधार बेहतर मार्जिन और उच्च परिचालन दक्षता से संभव हुआ है। ग्लोब एंटरप्राइजिस (इंडिया) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भाविक परिख ने कहा कि तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के हमारे मजबूत वित्तीय परिणाम कंपनी की परिचालन दक्षता और बाजार विस्तार पर हमारे विशेष फोकस को दर्शाते हैं।

## न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज को 7 रन से हराया

**नईदिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने पहले वनडे मुकाबले में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 7 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 3 मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 270 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 50 ओवर में 262/6 रन का स्कोर ही बना पाई। ऐसे में आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डाल लेते हैं।

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कीवी टीम ने डेरिल मिचेल की शानदार शतकीय पारी (119) के दम पर 269/7 का स्कोर बनाया। डेवोन कॉनवे के बल्ले से 49 रन निकले।


**न्यायालय तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. अ-20 (4)/2024-25
ग्राम सक्ती, तहसील सक्ती, जिला सक्ती

**ईश्तहार**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा पत्र क्रमांक/पु.अ./सक्ती/एसी-1/एम-3117-ए/2025 दिनांक 09/09/2025 के माध्यम से सक्ती नगर पालिका अंतर्गत नगर नजूल बाजारापारा स्थित भूमि शीट नंबर 14 भूखण्ड क्रमांक 03 क्षेत्रफल 226173 वर्गफुट रिक्त सार्वजनिक भूमि में से 15260 वर्गफुट/ 0.35 एकड़ भूमि को पुलिस कंट्रोल रूम भवन एवं पुलिस (दूरसंचार) कार्यालय भवन निर्माण हेतु आबंटित किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदन की कार्यवाही हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 26/11/2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील
जी-252604828/2
तहसीलदार (नजूल)
जिला सक्ती (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर**
**जोन क्रमांक - 8**

**मैनुअल पद्धति से द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 36/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र. 8/2025 — रायपुर, दिनांक 17/11/2025

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 8 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/पंजीकृत किराया भण्डार/फर्मो से आयटम दर/पी.डब्ल्यू.डी.रोड/भवन एस.ओ.आर. 2015/पी.एच.ई. एस.ओ.आर. 2020 अद्यतन संशोधित दर पर त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक निर्धारित दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25/11/2025 दिन मंगलवार सायं 5.00 बजे तक। अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. दस्तावेज निरिक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 28/11/2025 दिन शुक्रवार
3. जोन आयुक्त, कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 8 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.) में त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02/12/2025 दिन मंगलवार सायः 5.30 तक।
4. प्राप्त समस्त पात्र निविदाएं दिनांक 05/12/2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों निर्धारित तिथि पर निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जावेगी कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि लाख में | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | समयावधि | एस.ओ.आर. | फार्म का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माधवराम सप्रे वार्ड क्र.-69 अंतर्गत सुन्दरम विहार देवांगन बाड़ी के पास नाली निर्माण कार्य। (सामान्य मद) | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | Class-D & above | 04 माह | P.W.D. S.O.R. 2015 | A |
| 2 | संत रविदास वार्ड सरोना के.पी.एस. विद्यालय के पास विश्वकर्मा समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण। (प्रभारी निधि) | 7.65 | 6000.00 | 750.00 | Class-D & above | 05 माह | P.W.D. S.O.R. 2015 | A |

**निविदा की शर्तें :-**
1. निविदा के दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जायेगा। 2. ई. पंजीयन प्रमाणपत्र (जीवित).
3. बैंक साल्वेंशी, 4. बैंक पासबुक की छायाप्रति। 5. GST प्रमाण पत्र एवं GST Retrun (3B) (विगत 3 माह) 6. आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) तथा 100 रु का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि के पश्चात् का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 7. निविदा जारी होने के पश्चात् से प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एफ.डी.आर. मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत होना आवश्यक है। तथा जो एफ.डी.आर. जीवित होना आवश्यक है। 8. त्री लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. टीपः- अन्य निविदा की शर्तें एवं जानकारियां कार्यालयीन समय व दिवस में कार्यालय जोन क्र. 8 में अवलोकन किया जा सकता है।
3. निविदा में किसी भी विवाद की स्थिति में सक्षम अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-08
नगर पालिक निगम, रायपुर

# ये कैसी स्वास्थ्य व्यवस्थाः एसीआई में अब एंजियोग्राफी व एंजियोप्लास्टी भी ठप

- बीते चार-पांच दिनों में बिना एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी के मरीज लौटाए
- सामग्री नहीं होने के कारण बायपास और ओपन हार्ट सर्जरी पहले से ही बंद है

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के दावों के बीच राजधानी रायपुर का एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआई) गंभीर संसाधन संकट से जूझ रहा है। अम्बेडकर अस्पताल के अंतर्गत संचालित एसीआई में पिछले दो महीनों से बायपास और ओपन हार्ट सर्जरी बंद हैं, और अब एंजियोग्राफी व एंजियोप्लास्टी भी ठप हो गई है। कारण–चिकित्सा सामग्रियों की सप्लाई बंद होना। सप्लायर फर्म का करीब 15 करोड़ रुपए बकाया है, जिसके चलते जरूरी हार्ट उपकरणों की आपूर्ति रोक दी गई है।

पिछले चार-पांच दिनों में बड़ी संख्या में हार्ट मरीज बिना एंजियोग्राफी-एंजियोप्लास्टी कराए लौट चुके हैं। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि आयुष्मान योजना के तहत भुगतान हो रहा है, लेकिन सप्लायर को बकाया नहीं मिलने से सामग्रियां आना बंद हैं। यहां तक कि मरीज यदि नगद भुगतान भी करें, तब भी सप्लाई नहीं दी जा रही, क्योंकि पुराना बकाया साफ नहीं हुआ है।

हार्ट के इलाज के लिए कैथेटर, टायगर वायर, स्टेंट और बैलून जैसी सामग्री उपलब्ध नहीं है। स्टेंट की कीमत 72,000 से 78,000 तक होती है और कई मरीजों को दो-तीन की आवश्यकता पड़ती है। इसके अभाव में एसीआई में दैनिक रूप से जारी होने वाली ओटी लिस्ट भी कैंसल करनी पड़ रही है।

इस बीच अस्पताल प्रबंधन ने सामग्री खरीद के लिए टेंडर जारी किया है और दावा किया है कि जल्द ही बायपास व ओपन हार्ट सर्जरी बहाल होंगी। तीन साल से अधूरा पड़ा नया ऑपरेशन थिएटर भी प्रशासनिक उदासीनता का शिकार है। स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को इस संबंध में अहम बैठक प्रस्तावित है।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि सप्लायर के भुगतान के लिए प्रक्रिया जारी है और उम्मीद है कि जल्द ही मरीजों को पुनः सभी सुविधाएँ मिलनी शुरू हो जाएँगी।

### 15 करोड़ रुपए का भुगतान अटका
- सप्लायर फर्म का भारी बकाया
- चिकित्सा सामग्री की सप्लाई बंद
- एंजियोग्राफी-एंजियोप्लास्टी रुक गई

### 60 दिनों से बंद बायपास–ओपन हार्ट सर्जरी
- सामग्री न होने से ऑपरेशन ठप
- पुरानी दर पर सप्लाई देने से फर्म का इंकार
- टेंडर प्रक्रिया जारी

### चार-पांच दिनों में कई मरीज लौटाए गए
- एंजियोग्राफी-एंजियोप्लास्टी के लिए O.T. लिस्ट बनी
- लेकिन सामग्री न होने से केस कैंसल
- इमरजेंसी मरीज भी परेशान

### 3 साल से अधूरा नया ओटी
- हार्ट ट्रांसप्लांट और बच्चों की सर्जरी के लिए बन रहा
- PWD ने सिविल वर्क पूरा किया
- CGMSC का मॉड्यूलर OT टेंडर–77.51 लाख का प्रावधान

## साइबर धोखाधड़ीः अमेरिका रिटर्न बुजुर्ग महिला से 80 लाख की ठगी

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** शहर के सनसिटी क्षेत्र में एक दिलचस्प और चिंताजनक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। यहां रहने वाली एक अमेरिका रिटर्न एनआरआई बुजुर्ग महिला को मनीलॉड्रिंग और डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर शातिर आरोपियों ने 80 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। यह मामला कोतवाली थाना में दर्ज हुआ है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पीड़ित महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि 7 नवबर को उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने महिला को मनीलॉड्रिंग के एक मामले में फंसने का डर दिखाया और उसे बताया कि अगर वह इस मामले को जल्द सुलझाना चाहती है, तो उसे जज के सामने मामले को दिखाना होगा। आरोपी ने महिला को यह लालच दिया कि अगर वह इस मामले को सुलझाती है, तो उसे रकम का 30 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। डर और लालच में फंसी महिला ने बिना सोचे-समझे आरोपी के बताए खातों में पहले 58 लाख रुपए और फिर बाद में 21 लाख रुपए आरटीजीएस कर दिए। इस तरह, महिला ने कुल मिलाकर 80 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली।

जब महिला बड़ी रकम आरटीजीएस करने बैंक पहुंची, तो बैंक अधिकारियों ने उसे इस ट्रांजैक्शन को रोकने की सलाह दी। हालांकि, महिला डर की वजह से बैंक अधिकारियों की चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए रकम ट्रांसफर कर दी। बाद में उसे समझ में आया कि वह एक धोखाधड़ी का शिकार हो चुकी है।

कोतवाली थाना के टीआई नंद किशोर गौतम ने बताया कि इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# अब कोच अटेंडेंट, संविदा कर्मियों का भी होगा वेरिफिकेशन

**रायपुर/नवप्रदेश।** सफर के दौरान सुविधाओं के साथ यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है। अब सभी कोच अटेंडेंट, संविदा कर्मचारियों का फिर से पुलिस वेरिफिकेशन करना होगा। साथ ही लंबित मामलों की पहचान करने और सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित करने व सत्यापन प्रक्रिया में तेजी लानी होगी। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल को इस सिलसिले में नोटिस जारी किया है। बोर्ड की ओर से जारी पत्र में साफ तौर पर कहा गया है कि ओबीएचएस, लिनेन और कोच अटेंडेंट जैसे सभी ऑनबोर्ड कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कार्य पूरा कर, सीएमएम पोर्टल पर डेटा अपडेट सुनिश्चित करें।

हाल ही में ही ट्रेन में पुलिस जवानों के साथ मारपीट का मामला सामने आया। इसके बाद बोर्ड की ओर से यह नोटिस जारी किया गया। वैसे भी किसी भी कर्मचारी का पहले से ही पुलिस वेरिफिकेशन कराना जरूरी है। लेकिन इस घटना के बाद फिर से सत्यापन करने को कहा गया है।

### 20 तक सीएमएम पोर्टल पर होगा अपडेट

ओबीएचएस, लिनेन और कोच अटेंडेंट जैसे सभी ऑनबोर्ड कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कर सत्यापन प्रक्रिया जल्दी करने के निर्देश दिए गए हैं और इसके डेटा को अपडेट कर सीएमएम पोर्टल पर 20 नवंबर तक संबंधित कार्यालय में सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करने कहा गया है। इसके साथ ही बीच में डेटा को अपडेट करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### क्राइम प्रवृत्ति के होने पर खतरा

ट्रेनों में संविदा पर कोच अटेंडेंट, बेड रोल वितरक और सफाई का काम करने वाले ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) कर्मियों को काम पर लगाया जाता है। अब पुलिस वेरिफिकेशन के बगैर इनको काम करने की अनुमति नहीं मिलेगी। ये हर समय हजारों यात्रियों के बीच में काम करते हैं। क्राइम प्रवृत्ति के कर्मचारी होने पर कभी भी यात्रियों के साथ बड़ी घटना होने का डर बना रहता है। इसलिए यात्रियों को सफर के दौरान सुविधाओं के साथ सुरक्षा प्रदान करने के लिए इसे अनिवार्य कर दिया गया है। जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## बिलासपुर से पेण्ड्रारोड तक 2000 करोड़ की लागत से बनेगी तीसरी रेल लाइन

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** एसईसीआर के बिलासपुर डिवीजन अंतर्गत कटनी सीआईसी सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी मुरवारा तक तीसरी लाइन का काम कम्पलीट कर दिया गया है, जिसके उपरांत अब बिलासपुर से पेण्ड्रारोड तीसरी लाइन का काम किया जाना है। इस कार्य के लिए रेलवे बोर्ड ने 2 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें लाइन के अलावा इलेट्रिफिकेशन व अन्य कार्य को शुरुआत जल्द ही की जाएगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी महत्वपूर्ण शहरों को रेल मार्ग द्वारा उत्तर भारत से जोड़ने वाली बिलासपुर-कटनी मार्ग पर तीसरी लाइन का कार्य क्षमता आवर्धन के दृष्टिगत किया गया। इसमें मध्यप्रदेश राज्य में रेल नेटवर्क को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनूपपुर से कटनी तीसरी लाइन परियोजना को 2311.02 करोड़ रुपए की लागत लगाकर 165.52 किलोमीटर का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में अब इस सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी तक तीसरी लाइन पूरी हो गई है। पिछले कई वर्षों से लाइन का निर्माण कार्य और स्टेशनों से जोड़ने की वजह से यात्री ट्रेनों को भी रद्द किया गया था। नई तीसरी रेल लाइन के बनने से यात्रियों के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध होगी। कटनी सेक्शन के बीच बनाई गई तीसरी लाइन के अलावा इलेक्ट्रिफिकेशन व अन्य कार्य किए गए हैं। 2311.02 करोड़ रुपए की लागत से 165.52 किलोमीटर तक बनाई गई तीसरी लाइन को 17 स्टेशन से जोड़ा गया है।

## शेयर मार्केट से रकम दोगुना करने का झांसा देकर आरक्षक से 15 लाख रुपए की ठगी

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** शहर की चिखली चौकी में पदस्थ आरक्षक को शेयर मार्केट में पैसा दोगुना करने का लालच देकर 15 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पीड़ित जवान की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरक्षक गोपाल प्रसाद देवांगन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका परिचित प्रकाश सिन्हा निवेश पर दोगुना मुनाफा दिलाने का झांसा देकर उनसे बड़ी रकम ले गया। दोनों के बीच पहले से जान-पहचान थी, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने विश्वास जीत लिया। 10 मई 2024 को आरोपी प्रकाश ने पीड़ित को पीटीएस राजनांदगांव स्थित अपने घर बुलाकर शेयर मार्केट में निवेश का प्रस्ताव दिया। उसने दावा किया कि रकम एक साल में दोगुनी होकर लौटेगी। इसके बाद पीड़ित ने भरोसा कर 17 मई को 5 लाख और 21 मई को 10 लाख रुपए एसबीआई खाते से आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित के अनुसार एक साल बीत जाने के बाद भी न तो कोई लाभ मिला और न ही मूल राशि वापस की गई। आरोपी ने कई महीनों तक संपर्क करने पर टालमटोल किया और बाद में फोन उठाना बंद कर दिया। पुलिस ने मामले में आईपीसी की धारा के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की लोकेशन और वित्तीय ट्रांजेक्शनों की जांच शुरू कर दी है।

# ठंड से बचने आग तापते समय झुलसकर दो महिलाओं की मौत

**रायपुर/सरगुजा/नवप्रदेश।** उत्तरी छत्तीसगढ़ में ठंड बढ़ने के साथ ही अलाव तापते समय झुलसकर मौत की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। सरगुजा के मैनपाट थाना क्षेत्र के सुपलगा में एक 65 वर्षीया वृद्धा चूल्हा में झुलस गई थी। अस्पताल के बजाए 14 दिनों तक उसे घर पर ही रखा गया। समुचित उपचार नहीं मिलने से हालत गंभीर हुई और मेडिकल कॉलेज में रहने के साथ ही उसकी मौत हो गई। इसी तरह दूसरी घटना सूरजपुर के ग्राम जोबगा में हुई, जहां 35 वर्षीय महिला की हीटर से आग तापते समय जलने से मौत हो गई।

### पहली घटना : चूल्हे में गिरकर झुलसी महिला

मिली जानकारी के अनुसार, 31 अक्टूबर को कमलेश्वरपुर के सुपलगा निवासी परमेश्वरी नायक पति नंदलाल नायक (65 वर्ष) पति-पत्नी दोनों घर के भीतर आग ताप रहे थे। थोड़ी देर बाद पति सोने चला गया। कुछ देर बाद जब परमेश्वरी भी सोने के लिए उठी, तो अचानक चूल्हे में गिर गई। चीखने पर पति की नींद खुली और उसने किसी प्रकार आग बुझाई। अस्पताल ले जाने के बजाय घर पर ही उसका इलाज करा रहा था। जंगली जड़ी-बूटी भी लगा रहा था, मगर उसकी हालत नहीं सुधर रही थी। 15 नवंबर को उसकी हालत और गंभीर हो गई, जिसके बाद उसे कमलेश्वरपुर चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से रेफर किए जाने पर मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### दूसरी घटना : पति लौटा तो पत्नी को पाया झुलसा

सूरजपुर जिले के दूरस्थ ग्राम जोबगा में भी आग तापने के दौरान एक महिला की मौत हुई। पुलिस के मुताबिक, जोबगा निवासी लीला बरवा पति रामदास (35 वर्ष) 14 नवंबर की रात आठ बजे घर में हीटर जलाकर ताप रही थी, जबकि पति गांव में ही धान बेचने गया हुआ था। पति जब देर रात वापस लौटा, तब उसे गंभीर रूप से झुलसा हुआ पाया। सूरजपुर चिकित्सालय से रेफर किए जाने पर उसे मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां 15 नवंबर की रात साढ़े 11 बजे उपचार के दौरान उसकी सांसें थम गई।

## किसानों को धान बेचने में अधिकारी करें मददः कलेक्टर

**रायपुर/नवप्रदेश।** 15 नवंबर से प्रदेशभर में धान खरीदी शुरू हो चुकी है। लेकिन पहले ही दिन शनिवार कई जगहों पर उपार्जन केंद्र ही नहीं खुले। स्थिति यह रही की कई समितियां एक दाना धान को भी तरसती रही। वहीं, अब उमीद है कि सोमवार से धान खरीदी में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

रायपुर जिले में धान खरीदी के लिए 139 उपार्जन केन्द्रों में पुता इंतजाम किए गए हैं। दावा है कि इन जगहों पर किसानों को बैठने के लिए विश्राम गृह, पीने के पानी एवं शौचालय सहित सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। इसको लेकर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रविवार को धान खरीदी केन्द्रों में लगाए गए, नोडल अधिकारी एवं समिति प्रबंधकों, पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी और पंचायत सचिव सेत अन्य की बैठक ली। उन्होंने कहा कि धान खरीदी को हम पर्व की तरह मनाएं। इस कार्य में योगदान देने वाले सारे अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से क्रियान्वित करें। प्रशासन द्वारा तकनीकी सहायता के लिए प्रशिक्षण वीडियो भी तैयार किया जा रहा है।

### कड़ी कार्रवाई के भी निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा एस्मा लागू किया गया है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनुशासनहीनता किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। और आगे भी ऐसी कार्रवाई की जाएगी। यह प्रयास करें कि केन्द्र में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की तकलीफ न हो। ताकि वे अच्छी तरह से धान विक्रय कर सकें।

## ट्रिपलआईटी में पीएचडी के लिए आवेदन शुरू

**रायपुर/नवप्रदेश।** ट्रिपलआईटी रायपुर में पीएचडी एडमिशन स्प्रीरिंग सेमेस्टर 2026 के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। प्रतिभागी 15 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। शार्टलिस्ट किए गए कैंडिडेट्स की लिस्ट 19 दिसंबर को जारी की जाएगी। पीएचडी में प्रवेश के लिए टेस्ट व इंटरव्यू का आयोजन 7 जनवरी 2026 को किया जाएगा। जिसके रिजल्ट 9 जनवरी को जारी किए जाएंगे। इसके बाद सलेक्टेड प्रतिभागियों को 19 जनवरी 2026 को रिपोर्टिंग करनी होगी। अधिक जानकारी के लिए ट्रिपलआईटी की वेबसाइट देख सकते हैं।

## आईआईएम में दो दिनी अंतरराष्ट्रीय केस कॉन्फ्रेंस

**रायपुर/नवप्रदेश।** आईआईएम में अंतरराष्ट्रीय केस कॉन्फ्रेंस का आयोजन 30 और 31 जनवरी 2026 को किया जाएगा। कार्यक्रम में उभरते और वैश्विक बाजारों में प्रबंधन प्रथाओं, नवाचार-उन्मुख शिक्षा और भविष्य के बिजनेस ट्रेंड्स पर चर्चा होगी। शोधकर्ता और छात्र 31 दिसंबर तक अपने मूल और अप्रकाशित केस स्टडीज जमा कर सकते हैं।

# राजनांदगांव–कोरबा में जल्द चलेगी सीएम ग्रामीण बस

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का जल्दी ही विस्तार होगा। नक्सल प्रभावित सरगुजा और बस्तर के बाद राजनांदगांव के साथ ही कोरबा जिले में इसे शुरू करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा दोनों स्थानीय आरटीओ और जिला प्रशासन से जानकारी मांगी है। उक्त जिलों में संचालित बस सेवा, सड़कों की स्थिति और कनेक्टिविटी का ब्योरा देने कहा गया है। बताया जाता है कि राजनांदगांव के नक्सल प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन सेवा की स्थिति को देखते हुए पिछले काफी समय से इसकी कवायद चल रही थी। 4 अक्टूबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना' का शुभारंभ किया था।

प्रथम चरण में बस्तर और सरगुजा संभाग में 34 बसें 11 जिलों के करीब 250 गांव को जोड़ा गया है। जल्दी ही 22 बसे दोनों ही संभागों में चलेगी। उक्त संभाग में कुल 100 बसों का संचालन किया जाना है।

### सड़कों के बाद बसों का संचालन

अपर परिवहन आयुक्त डी रविशंकर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के बाद बसों का संचालन शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है। यह महत्वाकांक्षी पहल उन गांवों तक बस सेवा पहुँचाने के लिए शुरू की गई है, जहां अब तक सार्वजनिक परिवहन की सुविधा नहीं है। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक निर्बाध बस कनेक्टिविटी स्थापित करना है। इससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और बाजार जैसी आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। सरकार ने इस योजना की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बस संचालकों को 'वायबिलिटी गैप फंडिंग' प्रदान करने का प्रावधान किया है।

### चाकू दिखाकर स्टूडेंट्स को लूटा

# महिला हिस्ट्रीशीटर ने इंस्पेक्टर बनकर डाली डकैती

**रायपुर/नवप्रदेश।** शहर में हिस्ट्रीशीटरों का आतंक कम नहीं हो रहा है। शहर में बेखौफ होकर गुंडागर्दी और वसूली कर रहे हैं। मर्डर कर चुकी एक महिला हिस्ट्रीशीटर ने इंस्पेक्टर बनकर अपने साथियों के साथ सेजबहार इलाके में डकैती डाली। एक फ्लैट में रहने वाले स्टूडेंट्स को बंधक बनाया। चाकू दिखाकर उनकी जमकर पिटाई की। इसके बाद नकदी व अन्य सामान लूट कर भाग निकले। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला हिस्ट्रीशीटर सहित चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। मामले में दो अन्य आरोपी फरार हैं।

पुलिस के मुताबिक अमलीडीह में रोशिता तिर्की अपनी छोटी बहन रिया के साथ रहती है। उनका कजिन भाई अटल कुमार भगत कमल विहार के कृष्णा हाइट्स में किराए के फ्लैट में रहते हैं। शनिवार-रविवार की रात अटल ने उन्हें फोन किया कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है। इसके बाद रोशिता और रिया अटल के लिए खाना लेकर कृष्णा हाइट्स पहुंचे। अटल को खाना देकर दोनों फ्लैट से नीचे उतरे।

लिफ्ट के पास महिला हिस्ट्रीशीटर पूजा सचदेव और तीन युवक खड़े थे। सभी नशे में थे। पूजा ने खुद को इंस्पेक्टर और युवकों को सिपाही बताते हुए रोशिता और रिया से पूछताछ करनी शुरू कर दी कि यहां क्यों आए थे। रोशिता ने अपने भाई के घर आने की जानकारी दी। इसके बाद सभी ने दोनों युवतियों को पकड़ लिया और मारपीट करते हुए अटल के फ्लैट में ले गए। वहां भी दोनों से मारपीट करने लगी। यह देखकर अटल, नवनीत कुजूर, आशीष तिर्की, अनुराग तिर्की, अंकुश खलको, रितिक लकरा, अनुकरण तिर्की आदि ने बचाने की कोशिश की, तो महिला हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों ने चाकू निकाल लिया। अटल के गले में चाकू टिकाकर शोर मचाने पर उसकी हत्या करने की धमकी देने लगे। इसके बाद दोनों युवतियों और युवकों को रस्सी से बांधकर कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उनकी पिटाई करने लगे। उनसे 2 लाख की मांग करने लगे। पैसे नहीं देने पर महिला हिस्ट्रीशीटर और उनके साथियों ने उनके एटीएम कार्ड, नकदी, मोबाइल, लैपटॉप, सिलेंडर व अन्य सामान लूट लिया। इसके बाद भाग निकले। पीड़ितों ने इसकी शिकायत मुजगहन थाने में की। पुलिस ने महिला हिस्ट्रीशीटर पूजा सचदेव, निखिल सचदेव और उसके चार अन्य साथियों के खिलाफ डकैती का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने पूजा सहित चार को हिरासत में लिया है।

### बेखौफ होकर कर रहे गुंडागर्दी

आरोपी पूजा और उसकी बहन मोनिका सचदेव, भाई निखिल सचदेव आदतन बदमाश हैं। तीनों हत्या के मामले में जेल में थे। कुछ माह पहले ही जमानत पर छूटे हैं। इसके बाद फिर से बेखौफ होकर गुंडागर्दी शुरू कर दी है। मोनिका को पिछले सप्ताह पीडब्ल्यूडी ऑफिस के चौकीदार पर जानलेवा हमला करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद आरोपियों की गुंडागर्दी कम नहीं हुई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर–सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक–चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक–विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com